जबलपुर
मंगलवार, 15 जुलाई 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## विशेष गहन पुनरीक्षण 2025

# क्या आप बिहार के मतदाता हैं?

## क्या आप अस्थाई रूप से राज्य से बाहर हैं?

**अगर आपके पास अभी मोबाइल फोन है, तो आप गणना प्रपत्र तुरंत भर सकते हैं।**




**ऑनलाइन गणना प्रपत्र आसानी से भरें।**

**कृपया QR Code Scan करें।**

https://voters.eci.gov.in/

1. "Fill Enumeration Form Online" बटन पर क्लिक करें।
2. मोबाइल नंबर या ईपिक के माध्यम से OTP का प्रयोग कर लॉगिन करें।
3. स्क्रीन पर दिखाई देने वाले फॉर्म में अपनी विवरणी जैसे नाम, जन्मतिथि एवं अन्य जानकारी भरें।
4. एक सादे सफेद कागज़ पर अपने हस्ताक्षर या बाएं हाथ के अंगूठे का निशान बनाएं एवं मोबाइल से उसकी स्पष्ट फोटो खींचकर अपलोड करें।
5. घोषणा (Declaration) पढ़ें और बॉक्स में टिक करें।
6. Preview में सभी जानकारी जांच लें, फिर "Submit Enumeration Form......" बटन पर क्लिक करें।
7. गणना प्रपत्र सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना SMS के माध्यम से मिल जाएगी।
8. उसके बाद, अपनी फोटो और दस्तावेज़ जमा करने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें।
9. आवश्यक दस्तावेजों की मोबाइल से फोटो लें और अपलोड करें।
10. आपकी फोटो और दस्तावेज़ भी सफलतापूर्वक जमा हो जाएंगे।

### ऑफलाइन माध्यम

अस्थायी रूप से स्थानांतरित (माइग्रेटेड) मौजूदा मतदाता वेबसाइट https://voters.eci.gov.in से पूर्व-भरा हुआ गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

ऐसे मतदाता गणना प्रपत्र को प्रिंट कर हस्ताक्षरित कर सकते हैं और 25 जुलाई 2025 से पहले अपने बीएलओ तक, अपने पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से या किसी भी ऑनलाइन माध्यम (जैसे व्हाट्सऐप आदि) द्वारा भेज सकते हैं, ताकि उनका नाम प्रारूप वोटर लिस्ट में सम्मिलित किया जा सके।

- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा देते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ERO) को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी।
- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी(ERO) द्वारा स्थानीय जाँच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा।
- 2003 की मतदाता सूची दिए गए लिंक https://voters.eci.gov.in/bh_2003_eroll पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए
हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार**

https://ceoelection.bihar.gov.in | Follow us on: BiharCEO CEOBihar Bihar_CEO | https://voters.eci.gov.in

CBC 52101/13/0003/2526

श्रावण के पहले सोमवार पर

# नूंह में कड़ी सुरक्षा के बीच बृज मंडल ने निकाली जलाभिषेक यात्रा

लगभग 80 किलोमीटर लंबी यह यात्रा गुरुग्राम से लगभग 50 किलोमीटर दूर नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झीर मंदिर गए। झीर मंदिर से होते हुए यह यात्रा सोमवार को सिंगार में ही समाप्त हो गई

एजेंसी ▶▶ नूंह

हरियाणा के नूंह में नल्हड़ महादेव मंदिर से सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा निकली। लगभग 80 किलोमीटर लंबी यह यात्रा गुरुग्राम से लगभग 50 किलोमीटर दूर नूंह स्थित नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुई जहां से श्रद्धालु फिरोजपुर झिरका स्थित झीर मंदिर गए। झीर मंदिर से होते हुए यह यात्रा सोमवार को सिंगार में ही हो गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की। ज़िले के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहे और इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहीं। जुलूस में शामिल होने वाले लोगों के लिए कई स्वागत द्वार बनाए गए थे और खाने-पीने के स्टॉल लगाए गए। यात्रा मार्ग पर 60 से अधिक विभिन्न स्थानों पर सभी धर्मों के लोग इस यात्रा का भव्य स्वागत किया। सभी समुदाए के लोगों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। देश के विभिन्न भागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा से संतों ने पहुंचकर इस यात्रा में भाग लिया।

**राजस्थान और पंजाब से भी श्रद्धालुओं ने यात्रा में भाग लिया**

इस साल सुरक्षा के लिए लगभग 2,500 पुलिसकर्मी तैनात रहे



### जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए

नूंह के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि दो साल पहले धार्मिक जुलूस के दौरान हुई झड़पों की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जिले में सुरक्षा कड़े इंतजाम किए गए। इस साल सुरक्षा के लिए लगभग 2,500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए थे, सभी जगहों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहे।

**डीजे पर रोक**

यात्रा के दौरान लाइसेंसी हथियार, आग्नेयास्त्र, तलवारें, लाठियां, त्रिशूल, छड़ें, चाकू और जंजीरों सहित सभी प्रकार के हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहा। केवल सिख समुदाय के सदस्यों द्वारा धार्मिक प्रतीक के रूप में धारण की जाने वाली कृपाण को ही इससे छूट दी गई। यात्रा के दौरान धार्मिक रूप से भड़काऊ या किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री वाले डीजे, लाउडस्पीकर या ध्वनि-वर्धक उपकरणों पर भी रोक लगाई गई।

### तावडू में मजार क्षतिग्रस्त

नूंह के तावडू कस्बे में बृज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले एक मजार को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात हुई तोड़फोड़ की इस घटना के जिम्मेदार लोगों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद, तावडू के सैनीपुरा मोहल्ले में स्थित मजार पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। नूंह के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि तावडू में मजार को हुए नुकसान के संबंध में प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कांवड़ियों की राह में बिखेरे गए कांच के टुकड़े पर भड़की सीएम

### बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी: रेखा गुप्ता



दिल्ली के शाहदरा में कांवड़ यात्रा मार्ग पर कांच के टुकड़े बिखरे पाए जाने के कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार कांवड़ियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगभग 400 मीटर तक कांच के टुकड़े बिखरे हुए पाए गए। किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी वरना संबंधित व्यक्ति को सरकार को जवाब देना होगा।

## खबर संक्षेप

### लॉरी, मिनी ट्रक पर पलटी, 9 की मौत



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में के रेड्डीचेरुवु के पास आम से लदी एक लॉरी के एक मिनी ट्रक पर पलट जाने से नौ लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। आम से लदे ट्रक पर 20 से ज्यादा लोग सवार थे। दुर्घटना रविवार देर रात हुई। जिले के एसपी वी विद्यासागर नायडू ने यह जानकारी दी।

### संध्या पहली महिला सरकारी ड्राइवर बनीं




**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मयूरभंज जिले की 45 वर्षीय संध्या रानी माझी राज्य में सरकारी वाहन चालक के रूप में नियुक्त होने वाली पहली महिला बन गई हैं। मयूरभंज के सुलेईपत गांव की रहने वाली संध्या ने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2011 में हल्का और 2023 में भारी मोटर वाहन लाइसेंस हासिल किया।

### कार-मोटरसाइकिल की टक्कर, 3 की मौत




**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर जिले में सड़क हादसे में दो नर्सिंग छात्र समेत तीन युवकों की मौत हो। यह हादसा रविवार देर रात करीब एक बजे जयपुर-जोधपुर बाईपास पर हुआ था। एक कार ने मोटरसाइकिल को सामने से टक्कर मार दी जिससे नर्सिंग छात्र खुमाराम (21) और इंद्र कुमार (21) तथा राहगीर अरविंद कुमार की मौत हो गई।

### पद्मनाभ मंदिर में पुलिसकर्मी से चली गोली



**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम के प्रसिद्ध श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर में सोमवार को उस वक्त एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल से गलती से गोली चल गई, जब वह उसकी सफाई कर रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

# नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित, अगली सुनवाई 29 को

मनी लांड्रिंग मामले में चल रहा केस

ईडी के अनुसार, कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए। इससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ने दलील दी कि गांधी परिवार का दावा गलत है कि उनका एजेएल पर कोई नियंत्रण नहीं था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को नेशनल हेराल्ड मनी लांड्रिंग मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने मामले में 29 जुलाई को फैसला सुनाने के लिए तारीख तय की है। इससे पहले बीती सुनवाई को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में कहा था कि कांग्रेस पार्टी को दान देने वालों के साथ धोखाधड़ी की गई। ईडी के अनुसार, कांग्रेस को दान देने वालों में से कुछ लोगों को पार्टी टिकट भी दिए गए। इससे यह साफ होता है कि दानदाताओं के साथ छल हुआ है।

ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दलील दी कि गांधी परिवार का दावा गलत है कि उनका एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर कोई नियंत्रण नहीं था। उन्होंने कहा कि एजेएल ही नेशनल हेराल्ड का मूल प्रकाशक है और इसे गांधी परिवार नियंत्रित करता रहा है। ईडी ने गांधी परिवार और अन्य लोगों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा तीन (मनी लांड्रिंग ) और धारा चार (मनी लांड्रिंग की सजा) के तहत चार्जशीट दाखिल की है। इस केस में सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड भी आरोपी हैं।

### सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी पर भी लटक रही तलवार

यंग इंडियन और डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड भी आरोपी



**कोई धोखाधड़ी नहीं की: मनु संघवी**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में अपनी दलीलें पूरी की थीं। उन्होंने भी कहा कि इस मामले में कोई धोखाधड़ी नहीं हुई है और पूरी प्रक्रिया कानूनी ढंग से हुई थी। वहीं, इससे पहले तीन जुलाई को ईडी की ओर से कहा गया था कि गांधी परिवार यंग इंडियन के असली मालिक हैं और कंपनी पर पूरा नियंत्रण उन्हीं का है।

### 2000 करोड़ की संपत्ति पर कब्जा

इस केस में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेसी नेता मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडिस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और प्राइवेट कंपनी यंग इंडियन पर साजिश और मनी लांड्रिंग का आरोप लगाया है। ईडी का दावा है कि यंग इंडियन कंपनी ने धोखाधड़ी से एजेएल की करीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति पर कब्जा किया। ईडी का कहना है कि राहुल और सोनिया गांधी की यंग इंडियन में 76 फीसदी हिस्सेदारी है। इसी हिस्सेदारी के जरिए उन्होंने एजेएल की संपत्तियों पर नियंत्रण पाया। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सिर्फ 90 करोड़ रुपये के कर्ज के बदले में इतनी बड़ी संपत्ति यंग इंडियन के कब्जे में आ गई, जो मनी लांड्रिंग कानून का उल्लंघन है।

ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

## संजय भंडारी से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में की पूछताछ



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को ईडी के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। रॉबर्ट वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।

### तीन मामलों में पूछताछ कर रही

केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे। हाल ही में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। इससे पहले पिछले महीने वे ईडी की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी पेशी के लिए नहीं आए थे।

वैवाहिक मामलों पर 'सुप्रीम' टिप्पणी

# पति व पत्नी के चर्चा की गुप्त रिकॉर्डिंग बतौर साक्ष्य स्वीकार्य



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वैवाहिक मामलों को लेकर अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में पति-पत्नी की बातचीत की गुप्त रिकॉर्डिंग को बतौर साक्ष्य कोर्ट में स्वीकार्य किया जा सकता है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि विवाह मजबूत नहीं चल रहा है। इसलिए रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि पति-पत्नी के बीच गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है और इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता। पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखा और कहा कि वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत पर ध्यान दिया जा सकता है।

### मामूली विवाद से खतरे में हिंदू विवाह

**मुंबई।** आधुनिकता की चकाचौंध में बिखर रहे रिश्तों को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक युवक और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि छोटी-छोटी बात पर हो रहे विवादों के चलते पवित्र माना जाने वाला हिंदू विवाह खतरे में पड़ रहा है। न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति एमएम नेर्लिकर की नागपुर पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में अगर पुनर्मिलन संभव नहीं है, तो इसे तत्काल समाप्त कर दिया जाना चाहिए। ताकि दोनों पक्षों का जीवन बर्बाद न हो। अगर पक्षकार आपसी मतभेदों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाना चाहते हैं और शांतिपूर्वक रहना चाहते हैं, तो अदालत का यह कर्तव्य बनता है कि वह उन्हें प्रोत्साहित करे। कोर्ट ने कहा कि विवाह एक आध्यात्मिक मिलन है जो दो आत्माओं को एक साथ बांधता है।

### हिमाचल पुलिस भर्ती: सीबीआई जांच की मांग

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती एक बार फिर विवादों में घिर गई है। अभ्यर्थियों ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट से सीबीआई जांच की मांग की है। आरोप है कि पुलिस कांस्टेबल परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र 4-4 लाख रुपए में बेचे गए, जिससे पूरी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी पुलिस भर्ती में गड़बड़ी के आरोप लगे थे और प्रश्न पत्र लीक होने और धांधली के मामले सामने आए थे। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित धांधली मामले में प्रदेश सरकार, लोक सेवा आयोग और सीबीआई को नोटिस जारी किया है।

ओवैसी का 'इंडिया' ब्लॉक पर हमला

# बोले- एकतरफा मोहब्बत संभव नहीं, हम पर लगे आरोप झूठे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इंडिया ब्लॉक को लेकर कहा कि एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती है। बिहार की जनता को यह समझना चाहिए कि हमारे खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे, वे झूठ पर आधारित थे। ये आरोप इसलिए लगाए गए, क्योंकि वे नहीं चाहते कि गरीबों और कमजोर वर्गों का कोई नेता उनकी राजनीतिक अगुवाई करे।

### एसआईआर है 'बैक डोर एनआरसी'

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर ओवैसी ने कहा, चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार गृह मंत्रालय और सीमा क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक के पास है। जब अधिकार ही नहीं है, तो वह ऐसा कर क्यों रहा है? यह 'पीछे वाले दरवाजे से एनआरसी' है। बिहार में नवंबर में चुनाव हैं। वे सीमांचल के लोगों को कमजोर क्यों करना चाहते हैं?

रिव्यू कमेटी में मंत्री चंद्रशेखर बोले

# विकसित गांव से ही पूरा होगा 'विकसित भारत' का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गांव को 'विकसित गांव' में बदलना होगा। परफॉर्मेंस रिव्यू कमेटी की पहली बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के मकान में रहता हो, गांव गुणवत्तापूर्ण सड़कों से जुड़ा हो, प्रत्येक युवा के पास रोजगार हो।

### 36 करोड़ से अधिक जॉब कार्ड जारी

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीण बेरोजगारी और मजबूरी में माइग्रेशन के विरुद्ध एक सशक्त हथियार बन गई है। 90,000 से लेकर 1,00,000 करोड़ के वार्षिक निवेश के साथ, यह योजना सालाना 250 करोड़ से अधिक मानव-दिवस रोजगार सृजित करती है, जिसमें 36 करोड़ से अधिक जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, 15 करोड़ सक्रिय श्रमिक हैं।

## धूमधाम से मनाया बोनालु जतारा उत्सव



**सिकंदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद में बोनालु जतारा उत्सव के दौरान श्रद्धालु एक जुलूस में भाग लेते हुए। बोनालु जतारा उत्सव, जिसे बोनालू भी कहा जाता है, एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो देवी महाकाली को समर्पित है। यह त्योहार देवी को मन्नतें पूरी होने के बाद धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है। 'बोनालु' शब्द का अर्थ तेलुगु में भोजन है, जो देवी को अर्पित किया जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर देवी को 'बोनालु' नामक विशेष प्रसाद अर्पित किया।

*डिप्टी सीएम की फिर सत्ता पर नजर*

# भाजपा बोली- कर्नाटक में चल रही हॉर्स ट्रेडिंग, घोड़े बिकने को तैयार, खरीददार भी रेडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में सीएम पद के लिए सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थकों के बीच जोर-आजमाइश का दौर जारी है। डीके शिवकुमार के समर्थक विधायकों का कहना है कि अब समय एकदम सही है, जब उनके नेता को ही सीएम का पद दिया जाए। मांड्या के विधायक रवि कुमार गौड़ा ने भी अब यह मसला उठा दिया है और उनका कहना है कि डीके शिवकुमार को अब और इंतजार नहीं कराया जा सकता। इस बीच भाजपा ने भी तंज कसा है और उसका कहना है कि कर्नाटक में कांग्रेसी आपस में ही बिकने को तैयार हैं। भाजपा ने कहा कि कांग्रेसी घोड़े बिकने को तैयार हैं। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच हॉर्स ट्रेडिंग जारी है।

### कांग्रेस की लीडरशिप कमजोर



जोशी ने कहा कि डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया दोनों ही हॉर्स ट्रेडिंग में बिजी हैं। सिद्धारमैया ज्यादा विधायकों के समर्थन का दावा कर रहे हैं। वह पैसे और पावर के दम पर लोगों को अपने पक्ष में करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल घोड़े बाजार में बिकने के लिए तैयार हैं। खरीददार भी रेडी हैं।

**गडकरी ने पुल का उद्घाटन किया, सीएम ने बनाई दूरी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोगा में देश के दूसरे सबसे लंबे केबल-आधारित सिगंदूर पुल का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने विरोध स्वरूप बहिष्कार किया और दावा किया कि उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था।

हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों में भारी बारिश, आज के लिए 'ऑरेंज अलर्ट'


# 200 से अधिक सड़कें बंद, बिजली और जल आपूर्ति प्रभावित

### 20 जून से 13 जुलाई तक 98 लोगों की मौत हुई

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों कांगड़ा, मंडी और सिरमौर के कुछ इलाकों में सोमवार को अत्यधिक भारी बारिश का हुई। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए शिमला, सोलन तथा सिरमौर में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना को लेकर 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आगामी शुक्रवार तक 12 में से कुछ जिलों में भारी बारिश का 'यलो अलर्ट' भी जारी किया है।

*राज्य में 31 बार बाढ़ आई, 22 बार बादल फटे*



मंडी जिले के थुआंग में बारिश से प्रभावित घर और सड़क

### अब तक 770 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, आपदा प्रभावित मंडी जिले की 157 सड़कों सहित कुल 208 सड़कें बारिश के कारण वाहनों के आवागमन के लिए बंद हैं। 745 जलापूर्ति योजनाएं और 139 बिजली वितरण ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं। प्रदेश को 770 करोड़ रुपए से ज़्यादा का नुकसान हो चुका है। 20 जून को मानसून की शुरुआत से लेकर 13 जुलाई तक, 98 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 178 घायल हुए हैं और 34 लापता हैं। राज्य में 31 बार बाढ़, 22 बार बादल फटने और 18 बार भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं।

## ओडिशा के 19 जिलों में भारी बारिश

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के 30 में से 19 जिलों में भारी वर्षा हुई। ओडिशा के तीन जिलों मयूरभंज, क्योंझर और सुंदरगढ़ में अत्यंत भारी वर्षा (20 सेंटीमीटर से अधिक) हुई। पांच जिलों ढेंकानाल, जाजपुर, केंद्रापड़ा, भद्रक और बालासोर में बहुत भारी वर्षा (12 से 20 सेंटीमीटर) हुई है। 11 अन्य जिलों में भारी वर्षा (7 सेमी से 11 सेमी तक) हुई। उत्तरी ओडिशा में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से निम्न दबाव वाली तूफानी हवाएं चलीं।

### आंध्र प्रदेश में तेज हवाओं के साथ बारिश

आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश (एनसीएपी), यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश (एससीएपी) और रायलसीमा के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ वर्षा हुई और अलग-अलग स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। मौसम विभाग ने 18 जुलाई से तीन दिनों तक एससीएपी में और 18 जुलाई से दो दिनों तक रायलसीमा में भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

जबलपुर
मंगलवार, 15 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-5
वर्ष : 20 अंक : 76
पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 22

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

रेल मंत्रालय का बड़ा फैसला

## ट्रेन के सभी डिब्बे और इंजनों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने सभी यात्री कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया है। इसका ऐलान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया है। उन्होंने कहा कि यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए भारतीय रेलवे के सभी 74,000 डिब्बों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उत्तर रेलवे में प्रायोगिक तौर पर लगाए गए।

उत्तर रेलवे में प्रायोगिक तौर पर सीसीटीवी कैमरों लगाए थे, समीक्षा के बाद फैसला

### ट्रेन में सीसीटीवी लगाने के फायदे

बता दें कि भारतीय रेलवे दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में से एक है। भारतीय रेलवे प्रतिदिन औसतन 13,000 से अधिक यात्री ट्रेनें संचालित करता है, जिसमें मेल/एक्सप्रेस, पैसेंजर और रेलवे से प्रतिदिन लगभग 2.4 करोड़ यात्री सफर करते हैं।




### आज दोपहर 3 बजे अंतरिक्ष से धरती पर उतरेगा भारत का 'लाल'

# 'शुभ मंगल' की बेला पर आज शुभांशु का 'शुभागमन'

एजेंसी ▸▸ फ्लोरिडा

आज भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए 'शुभ मंगल' होने वाला है। भारत का लाल शुभांशु शुक्ला अपनी अंतरिक्ष की 18 दिनी यात्रा पूरी करके मंगलवार को धरती पर लौट रहा है। उनके शुभागमन पर हर एक भारतीय में उत्साह है। जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर बिताए, अब उनके धरती पर वापसी की यात्रा शुरू हो गई हैं। एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही है। इस कड़ी में आईएसएस से उनका स्पेसक्राफ्ट अनडॉक हो चुका हुआ है। यह मिशन भारत समेत हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है।

| धरती पर आने में लगने वाला समय | कितने बजे उतरेंगे | किस जगह पर उतरेंगे |
|---|---|---|
| 22 घंटे 25 मिनट | आज दोपहर 3.1 बजे | कैलिफोर्निया के तट पर |





### धरती पर लौटने के बाद होगा रिहैब फेज

स्पेस से लौटने के बाद शुक्ला और उनकी टीम को सात दिनों तक पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में ढलने के लिए पुनर्वास (रिहैबिलेशन) प्रक्रिया से गुजरना होगा। वजनहीन वातावरण में रहने के बाद शरीर को फिर से सामान्य स्थिति में लाने के लिए यह जरूरी है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप


### दो राज्यों में नए राज्यपाल लद्दाख में एलजी नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा और गोवा में नए राज्यपाल की नियुक्ति की है। वहीं लद्दाख को अपना नया एलजी मिला। हरियाणा के नए राज्यपाल के रूप में असीम कुमार घोष, वहीं गोवा में अशोक गजपति और लद्दाख में कविंदर गुप्ता को एलजी नियुक्त किया है।




### साइना ने की पारुपल्ली से अलग होने की घोषणा

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल और उनके पति पारुपल्ली कश्यप अब शादी के बंधन से अलग हो रहे हैं। साइना ने जानकारी दी है कि उन्होंने आपसी सहमति से पारुपल्ली से अलग होने का फैसला किया है। साइना नेहवाल ने इस फैसले को लेकर इंस्टाग्राम पर जानकारी दी।



### बोरवेल में दूसरी नाबालिग बच्ची का भी शव मिला

**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र के हिलौंधा गांव में खुले बोरवेल में दो बच्चियों की हुई मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। दोनों नाबालिग लड़कियों, सोमवती 16 वर्ष और दुर्गा 13 वर्ष सहेली थीं। खेत में बोरवेल सोमवती का शव बरामद किया था। रात को दुर्गा का शव भी बरामद किया गया।



मप्र विस में 7 विधानसभाओं के अध्यक्षों की बैठक

## विधानसभा के सुझावों पर लेना होगा एक्शन... बढ़ने जा रहे अधिकार



### लोकतांत्रिक प्रणाली में संसद एवं विधानसभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

विधानसभा सचिवालय के सभागार में सोमवार को सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा की विभिन्न समितियों की कार्य प्रणाली, नवाचार, आने वाली कठिनाइयों, सरकार के साथ तालमेल आदि मुद्दों पर गहन मंथन हुआ है। विधानसभा की समितियों द्वारा दिए जाने वाले सुझावों को सरकार हल्के में नहीं ले सकेगी। सरकार और उनके विभागों को समय सीमा में उस पर एक्शन लेना होगा। विधानसभा की समितियों को पहले के मुकाबले और उपयोगी बनाने के लिए मध्य प्रदेश सहित 7 विधानसभाओं के अध्यक्षों की बैठक की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष और उनके अधिकारी शामिल हुए। बैठक में समितियों को कुशल बनाने के लिए सभी ने अपने-अपने सुझाव दिए।

### विधानसभाओं की समितियों की प्रणाली इस तरह से है

अध्यक्ष तोमर ने कहा कि विधानसभाओं में भी समितियों की प्रणाली है और वे ठीक प्रकार से कार्य भी कर रही हैं। मप्र में 4 वित्तीय समितियां हैं, जिनका निर्वाचन होता है। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए भी दो समितियां हैं, जिनका निर्वाचन संपन्न होता है। शेष लगभग 16 समितियां ऐसी हैं, जिनमें पक्ष विपक्ष की सहमति से अध्यक्ष की ओर से नामांकित किए जाते हैं।

दुबई के उद्योगपतियों ने दिखाई मध्य प्रदेश में कई क्षेत्रों में निवेश करने में रुचि

# दुबई को पसंद आए मप्र के जैविक उत्पाद, सीएम बोले हम देंगे गुणवत्तायुक्त 'स्वादिष्ट और सेहतभरीं' दालें

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव विदेश के दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दूसरे दिन उन्होंने एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी के साथ भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को विस्तार देने पर गहन चर्चा की। इस मौके पर सीएम डॉ.यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश दौरे के दूसरे दिन दुबई में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी के साथ भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को विस्तार देने पर गहन चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश जैविक उत्पादों देश का अग्रणी राज्य है और जहां सोयाबीन और दालों का गुणवत्तायुक्त उत्पादन हो रहा है। इन उत्पादों को लेकर दुबई ने काफी रूचि दिखाई। आने वाले समय में ये उत्पाद दुबई भेजे जा सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का अग्रणी सोयाबीन, दाल और जैविक उत्पादक राज्य है।

### समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते से बढ़ेगा भारत-यूएई व्यापार: मुख्यमंत्री



**मप्र निवेश के लिए नए द्वार खोलन के लिए तैयार, बना सहयोग का नया केंद्र**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यूएई के विदेश व्यापार राज्यमंत्री डॉ जेयूदी से हुई चर्चा**

### उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित हुआ प्रदेश

डॉ. यादव ने कहा कि भारत-यूएई सीईपीए एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करता है और मध्यप्रदेश इस साझेदारी का पूर्ण लाभ उठाकर निवेश, व्यापार, और तकनीकी सहयोग के नए द्वार खोलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, उन्नत बुनियादी ढांचे और बेहतर उद्योग नीति समर्थन ने इसे लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। डॉ. यादव ने विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, फार्मा, टेक्सटाइल,रक्षा विनिर्माण और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में यूएई के निवेश का स्वागत किया।



### नवीन औद्योगिक नीति में किए कई अहम बदलाव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए राज्य की नवीन औद्योगिक नीति 2025 में कई अहम बदलाव किए गए हैं। यूएई जैसे रणनीतिक साझेदारों के लिए रियायती भूमि, 100 फीसदी एसजीएसटी प्रतिपूर्ति और पूंजीगत अनुदान जैसे विशेष प्रावधान किए गए हैं जो मध्यप्रदेश के साथ निवेश को सशक्त बनाती है।

### निवेशकों से अच्छी और सकारात्मक हुई बातचीत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुबई में मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि मंगलवार सुबह से निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ अलग-अलग चर्चाओं का दौर शुरू हुआ है। सबसे पहले हमारे महावाणिज्यदूत और एंबेसी के लोगों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस फ्लाइट सेक्टर में अच्छी संभावनाएं है। मध्यप्रदेश एविएशन के काम में दुबई सहयोग करने के लिए तैयार है। हमारी सरकार विदेश में कैसे आसानी से व्यापार करे, सरकार किन-किन क्षेत्रों में व्यापार कर सकती है, उस पर गहन विचार-विमर्श हुआ। निवेशकों से अलग-अलग सेक्टर को लेकर चर्चा की। वन-टू-वन बैठक में भी निवेशकों से अच्छी और सकारात्मक बात की है। बैठकों के दौरान वेलनेस, हेल्थ, एनर्जी, सर्विस सेक्टर में अच्छे सुझाव मिले। डॉ. यादव ने कहा कि दुबई के निवेशकों ने मध्यप्रदेश में गोल्ड एवं डायमंड माइनिंग सहित कई सेक्टर में निवेश करने की रुचि दिखाई।

जून में महंगाई के मोर्चे पर डबल खुशखबरी

## थोक बाजार में सस्ते हुए सामान, खुदरा दर भी 6 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जून महीने में महंगाई के मोर्चे पर दोहरी खुशखबरी मिली है। एक तरफ थोक बाजार में सामान सस्ते हो गए तो वस्तुओं की खुदरा कीमतों में वृद्धि भी छह वर्ष के निचले स्तर पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में ये पता चला है।

सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से खुदरा महंगाई दर जून में घटकर छह साल से भी अधिक के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है।

**खुदरा महंगाई दर 2.1 प्रतिशत पर**

### थोक बाजार में सस्ती हुई वस्तुएं

उधर, जून महीने में थोक बाजार में वस्तुएं महंगी होने के बजाय सस्ती हो गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के साथ विनिर्मित उत्पादों की लागत में कमी आने से थोक मुद्रास्फीति 19 माह बाद शून्य से नीचे आ गई है। जून में यह -0.13 प्रतिशत रही है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 0.39 प्रतिशत और जून, 2024 में 3.43 प्रतिशत के स्तर पर रही थी।



मवेशी बचाने के चक्कर में हादसा

### पेड़ से टकराई स्कार्पियों पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

नेशनल हाइवे 552 पर कालीतलाई गांव के पास हुआ हादसा



**श्योपुर।** श्योपुर के देहात थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे 552 पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को कालीतलाई गांव के पास एक स्कार्पियो कार गाय को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे उतरने के बाद पेड़ से जा टकराई। जिससे स्कार्पियो में सवार सवार मुकेश यादव (26) तथा उसके पिता हरिराम यादव (60) निवासी कमरपुरा जिला कोटपुतली राजस्थान, विजेंद्र जाट (23) निवासी अजीतपुरा जिला कोटपुतली, हावा सिंह गुर्जर (28) निवासी अमरपुरा जिला कोटपुतली राजस्थान की मौत हो गई।

हेट स्पीच पर शीर्ष कोर्ट के निर्देश

### नफरत फैलाने वाले कंटेंट पर लगे लगाम

लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी बनी रहे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया पर फैल रहे हेट स्पीच (नफरती भाषणों) को लेकर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने कहा है कि इन दिनों 'अभिव्यक्ति की आजादी' के नाम पर सब कुछ जायज ठहराने की कोशिश कर रही है, ये बिल्कुल खतरनाक है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज फ्रांसिस विश्वनाथन की बेंच के द्वारा ये टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए आई जो कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ वजाहत खान नाम के शख्स ने दायर की थी।

एएआईबी की रिपोर्ट के बाद डीजीसीए का फैसला

### सभी बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच जरूरी

एअर इंडिया विमान हादसे के बाद सबक



**नई दिल्ली।** भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालित होने वाली सभी एयरलाइनों, विशेष रूप से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों का उपयोग करने वाली कंपनियों को अपने फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच करने का निर्देश देने की योजना बनाई है। यह कदम 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में हुई एअर इंडिया विमान की भीषण दुर्घटना पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआइबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद उठाया जा रहा है।

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी, मंडला, खरगोन, टीकमगढ़-उमरिया में तेज बारिश

## शिवपुरी के अटल सागर डैम के 6 गेट खोले गए, घरों में भरा पानी श्योपुर में क्वारी नदी उफान पर, श्योपुर-बारां हाईवे बंद, गांवों में अलर्ट

दुकानों- घरों और अस्पताल में पानी भरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में सोमवार को भारी बारिश का दौर जारी रहा। मंडला में 9 घंटे में 2 इंच बारिश हो गई। वहीं, खरगोन में डेढ़ इंच पानी गिरा। टीकमगढ़-उमरिया में आधा इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने रात में भी आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश होने का अनुमान जताया है।

शिवपुरी जिले में अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। सुबह साढ़े 6 बजे अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। श्योपुर जिले के विजयपुर में क्वारी नदी का जलस्तर बढ़ने से आगरा जाने वाला रास्ता बंद है। वहीं, बड़ौदा में बाढ़ जैसे हालात हैं। दुकानों-मकानों के अलावा अस्पताल में भी पानी भर गया है।

स्ट्रॉन्ग सिस्टम के चलते मप्र में 45%, निवाड़ी में कोटा फुल हो चुका है। यहां 102% पानी गिर चुका



### खतरे के पार पहुंची पार्वती

**श्योपुर।** बीते 24 घंटे से हो रही झमाझम बारिश से जहां पूरा जिला तर बतर हो गया। वहीं मालवा में हुई बारिश का असर भी जिले में विपरीत रूप से पड़ा। उफान पर आई पार्वती नदी के खतरे के निशान के पार पहुंच जाने से जहां प्रशासन ने पार्वती नदी किनारे बसे एक दर्जन के करीब गांव में अलर्ट घोषित कर वहां के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की मुनादी कराई। कुहांजापुर के पास पार्वती नदी पर बना पुल डूब जाने से श्योपुर का बारां राजस्थान से संपर्क दिन भर कटा रहा।

### कोलार डैम में उतरे 4 दोस्त, 2 का मिला शव

कोलार डैम में एक बड़ा हादसा हुआ है। दो छात्र प्रिंस सिंह और उज्ज्वल त्रिपाठी डूब गए हैं। सभी वहां पिकनिक मनाने पहुंचे थे। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने 18 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद उनके शवों को तालाब से निकाला।



सावन के पहले सोमवार को महाकाल नगरी में देश भर से पहुंचे श्रद्धालु

## प्रजा का हाल जानने चांदी की नई पालकी में बैठकर निकले महाकाल

महाकाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

सावन के पहले सोमवार पर उज्जैन में भगवान महाकाल चांदी की नई पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण निकले। मंदिर प्रशासन के अनुसार, करीब 10 साल बाद सवारी में नई पालकी को शामिल किया गया है।

नवंबर में छत्तीसगढ़ के एक भक्त ने गुप्तदान के रूप में मंदिर समिति को यह पालकी भेंट की थी। सभा मंडप में बाबा महाकाल का पूजन अर्चन मनमहेश स्वरूप में होने के बाद सवारी मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची।



### भूत-प्रेत और देवताओं की टोली

बाबा महाकाल की सवारी में भूत-प्रेत और देवताओं की टोली भी नजर आई। बाबा महाकाल की सवारी में भक्त विभिन्न रूप में शामिल होते हैं। एक भक्त ने हनुमान जी का स्वरूप लिया तो किसी ने भूत प्रेत बनकर इस सवारी की शोभा बढ़ाई।

हरिभूमि
# सहेली
जबलपुर, मंगलवार
15 जुलाई 2025



सावन विशेष

# लोकरंग में बसा सावन

आ गया सुहाना सावन, मन को मोहने वाला सावन। सावन में रिमझिम बारिश और चहुंओर फैली हरियाली के बीच मन मयूर बनकर थिरक उठता है। एक नहीं अनेक रंग हैं सावन के। सावन की सिर्फ प्राकृतिक ही नहीं, धार्मिक महत्ता भी है। सावन में हम शिवजी की आराधना करते हैं। संपूर्ण परिवार के लिए मंगल कामना करते हैं।

आवरण कथा
अलका 'सोनी'

सावन शुरू होने का अर्थ है-गर्मी की भीषण तपन के बाद बारिश की शीतल फुहारों से राहत, चारों ओर बिखरी मनोहारी हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट। कहते हैं, सावन में संसार के पालन का दायित्व भगवान शिव को सौंप दिया जाता है। उन्हें यह दायित्व सौंप कर श्रीविष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इस तरह सावन का एक धार्मिक महत्व भी है।

## सावन में शिव उपासना का विशेष महत्व

सावन में शिव की आराधना होती है, इसका विशेष महत्व है, क्योंकि मां पार्वती ने भगवान शिव को वर रूप में पाने के लिए सावन माह में निराहार रहकर कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने उन्हें मनचाहा वरदान दिया। इसलिए सावन के महीने में शिव भक्त व्रत रहकर, अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए सोमवार को शिवजी पर जलाभिषेक करते हैं। सुहागिनें भी सावन के महीने में हरी चूड़ियां, हरी साड़ी पहन कर शिवजी की पूजा करती हैं। अपनी संतान, घर-परिवार और अपने सुहाग के कल्याण के लिए वरदान मांगती हैं। इस तरह बारहों महीने में सावन का विशेष महत्व है।

## हर्षोल्लास का माहौल

सावन के आते ही प्रकृति ही नहीं वरन जीवन हरा-भरा हो उठता है। बागों में झूले पड़ जाते हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, सोलह श्रंगार करके अपनी साखियों के साथ झूला-झूलती हैं। साथ ही रिमझिम फुहारों का भी आनंद लेती हैं। माहौल बहुत ही हर्षोल्लासमय हो जाता है।



## सावन के झूले

सावन में जगह-जगह पेड़ों पर झूले पड़ते हैं। झूला झूल कर मन प्रफुल्लित-उमंगित हो उठता है। किसी भी वजह से अगर आपको तनाव है तो झूला झूलना आपके लिए बेहतर उपक्रम है। झूला झूलने से बॉडी में हैप्पी हार्मोंस रिलीज होते हैं, जो मन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं, हमें तनाव से उबारते हैं।

## दंपती भरते हैं प्यार की पेंगे

सावन में प्रिय से मिलन और उनके साथ झूला झूलने की भी रीति है। सावन माह में रिमझिम बारिश के बीच पेड़ों पर डले झूलों की पेंगें दंपती के बीच प्रेम बढ़ाती हैं। झूलों की पेंगें पति-पत्नी को एक अलग ही खुशनुमा एहसास देती हैं। झूले पर बैठी पत्नी यही चाहती है कि उसका पति उसे झुलाए और दोनों ही सावन का भरपूर आनंद लें।

## सावन में कजरी की मधुरता

सावन आते ही लोकगीत कजरी की बहार आ जाती है। शहर में विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के आयोजन से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में धान रोपती महिलाएं और झूलों पर पेंगें भरती युवतियां कजरी गाती हैं- *'हिंडलवा लागल हइ कदमवा भौजी/ चलहु झूले न पियवा सावन में विदेशवा ननदो, हिंडोलवा भावे न आवइ पानी के छिटकवा भौजी।'* आदि गीतों से ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ अलग ही छटा बिखरती है। कजरी लोकगीत ही ऐसा है, जिसे सुनने मात्र से तन-मन रसरंग में भीग उठता है। कजरी गीतों में वर्षा ऋतु के साथ प्रेम का वर्णन भी मिलता है। गायिका स्वाति निरखी कहती हैं, 'कजरी की शुरुआत देवी स्तुति से होती है। विरह वेदना के वर्णन के अलावा श्रंगार कजरी, बारहमासा कजरी, चौमासा कजरी, ननद-भाभी और सास के रिश्ते में छेड़छाड़ को लेकर बनी कजरी भी खूब प्रचलन में है।'

## सावन के लोकरंग

सावन हमारे लोक-रंग में रचा-बसा है। इसके आने का इंतजार हम बेसब्री से करते हैं। करें भी क्यों ना, यह हरियाली की सौगात जो लेकर आता है, साथ में लेकर आता है ढेर सारे



त्योहार। इन्हीं दिनों आती है हरियाली तीज, गुड़िया और भाई-बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन। इन्हीं दिनों पानी भरे खेतों में रोपाई के लिए जाते कृषक भी दिखते हैं, तो कजरी गाती अल्हड़ युवतियों की सुरीली आवाज एक अलग समां बिखेरती है। हरी-भरी धरती पर बहते पानी में छपक-छपाक करते नटखट बच्चे भी दिखते हैं। इस तरह सावन अपने साथ जीवन के कई रंग लेकर आता है। हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करता है।

*आप सभी को सावन की मंगलकामनाएं...* a



### हाथों में रचती है मेहंदी

सावन के महीने में मेहंदी लगाने की परंपरा है। ऐसा कहा जाता है कि महिला के हाथों पर मेहंदी का रंग जितना गहरा होता है, उतना ही पति का प्यार उसे मिलता है। मेहंदी लगाने से न केवल हाथ खूबसूरत लगते हैं, यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। मेहंदी की महक और रंग इंसान के तनाव को कम करते हैं। मेहंदी की तासीर ठंडी होती है। भीषण गर्मी के बाद सावन के महीने में मेहंदी लगाने से शरीर को शीतलता मिलती है।

# रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद

रिश्तों की मजबूती के लिए जरूरी है संवाद रिश्ता कोई भी हो, आपस में संवाद बहुत जरूरी है। इससे कभी कोई लतफहमी या मनमुटाव नहीं होता। आपसी संवाद से दूरी बढ़ जाती है। निरंतर संवाद से रिश्ते मधुर ही नहीं होते, मजबूत भी होते हैं।

सलाह
विजय सिंह चौहान



जहां रिश्तों की बुनियाद प्रेम-स्नेह पर टिकी होती है, वहीं इसे मजबूती और स्थायित्व आपसी संवाद देते हैं। संवाद वह अदृश्य डोर है, जो हमें आपस में बांधे रखती है, दूरियां नहीं बनने देती। जब आपस में संवाद नहीं रहता तो गलतफहमियां जन्म लेने लगती हैं, दूरियां बनने लगती हैं। रिश्तों की नींव दरकने लगती है।

## फैलता आभासी दुनिया का संजाल

आज के दौर में हमने तकनीक से भले ही नजदीकियां बनाई हैं, लेकिन सिर्फ इसी माध्यम से प्रेमपूर्वक रिश्तों में बंधे रहना मुश्किल है। आभासी दुनिया के इस संजाल से भले हम पूरी दुनिया से जुड़ रहे हों, लेकिन अपनों से कटते जा रहे हैं। एक ही घर में रहने वाले सदस्य अपने-अपने कमरों में बंद मोबाइल और लैपटॉप में उलझे रहते हैं। हंसी-ठहाके, शिकवे-शिकायतें, सवाल-जवाब, सुझाव और सलाह परिवारों में अब कम दिखती है। परिवार में आपसी संवाद अब मौन हो गए हैं।

## संवादों के अभाव में बन जाती हैं दूरियां

'कैसे हो?' यह आमने-सामने बैठकर पूछने के बजाय लोग व्हाट्सएप पर पूछ रहे हैं। मिलकर बैठकर बात करना, समय की बर्बादी समझा जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि रिश्तों में दूरियां तब आती हैं, जब आपस में बातचीत ना हो। अकसर देखा गया है कि किसी से मनमुटाव का कोई बड़ा कारण नहीं होता, बस कोई छोटी सी बात होती है, लेकिन हम चुप्पी साधे रहते हैं और फिर संवादों के अभाव में दूरियां बन जाती हैं। चुप्पी संबंधों को भीतर ही भीतर खोखला कर देती है। अंततः संबंध बिखर जाते हैं, जबकि संवादों के माध्यम से संबंध सहेजे जा सकते थे।



## संवाद कायम करते हैं भरोसा

कहते हैं, संवाद केवल शब्द नहीं, भरोसे की भाषा होते हैं। इसमें सिर्फ बोलना ही नहीं, सुनना और समझना भी शामिल होता है। जब हम किसी की बातें ध्यान से सुनते हैं, जरूरत के मुताबिक सही सलाह देकर उसका संबल बनते हैं तो दो दिलों के बीच भरोसे का एक गहरा रिश्ता बनता है।

अकसर जब रिश्तों में मनमुटाव आता है, हम सोचते हैं, 'हर बार पहल मैं ही क्यों करूं?' या 'उसे जरूरत होगी तो वह खुद संपर्क करेगा।' यह सोच धीरे-धीरे रिश्तों को बिखेर देती है। कभी-कभी बिखरे मोती समेटने के लिए झुकना पड़ता है। रिश्तों में झुकना कमजोरी नहीं, एक बड़प्पन है। एक छोटा-सा संवाद 'कैसे हो?' किसी के सूने मन को झंकृत कर सकता है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, रिश्तों में सहज संवाद को स्थान दें। इसलिए कभी-कभी अपनों के लिए फोन उठाइए और बिना किसी औपचारिकता के बात करें। उससे बात करने के लिए घर भी पहुंच जाएं। अपने घर में भी भोजन करते समय मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखें, अपने परिवार के साथ दिनभर की बातें साझा करें, पति/पत्नी के मन की सुनिए, बच्चों की जिज्ञासाओं पर ध्यान दें ताकि वे अपने मन की बातें आपके सामने खुलकर करें। आप भी उनको आवश्यतानुसार अपना मार्गदर्शन दे सकें। इस तरह के प्रयास और दिल से बोले संवाद रिश्तों को हमेशा मधुर बनाए रखते हैं। तो अपनों से संवाद बनाए रखें, रिश्ते सहेज कर रखें। a


केयर
डॉ. सरोज राय, डर्मेटोलॉजिस्ट

# तब बारिश में नहीं होगी स्किन-हेयर प्रॉब्लम

बहुत सी महिलाएं रेनी सीजन में फेस पर होने वाले पिंपल्स और पिगमेंटेशन से परेशान हो जाती हैं तो कई महिलाओं को हेयर फॉल का भी सामना करना पड़ता है। इन दोनों सीजलन प्रॉब्लम्स से राहत पाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**न छोड़ें सनस्क्रीन लगाना:** कई महिलाएं सोचती हैं कि सनस्क्रीन केवल तेज धूप के दिनों में ही लगानी चाहिए। सच्चाई तो यह है कि जब आसमान में बादल छाए रहते हैं, यानी बरसात के दिनों में भी सूरज की अल्ट्रा वॉयलेट किरणें (यूवी रेज) नुकसानदेह साबित होती हैं। मौसम चाहे जो भी हो, कम से कम 30 एसपीएफ का सनस्क्रीन आपको अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए।

**करें स्कैल्प की सफाई:** पसीने और



वातावरण में मौजूद नमी के कारण सिर की त्वचा में इंफेक्शन या डेंड्रफ की प्रॉब्लम हो सकती है। इनसे बचने के लिए बारिश के दिनों में नियमित तौर पर किसी माइल्ड शैंपू से बालों को साफ करें। बारिश में भीग जाएं तब भी बालों को साफ कर पॉल्यूटेंट्स और बारिश का पानी हटा लें। सिर की त्वचा यानी स्कैल्प को साफ रखना फंगल इंफेक्शन और दूसरी समस्याओं से बचाव करता है।

**क्रीम-ऑयली प्रोडक्ट का यूज:** हैवी गाढ़ी क्रीम और ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल मानसून के नमी वाले मौसम में त्वचा के पोर्स को बंद कर सकता है। इनकी जगह लाइट वेट क्रीम नॉन कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर और सीरम का उपयोग किया जाना चाहिए, जो त्वचा को बिना चिपचिपा किए नमीयुक्त रखता है।



**ना हो हाइड्रेशन की कमी:** हालांकि इस मौसम में वातावरण में अधिक नमी महसूस होती है, लेकिन आपकी त्वचा को अंदर से बाहर तक हाइड्रेटेड रखना भी जरूरी होता है। इसके लिए सुनिश्चित करें कि आप इस मौसम में भी पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और अपने आहार में पानीयुक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें। अपनी त्वचा को पूरे दिन तरोताजा बनाए रखने के लिए हाइड्रेटिंग फेशियल मिस्ट का उपयोग भी कर सकती हैं।

**स्किन रखें ड्राय:** बारिश में भीगने के बाद फंगल इंफेक्शन और त्वचा की जलन से बचने के लिए इसे ठीक से सुखाना जरूरी है। खासतौर पर जांघों, अंडर आर्म्स की स्किन को ड्राय रखने पर विशेष ध्यान दें।

**अधिक एक्सफोलीएशन से बचें:** बेशक स्क्रबर, डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करती है, लेकिन इसके अधिक उपयोग से आपकी त्वचा से आवश्यक तेल निकल सकता है। मानसून के दौरान महीने में एक या दो बार तक ही स्क्रबर का उपयोग करें। इस मौसम में चटपटे व्यंजन अधिक ना खाएं। a


प्रस्तुति: चेतना झा

योगोपचार
कौशल किशोर, योगाचार्य

कई महिलाएं और लड़कियां, पीरियड्स के दौरान पेट दर्द, थकान, सिर दर्द या मूड स्विंग से परेशान रहती हैं। इन प्रॉब्लम्स से राहत के लिए आप कुछ योगसनों का अभ्यास कर सकती हैं। यहां कुछ ऐसे ही योगसनों की विधि के बारे में बताया जा रहा है।

# पीरियड्स के दौरान उपयोगी हैं ये योगासन

पहले के दौर में ऐसी धारणा थी कि पीरियड्स के दौरान कोई भी वर्कआउट या योगासन नहीं करना चाहिए। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने स्टडी के द्वारा यह सिद्ध कर दिया है कि कुछ योगासन करने से पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याओं से आराम मिल सकता है। हम आपको यहां कुछ ऐसे ही उपयोगी आसनों के बारे में बता रहे हैं।



वज्रासन



शशांक आसन

**वज्रासन:** सबसे पहले दरी या योगासन मैट बिछा लें। उसके बाद अपने घुटनों को मोड़कर एड़ियों पर बैठ जाएं। दोनों एड़ियों को एक-दूसरे से थोड़ा अलग रखें और अपने दोनों पंजों पर नितंब को टिकाएं। इस दरम्यान पीठ, गर्दन और अपने सिर को सीधा रखें और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर रखें। यह ध्यान रखें कि हथेलियां नीचे की ओर रहें। अपनी आंखें बंद करें और धीरे-धीरे सांस लें फिर छोड़ें। फिर 5 से 15 मिनट तक इसी स्थिति में रहें। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द से राहत मिलेगी।

**शशांक आसन:** इसके लिए सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं। अपने दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और कानों के पास सीधा रखें। धीरे-धीरे अपनी सांस को छोड़ते हुए आगे की ओर झुकाएं और माथा जमीन से लगाएं। अपने हाथ को भी सामने जमीन पर ही रखें। पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें और कुछ समय इसी स्थिति में रहें। सांस लेते हुए वापस वज्रासन की स्थिति में आ जाएं।

**भ्रामरी प्राणायाम:** इसे करने के लिए सुखासन, पद्मासन या वज्रासन में रीढ़ को सीधा करके बैठ जाएं। आंखें बंद कर अपने शरीर को एकदम शांत करें। अपने दोनों हाथों की पहली अंगुली को माथे पर रखें। मध्यमा अंगुलियों से आंखों को बंद करें। अनामिका से नाक के पास गालों को हल्का दबाएं और अंगूठों से दोनों कानों को बंद करें। गहरी सांस लें और सांस को छोड़ते हुए भौरें जैसी आवाज करें। यह प्रक्रिया 5 से 10 बार दोहराएं।

**मेरुवक्रासन:** योगा मैट पर सीधा बैठ कर पैर आगे की ओर फैलाएं। अपने बाएं पैर को मोड़कर उसका तलवा दाएं घुटने के पास रखें। दायां हाथ बाएं घुटने के बाहर रखें और बाएं हाथ को पीछे जमीन पर टेक लगा दें। अपनी रीढ़ को सीधा रखते हुए धीरे-धीरे धड़ को बाईं ओर मोड़ें। कुछ देर इसी स्थिति में रहने के बाद वापस धीरे से आ जाएं। अब यही प्रक्रिया दूसरी ओर से दोहराएं।

**ताड़ासन:** ताड़ासन को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं और अपने दोनों पैरों को एक साथ मिलाएं। अपने हाथों और पीठ को सीधा रखें। सांस लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाएं। उस समय हथेलियां आपस में जुड़ी हुई रहनी चाहिए। अब अपनी एड़ियों को उठाकर पंजों के बल खड़े हो जाएं और अपने पूरे शरीर को ताड़ के पेड़ की तरह ऊपर की ओर खींचें। थोड़ी देर इस स्थिति में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस आ जाएं।



इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी योगासन करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इसे अच्छी तरह सीख लें। a

प्रस्तुति: संध्या रानी



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

## खबर संक्षेप

### चर्च में फायरिंग, दो महिलाओं की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के केंटकी राज्य के लेक्सिंग्टन के चर्च में फायरिंग में दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाओं की उम्र 72 साल और 32 साल बताई जा रही है। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दूसरे की हालत स्थिर है। हमलावर को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि अभी उसके परिवार को सूचना दी जानी बाकी है।



### सीरिया में दो गुटों में जंग, 30 की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के स्वैदा इलाके में ड्रूज मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 100 घायल हुए हैं। झगड़े की शुरुआत अपहरण और लूट से हुई थी। स्थिति पर काबू पाने के लिए सीरियाई सेना को तैनात किया गया है। धार्मिक अल्पसंख्यक की मिलिशिया और सुन्नी बेदुइन कबीलों के बीच हुई हिंसक झड़पों ने एक बार फिर देश में अस्थिरता को उजागर कर दिया है।



### गाजा में इजराइली हमलों में 30 मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में छह बच्चों सहित कम से कम 30 लोग मारे गए। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार युद्धविराम कराने के प्रयासों के बावजूद हुआ। इजराइली बंधकों को रिहा कराने के लिए जारी बातचीत में कोई सफलता मिलती नहीं दिख रही। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पिछले सप्ताह अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ समझौते पर चर्चा करने के लिए वाशिंगटन में थे, युद्धविराम के दौरान इजराइली सैनिकों की तैनाती को लेकर एक नया पेंच सामने आया है।



# शहबाज और तुर्की के खलीफा के खिलाफ पलटवार की तैयारी!

## पाक की नाक के नीचे ग्रीस की नौसेना संग इंडियन नेवी का अभ्यास

अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रीस की नौसेना (हेलेनिक नेवी) के फ्रिगेट पीएसएआरए और भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया है। 10 जुलाई को अरब सागर में किए गए इस अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच सामरिक संबंध मजबूत करना है। भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान ने अभ्यास की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी है। दूसरी ओर इसे भारत की ओर से तुर्की-पाकिस्तान गठजोड़ को जवाब देने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। तुर्की ने पाकिस्तान के साथ मिलकर जल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश है। ऐसे में भारत ही सहयोगी देशों के साथ अभ्यास करते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार भारत के साथ अभ्यास उनकी नौसेना की अंतराष्ट्रीय जल में लगातार मौजूदगी का हिस्सा है। इससे दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे। हालिया वर्षों में पूर्वी भूमध्य सागर, मध्य पूर्व और इंडो-पैसिफिक में भूराजनीतिक बदलावों के कारण ग्रीस-भारत का रिश्ता और महत्वपूर्ण हो गया है।

*भारतीय नौसेना और हेलेनिक (ग्रीक) नेवी ने अरब सागर में मुंबई तट के पास संयुक्त पीएएसएसईएक्स (पासिंग अभ्यास) आयोजित किया है, 10 जुलाई को यह अभ्यास किया गया।*

**खास बातें**

- इससे दोनों देशों के बीच सामरिक रिश्ते और मजबूत होंगे
- भारतीय नेवी के फ्रिगेट तरकश (एफ-50) ने मुंबई तट के पास संयुक्त अभ्यास किया था



**तालमेल बेहतर करने पर जोर**

*ग्रीस और भारत के इस साझा अभ्यास के दौरान नौसेना संचार के साथ उन्नत युद्धाभ्यास किए गए। इससे दोनों नौसेनाओं की संचालन क्षमता का परीक्षण हुआ। ऐसे अभ्यासों का लक्ष्य वास्तविक परिस्थितियों में सामरिक सहयोग को बढ़ाना है। साथ ही कमान और नियंत्रण प्रक्रियाओं की आपसी समझ को बढ़ाना है। भारत और ग्रीस का यह पीएएसएसईएक्स (पासिंग अभ्यास) है। पीएएसएसईएक्स मित्र देशों की नौसेनाओं के जहाज आसपास होने पर किया जाता है। भारत और ग्रीस के बीच संबंधों में 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्रीस यात्रा के बाद बेहतरी आई है। इसके बाद दोनों देशों ने सैन्य संबंधों को मजबूत किया है।*

**पाक पर भारत की नजर!**

भारत ने पाकिस्तान के साथ मई में हुए सैन्य संघर्ष के बाद ग्रीस, साइप्रस और इजराइल के साथ एक नई धुरी विकसित करने की कोशिश की है। यह पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान के गठजोड़ की जवाबी कार्रवाई की तरह भी है। ग्रीस को भारत एक अहम भागीदार मानता है। ऐसे में हालिया समय में दोनों देशों के रक्षा संबंध बेहतर हुए हैं।

## दोनों नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक, सीमा पर कम हुआ तनाव

# वांग यी के साथ बैठक में बोले जयशंकर- भारत और चीन के संबंध दुनिया के लिए अहम

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को बीजिंग में चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन संबंधों में हालिया सुधार का जिक्र किया। इसे भारत-चीन संबंध सुधारने के मौके की तरह देखा जा रहा है।

दोनों नेताओं के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में जयशंकर ने कहा जयशंकर ने मौजूदा अंतराष्ट्रीय हालात को जटिल बताया और कहा कि भारत और चीन जैसे बड़े पड़ोसी देशों के बीच खुलकर बातचीत बेहद जरूरी है।

उन्होंने चीनी उपराष्ट्रपति को बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने को भारत में बेहद सराहा गया है। जयशंकर की पांच साल में यह पहली चीन यात्रा है। वे सिंगापुर दौरे के बाद बीजिंग पहुंचे हैं। जयशंकर 15 जुलाई को तियानजिन में होने वाली एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इस दौरान उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी से भी मुलाकात तय है। इससे पहले फरवरी में जोहान्सबर्ग में जी-20 की बैठक के दौरान जयशंकर और वांग यी की मुलाकात हुई थी। जहां दोनों नेताओं ने सहयोग बढ़ाने की बात कही थी। जून 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प में दोनों पक्षों के जवान मारे गए थे। इसके दोनों देशों के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हो गए थे। इसके बाद से इस साल तक भारत के किसी शीर्ष नेता ने चीन का दौरा नहीं किया था।

चर्चाएं दोनों देशों के लिए सकारात्मक होंगी

विदेश मंत्री पांच साल में पहली बार चीन यात्रा पर पहुंचे

पड़ोसी देशों के बीच खुलकर बातचीत बेहद जरूरी

**पूर्व में राजनाथ सिंह ने एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लिया था**



पिछले महीने चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई थी। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए थे। इस दौरान राजनाथ ने एससीओ के जॉइंट स्टेटमेंट पर साइन करने इनकार कर दिया था। क्योंकि उसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया था, जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुई आतंकी घटना का जिक्र था। भारत ने इससे नाराजगी जाहिर की। राजनाथ सिंह ने बैठक में कहा, 'कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं। वे आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इसे इनकार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समझना होगा कि अब आतंकवाद के एपिसेंटर सेफ नहीं हैं।

**जयशंकर का भी अच्छे रिश्ते पर जोर**

*भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से बैठक में कहा, 'भारत-चीन संबंधों के निरंतर सामान्य बने रहने से पारस्परिक रूप से अच्छे नतीजे मिलेंगे। जटिल वैश्विक स्थिति को देखते हुए दोनों पड़ोसी देशों के बीच विचारों का खुला आदान-प्रदान अहम है। मुझे विश्वास है कि इस यात्रा की मेरी चर्चाएं सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगी।' दोनों पक्षों के सकारात्मक बयानों को देखते हुए भारत-चीन के तनावपूर्ण रिश्ते में सुधार की उम्मीद की जा रही है। बीजिंग पहुंचने के तुरंत बाद डॉक्टर एस जयशंकर ने चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ तस्वीर साझा करते हुए कहा कि मुझे उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। मैंने उनसे चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन जताया है ।*

## फ्रांस को बड़ा झटका देने की तैयारी

# समय पर राफेल नहीं मिलने से भारत ने फाइटर प्लेन की संख्या घटाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने संकेत दिए हैं कि एक बड़ा फैसला लेते हुए राफेल लड़ाकू विमानों की संख्या आधा किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट की अंतरिम खरीद को लेकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। यानि भारत बहुत जल्द पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है।

भारत खुद के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है, लेकिन जब तक एएमसीए पूरा नहीं हो जाता, तब तक भारतीय वायुसेना में लड़ाकू विमानों की संख्या में आए कमी को भरने के लिए भारत ने नये विमानों के अधिग्रहण का फैसला लिया है। लेकिन भारत सरकार का नया फैसला राफेल बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका साबित होने वाला है, इसकी मुख्य वजय समय पर डिलेवरी नहीं होना। जो भारत के मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट टेंडर के प्रमुख दावेदारों में से एक रही है।

**राफेल लड़ाकू विमान की संख्या होगी कम**

सूत्रों के मुताबिक अब इस खरीद को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। यानि 114 राफेल फाइटर जेट नहीं खरीदकर सरकार उसकी संख्या आधा घटा देगी। यानि करीब 60 राफेल एफ-4 जेट खरीदे जाएंगे और उतनी ही संख्या में 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट। इससे न सिर्फ भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता मजबूत होगी, बल्कि एएमसीए की सेवा में आने तक का अंतर भी पाटा जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक राफेल की संख्या घटाने को लेकर ज्यादातर अधिकारी तैयार हैं। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने पहले भारत में फुल-स्केल प्रोडक्शन लाइन लगाने के लिए कम से कम 100 यूनिट के ऑर्डर की मांग की थी। लेकिन अब जबकि सिर्फ 60 राफेल एफ जेट्स के ऑर्डर की संभावना जताई जा रही है, तो यह डसॉल्ट के लिए बड़ा झटका है। इसके अलावा, डिफेंस मिनिस्ट्री की मांग ये भी है कि इन लड़ाकू विमानों के लिए आंशिक असेंबली का काम भारत में हो, ताकि 'मेक इन इंडिया' पहल को बल मिले।

# कोर्ट बोला- यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद:केंद्र ने कहा-हमने बचाने की पूरी कोशिश की

## 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है तो यह दुखद होगा। मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद है। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है।

**कोर्ट बोला-विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा?**

याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल" ने कोर्ट से अपील करते हुए कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा, हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा? मन में गृह युद्ध की वजह से भारत ने अपने नागरिकों को वहां से निकालने के लिए 'ऑपरेशन राहत' शुरू किया। यह ऑपरेशन अप्रैल-मई 2015 तक चला, जिसमें 4,600 भारतीयों और करीब एक हजार विदेशी नागरिकों को यमन से निकाला, लेकिन इनमें सिर्फ निमिषा ही भारत नहीं लौट पाईं। 2016 में महदी ने निमिषा के साथ शारीरिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसने निमिषा के क्लिनिक का प्रॉफिट भी हड़प लिया। जब निमिषा ने इस बारे में सवाल किया तो दोनों के रिश्ते खराब हो गए। महदी निमिषा को यमन से बाहर नहीं जाने देना चाहता था, इसलिए उसने निमिषा का पासपोर्ट अपने पास रख लिया। निमिषा ने पुलिस में महदी की शिकायत भी दर्ज कराई।



## निर्यात में सालाना 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

# भारत ने उच्च तकनीक वाले सामान और डिजिटल सेवाओं के निर्यात में वृद्धि दर्ज की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग की सोमवार को जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारत का व्यापार प्रदर्शन भू-राजनीतिक अस्थिरता और बदलती वैश्विक मांग के बीच सतर्क मजबूती को दर्शाता है। वाणिज्यिक निर्यात में सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 108.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात संरचना स्थिर बनी हुई है; सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और चेक गणराज्य से बढ़ती मांग के कारण विमान, अंतरिक्ष यान और पुर्जे सालाना आधार पर 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ शीर्ष दस निर्यातों में शामिल हुए।

उच्च तकनीक वाले व्यापारिक निर्यात में 2014 से तेजी आई है, जिसका नेतृत्व विद्युत मशीनरी और हथियार/गोला-बारूद ने किया है, जो 10.6 प्रतिशत सीएजीआर से मजबूती से बढ़ रहा है।

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ट्रेड वॉच क्वार्टरली का लेटेस्ट एडिशन भारत के व्यापारिक और सेवा व्यापार का 'टाइम्ली' और 'डेटा रिच' विश्लेषण प्रस्तुत करता है, साथ ही विकसित होती अमेरिकी व्यापार नीतियों और भारत पर उनके प्रभावों का गहन एक्सप्लोरेशन भी करता है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भुवनेश्वर में सीएम माझी ने किया स्वागत



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भुवनेश्वर आगमन पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी स्वागत करते हुए। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। दो दिवसीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद 15 जुलाई की शाम को नई दिल्ली लौटेंगी।

## शोध में वैज्ञानिकों ने की डराने वाली भविष्यवाणी

# पृथ्वी के घूमने की रफ्तार तेज होने को वैज्ञानिकों ने किया कंफर्म आने वाले समय हमें 24 घंटे से कम दिन देखने को मिलेंगे, दिन का समय कम होगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

धरती की अपनी धुरी पर घूमने की रफ्तार बढ़ रही है। धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा दिन का समय कम होने के तौर पर सामने आया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अब इसकी पुष्टि हो गई है कि आने वाले समय में हमें 24 घंटे से कम के दिन देखने को मिलेंगे।

वैज्ञानिकों ने इसी महीने 22 जुलाई और 5 अगस्त को दिन 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा होने की बात कही है। हालांकि दिन की घटी हुई अवधि को सिर्फ कुछ खास उपकरणों से ही मापा जा सकेगा। पृथ्वी के घूमने को लेकर सामान्य समझ रही है कि पृथ्वी 24 घंटे में सूर्य का चक्कर लगाती है। यह एक दिन की अवधि होती है। यह समय यानी एक दिन 24 घंटे का होता है। रिसर्च कहती है कि यह अवधि हमेशा स्थिर नहीं होती।

चंद्रमा और सूर्य की स्थिति समय के साथ इसमें बदलाव ला सकती है। यहां तक कि भूकंप और दूसरी भूगर्भीय घटनाएं भी पृथ्वी की घूर्णन गति को बदल सकती हैं। इसका दिन के समय पर असर होता है।

-धरती के घूमने की बढ़ती रफ्तार का नतीजा आया सामने

-22 जुलाई, 5 अगस्त को 1.3 से 1.5 मिलीसेकंड तक छोटा दिन होने की बात कही

**शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में किया खुलासा**



आपको बता दें कि जब कोई पिंड चंद्रमा से टकराता है तो कई हिस्से टूटकर काफी तेज रफ्तार से अंतरिक्ष में निकल जाते हैं। हालांकि कभी कभी इन टुकड़ों का आकार बड़ा भी हो सकता है। हवाई विश्वविद्यालय के शोधकर्ता और अध्ययन के प्रमुख लेखक रॉबर्ट जेडिक ने स्पेस.कॉम की एक रिपोर्ट में कहा है कि यह एक तरह का स्क्वायर डांस है, जहां साथी नियमित रूप से बदलते रहते हैं और कभी-कभी कुछ देर के लिए डांस फ्लोर छोड़ देते हैं।

**चंद्रमा से कैसे होता है चंद्रमा का जन्म?**

वैज्ञानिकों का अभी तक मानना रहा है कि मिनिमून्स का सोर्स शायद एस्ट्रॉएड बेल्ट (मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित) है, लेकिन हालिया खोजों से पता चला है कि इनमें से कई टुकड़े चांद से भी निकल सकते हैं। साल 2016 में हवाई स्थित टेलिस्कोप ने नामक एक करीब 40 से 100 मीटर बड़ा मिनिमून खोजा था जो बाद में चांद से निकला एक टुकड़ा साबित हुआ। यह टुकड़ा करीब 1 से 10 मिलियन साल पहले एक बड़े टक्कर की वजह से बना था जब चंद्रमा पर क्रेटर का निर्माण हुआ था। 2024 में खोजा गया एक और मिनिमून, 2024 पीटी-5 भी चांद से ही निकला मालूम होता है। इससे खगोलशास्त्रियों को यह अंदेशा हुआ कि चंद्रमा समय-समय पर खुद अपने ही टुकड़ों को पृथ्वी के छोटे चंद्रमाओं में बदल रहा है। इन जानकारियों के बाद, वैज्ञानिकों ने यह नतीजा निकाला है कि ऐसे कई मिनिमून्स वर्तमान में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हो सकते हैं।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित / संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एजीएम (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |
| 3 | उप प्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 18 | नियमित |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 11.07.2025 से 31.07.2025 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 11.07.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

# जेड ब्लैक अगरबत्ती ब्रांड बना हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में केस स्टडी

- इंदौर के गैराज से हार्वर्ड तक
- धोनी द्वारा प्रचारित ज़ेड ब्लैक की सुगंधित यात्रा बनी वैश्विक प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/नई दिल्ली

क्रिकेटर एमएस धोनी द्वारा समर्थित अगरबत्ती ब्रांड 'जेड ब्लैक' अब हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में केस स्टडी बना है। इसकी मूल कंपनी मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच इस पारंपरिक पारिवारिक व्यवसाय को 2027 तक 1,000 करोड़ रुपए के सुगंधित साम्राज्य में बदलने के लिए सराहा गया है।

एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के प्रो.तुलसी जयकुमार द्वारा लिखित इस केस को न्यूयॉर्क के फैमान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एफआईटी) सहित वैश्विक संस्थानों में पढ़ाया जा रहा है। यह दर्शाता है कि कैसे एक पारंपरिक रूप से संचालित अगरबत्ती व्यवसाय ने उद्देश्य-आधारित विकास, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय पहुंच हासिल की।

## बनती है प्रतिदिन 3.5 करोड़ अगरबत्तियां



1990 के दशक की शुरुआत में इंदौर के एक गैराज से प्रकाश अग्रवाल द्वारा स्थापित एमडीपीएचू आज दुनिया के प्रमुख अगरबत्ती निर्यातकों में शामिल है। यह कंपनी 9.4 लाख वर्गफुट की सुविधा में संचालित होती है और प्रतिदिन 3.5 करोड़ अगरबत्तियां बनाती है। जेड ब्लैक अगरबत्तियों के प्रतिदिन 15 लाख पैकेट बिकते है। कंपनी में 4,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है. जिनमें 80 फीसदी महिलाएं है। एमडीपीएच के उत्पाद 45 से अधिक देशों में निर्यात किए जाते हैं। इसके प्रमुख ब्रांड्स में जेड ब्लैक अगरबत्ती मंथन धूप, ऑरवा (लाइफस्टाइल और अरोमाथेरेपी) और समर्पण (पूजा सामग्री) शामिल है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा अगरबत्ती उत्पादक और उपभोक्ता देश है। जेड ब्लैक ने चारकोल-फ्री बास रहित अगरबत्तियां, प्रीमियम धूप स्टिक्स और डायरेक्ट-टू-कंज्युमर प्लॅटफॉर्म 'ऑरवा के जरिए लग्जरी परफ्यूमरी जैसे इनोवेशन किए है। बैंड का दिग्गज क्रिकेटर और 'कॅप्टन कूल' एमएस धोनी के साथ आठ साल पुराना जुड़ाव इसे एक अलग स्तर की विश्वसनीयता और भरोसा देता है। वहीं, मथुन धूप के लिए ऋतिक रोशन को चेहरा बनाए जाने से इस असंगठित धूप सेगमेट को एक युवा और महत्वाकांक्षी दर्शक वर्ग के बीच संगठित और ऊंचा स्थान मिला है।

## जेड ब्लैक 45 से अधिक देशों में मौजूद

अनिकेत अग्रवाल, निदेशक, एमडीपीएच और जेड ब्लैक ने कहाकि हार्वर्ड द्वारा हमारे सफर को केस स्टडी के रूप में चुना जाना यह दर्शाता है कि भारतीय सोच और स्पष्ट दृष्टि किस तरह वैश्विक स्तर पर असर कर सकती है। अगरबत्तियों से लेकर एसेंशियल ऑइल्स और बास रहित इनोवेशन से लेकर लग्जरी परफ्यूम्स तक हमारी यात्रा भारतीय रीति-रिवाजों और भावनाओं से जुड़ी है। जेड ब्लैक आज 45 से अधिक देशों में मौजूद है। हर बाजार की पसंद को ध्यान में रखते हुए हमने सुगधों की रेज विकसित की है।

## 1,000 करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य



हमारी यात्रा इंदौर के एक गैराज से शुरू होकर दुनियाभर के घरों तक पहुंची है और इस दौरान 3,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त किया गया है। हम वित्त वर्ष 2027 तक रू.1,000 करोड़ टर्नओवर का लक्ष्य लेकर चल रहे है।

**अशुल अग्रवाल**
एमडीपीएच के संचालन व मानव संसाधन निदेशक

# बिट्स पिलानी शिक्षा संस्थान करेगा आधुनिकीकरण के लिए 1219 करोड़ का निवेश, एआई प्लस कैंपस व डिजिटल प्लेटफार्म शुरु

एजेंसी ▶▶ अमरावती

शिक्षा संस्थान बिट्स पिलानी ने 2025 दीक्षांत समारोह के दौरान उच्च शिक्षा के भविष्य के लिए अपने बदलावकारी दृष्टिकोण का अनावरण किया। इस अवसर पर चांसलर कुमार मंगलम बिरला ने तीन महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की। अमरावती में आधुनिक एआई प्लस कैंपस का लांच, प्रोजेक्ट विस्तार के तहत कैंपस के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 1219 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक निवेश तथा समर्पित ऐडटेक प्लेटफॉर्म बिट्स पिलानी डिजिटल का औपचारिक अनावरण। ये सभी घोषणाएं फिजिकल एवं डिजिटल शिक्षा के संगम के इस दौर में लर्निंग के भविष्य को आकार देने की संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## कैंपस का विकास दो चरणों में किया जाएगा



कैंपस के पहले चरण में अकादमिक शिक्षा एवं छात्रों के जीवन पर फोकस करते हुए 3000 छात्रों को सहयोग प्रदान किया जाएगा। दूसरे चरण में इस क्षमता को बढ़ाकर 7000 से अधिक तक पहुंचाया जाएगा, इसके लिए आधुनिक रीसर्च सेंटर, ग्लोबल कोलाबोरेशन जोन और समर्पित उद्यमिता हब्स एवं सस्टेनेबल मोड्यूलर इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा पैमाना एवं दक्षता बढ़ाई जाएगी। बिट्स पिलानी ने 1219 करोड़ रु के निवेश की प्रतिबद्धता तय की है।

**धर्मगुरु बालदास साहेब ने उठाए सवाल**

# खुशवंत की सुरक्षा में चूक या राजनीतिक षड्यंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर हुए पत्थरबाजी को लेकर रविवार बेमेतरा में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज हो गई, जब सतनामी समाज के धर्मगुरु और विधायक के पिता बालदास साहेब सैंकड़ों की संख्या में समर्थकों व समाज के लोगों के साथ जिला मुख्यालय आए और दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक व प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे। मौका मुआयना करते वक्त धर्मगुरु बालदास साहेब से पुलिस अधीक्षक ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर बिजली खंबे के गिरने की वजह से उसमें लगे पत्थर नुमा चीनी छिटककर विधायक गाड़ी के कांच पर लग गया और यह हादसा हुआ।

### सीएम से मिलेंगे बालदास साहेब

बालदास साहेब ने घोषणा की है कि वे जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात करेंगे और हमले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच, दोषियों की गिरफ्तारी, और पुलिस की भूमिका की समीक्षा की मांग करेंगे। सतनामी समाज के प्रतिनिधियों और युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो बेमेतरा से रायपुर तक सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# 52 एकड़ में 324 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रही नई विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा का सोमवार से शुरू होने वाला मानसून सत्र मौजूदा विधानसभा भवन का आखिरी सत्र होगा। उधर नवा रायपुर में नया विधानसभा भवन तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण लगभग पूरा हो गया है, इंटीरियर का काम अंतिम दौर में है। माना जा रहा है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर में होगा, इससे पहले 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों नई विधानसभा का लोकार्पण होगा।

छत्तीसगढ़ की नई विधानसभा भवन परियोजना नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 52 एकड़ के विशाल क्षेत्र में तेजी से निर्माणाधीन है।

## मौजूदा विधानसभा का आखिरी सत्र सोमवार से, नवा रायपुर में नई विधानसभा में होगा शीत सत्र

### ये हैं प्रमुख सुविधाएं

500 दर्शकों की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम होगा। 700 कारों की पार्किंग सुविधा। परिसर में दो 1.5-1.5 एकड़ के सरोवरों का निर्माण प्रस्तावित है। सांस्कृतिक संग्रहालय, छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला एक संग्रहालय बनाया जा रहा है। साथ ही हरित ऊर्जा के लिए 300 किलोवाट सौर पैनल की स्थापना की जा रही है। फायर फाइटिंग सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और अत्याधुनिक ऑडियो-वीडियो प्रणाली स्थापित की जा रही है।



### नक्शा और लेआउट

नवा रायपुर के सेक्टर-19 में स्थित यह भवन राष्ट्रीय राजमार्ग 30 और 53 से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। परिसर का लेआउट इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह कार्यक्षमता और सौंदर्य का संगम हो। मुख्य प्रवेश द्वार सेक्टर-19 के उत्तरी भाग में, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे जुड़ा है। परिसर के मध्य में सेंट्रल हॉल के साथ तीन विंग त्रिकोणीय संरचना में व्यवस्थित। संग्रहालय और ऑडिटोरियम दक्षिणी भाग में, जो आगंतुकों के लिए सुलभ होगा। परिसर के चारों ओर उद्यानिकी और हरित क्षेत्र, जो पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने का काम करेंगे।

# पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़ा रोकने परीक्षा के पहले लिया जाएगा थम्ब इंप्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस भर्ती में फर्जीवाड़ा रोकने अब उम्मीदवारों का सेंटर्स पर पहले थम्ब इंप्रेशन लिया जाएगा ताकि दस्तावेजों में किसी प्रकार की गड़बड़ी हो तो उसे पकड़ा जा सके। इसके अलावा ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे जिनका फोटो स्पष्ट और साफ लगा होगा। वर्ष 2023 की पुलिस भर्ती में आधार अपडेशन में तकनीकी गड़बड़ी के जरिए कई अयोग्य अभ्यर्थी पुलिस भर्ती में शामिल हो गए थे। इसी कारण इस तरह की गड़बड़ी को रोकने अब सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस मुख्यालय की चयन भर्ती शाखा के अधिकारी और ईएसबी के अफसर इसको लेकर रणनीति बना चुके हैं। वहीं पुलिस मुख्यालय के अफसरों ने आधार नंबर जारी करने वाली एजेंसी के अधिकारियों से भी संपर्क किया है। साथ ही बायोमैट्रिक पहचान में क्लोनिंग रोकने तकनीकी में बदलाव करने की जरूरत भी जताई है। वहीं इस बार आवेदकों को डेटा पीएचक्यू पहले अपने पास बुलाकर परीक्षण करेगा ताकि संदिग्धों की पहले ही पहचान की जा सके। दरअसल पूरा मामला यह है कि इस साल पुलिस में 8500 पदों पर भर्ती की जानी है। यह भर्ती परीक्षा ईएसबी द्वारा आयोजित की जानी है।

**इंजीनियर परीक्षा में पकड़ी गईं दो युवतियां**

# भीतर कॉलर कैमरा और वॉकी-टॉकी, बाहर आटो में बैठकर गूगल से जवाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर के सरकंडा इलाके में स्थित राम दुलारे स्कूल में पीडब्ल्यूडी सिविल सब-इंजीनियर की परीक्षा में हाईटेक तरीके से नकल करते हुए दो लड़कियां पकड़ी गईं हैं। परीक्षार्थी ने कॉलर में माइक्रो कॉलर कैमरा और वॉकी-टॉकी छुपा रखा था। परीक्षा में बैठी युवती कॉलर कैमरे से सवाल बाहर भेज रही थी और बाहर ऑटो में बैठी उसकी साथी आईपैड पर गूगल की मदद से हल ढूंढकर वॉकी-टॉकी से जवाब भेज रही थी। इस पूरे खेल की भनक लगते ही एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने बाहर बैठी युवती को रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके बाद परीक्षा केंद्र में जाकर पर्यवेक्षक को जानकारी दी और नकल कर रही युवती को माइक्रो कैमरे और वाकी टाकी के साथ पकड़ा गया। दोनों युवतियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

- दोनों युवतियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है, पुलिस कर रही जांच

### नकल प्रकरण तैयार कर व्यापम को भेजा

जिला प्रशासन ने कहा कि प्रशासन द्वारा नियमानुसार तत्काल नकल प्रकरण तैयार कर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) को प्रेषित कर दिया गया है। साथ ही, थाना सरकंडा पुलिस को सूचित कर एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित व्यक्तियों पर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल एवं जिला प्रशासन द्वारा इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है।

## हिंदी लेखिका संघ की अध्यक्ष बनी डॉ. साधना

भोपाल। रविवार को विश्व संवाद केंद्र में हिन्दी लेखिका संघ की साधारण सभा एवं आगामी त्रिवार्षिक कार्यकाल के लिए चुनाव हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से डॉ. साधना गंगराडे को हिन्दी लेखिका संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया को डॉ. राजश्री रावत एवं कुसुम श्रीवास्तव ने कराया। कोषाध्यक्ष डॉ. विनीता राहुरीकर ने वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

# हीरो मोटोकॉर्प जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के बाजार में उतरेगी

- सन 2025-26 की दूसरी तिमाही में अपनी उपस्थिति बढ़ाने जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प तेजी से वैश्विक विस्तार कर रही है और उसकी योजना 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की है। कंपनी के चेयरमैन पवन मुंजाल ने यह बात कही है।



मुंजाल ने कंपनी की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि हीरो मोटोकॉर्प ''भविष्य में निवेश कर रही है - भारत और उससे आगे।'' उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अपने मंच, जिसमें 'स्टार्टअप के लिए हीरो' पहल भी शामिल है, के जरिये अगली पीढ़ी के उद्यमियों को प्रोत्साहन दे रही है।

*यूरोप और ब्रिटेन में प्रवेश का फैसला : मुंजाल ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में, हमने ग्राहक अनुभव, गुणवत्ता और पैमाने पर विशेष ध्यान देकर दक्षिण एशिया से लेकर लातिनी अमेरिका तक के अंतरराष्ट्रीय बाजारों में 43 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हासिल की। मुंजाल ने आगे कहा कि इस साल के अंत में यूरोप और ब्रिटेन में प्रवेश करने का फैसला कंपनी की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और नवोन्मेषण समर्थित वैश्विक महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।*

**24 प्रतिभागियों ने लिया प्रकाश तरुण पुष्कर की वर्कशॉप**

# वर्कशॉप 'राहत' : सुकून का एहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन की रिमझिम फुहारों के मध्य, प्रायोगिक हीलिंग की फाउंडर, प्रियम अवस्थी द्वारा वाटर योगा वर्कशॉप 'राहत' का आयोजन किया गया। शहर के मध्य में स्थित प्रकाश तरण पुष्कर में 24 प्रतिभागियों द्वारा योग किया गया। राजधानी में तीसरी बार आयोजित होने वाली इस वर्कशॉप में पूरे सप्ताह की थकान को मिटाने तथा मन की एकाग्रता को बढ़ाने के उद्देश्य से यह वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें 12 वर्ष की उम्र से लेकर 60 वर्ष तक के महिला एवं पुरुषों द्वारा इसमें सहभागिता की गई। शरीर को लचीला बनाने, जोड़ों और मांसपेशियों को मजबूत करने वाले,वाटर योगा के सभी सहभागियों ने इस आयोजन का आनंद लिया। 'राहत' वर्कशॉप की आयोजक, प्रियल अवस्थी (सर्टिफाइड वोगा इंस्ट्रक्टर) द्वारा मन मस्तिष्क पर वोगा के प्रभाव को विस्तार के साथ बताया गया।



## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**गुरु वंदना महोत्सव में सम्मानित हुए कला मनीषी, सांसद एवं पत्रकार**

# पं. सुरेश तांतेड़ ने भारतीय परंपरा को जीवित रखने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुरेश तांतेड़ का काम भारतीय परंपरा को जीवित रखने का काम था। गुरु शिष्य परम्परा ने देश की संस्कृति को बहुत ज्यादा योगदान दिया है। पं सुरेश तांतेड़ ने भोपाल में शास्त्रीय संगीत को बढ़ाने का काम किया। उक्त बात मुख्य अतिथि रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने मानस भवन सभागार में आयोजित अभिनव कला परिषद एवं मधुवन के 55वें गुरु वंदना महोत्सव में कही।



**इनको मिला सम्मान :** कला मनीषी रमेश बोराणा - जोधपुर, डॉ. हरिमोहन बुधौलिया - उज्जैन, डॉ. राम वल्लभ आचार्य - भोपाल, पं. उमेश भट - उज्जैन एवं गोपाल चन्द्र गुप्ता - नरसिंहगढ़ को श्रेष्ठ कला आचार्य तथा पं. कमल कामले, पं. अनिल पौराणिक को अभिनव संगीत रत्न तथा देवेन्द्र सक्सेना बद्र वास्ती, शोएब खान एवं प्रीति राठौर को अभिनव कला सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया।

### वरिष्ठ पत्रकार श्रीधर को पत्रकारिता भूषण की मानद उपाधि


इस अवसर पर अतिथियों ने देश के पद्मश्री अलंकृत विजय दत्त श्रीधर को पत्रकारिता भूषण की मानद उपाधि दी। पूर्व सांसद रघुनन्दन शर्मा ने कहा कि पं. तातेड़ के जाने से प्रदेश में सांस्कृतिक रिक्तता व्याप्त हो गई।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों ... हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मो. 9340637789

## शब्द पहेली - 5928



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5927 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |

## सुडोकु नवताल - 5938

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सुडोकु नवताल - 5937 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : खिताब पर चेल्सी का कब्जा, पीएसजी को 3-0 से दी मात


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहुंचे मुकाबला देखने

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)

कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया, जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल है। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए हैं।



**विजेता टीम को मिली 11 अरब की इनाम राशि**

खिताब जीतने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 11 अरब भारतीय रुपए की इनामी राशि भी मिली, जो कि क्रिकेट वनडे वर्ल्ड कप से 6 गुना से भी ज्यादा है। चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया। ये अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट खिलाड़ी को दिया जाता है।

### चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने नहीं टिक पाया पीएसजी

पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी। मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 81,188 दर्शक उपस्थित थे, जिनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल थे।

## खबर संक्षेप




### अमुंडी एवियन चैंपियनशिप ग्रेस किम ने जीता खिताब

**ऐक्स-लेस-बेन्स (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं। अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट हुआ अधिक दोस्ताना

**लंदन।** इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक का मानना है कि दुनिया भर में फ्रेंचाइजी टूर्नामेंटों के कारण क्रिकेट अधिक दोस्ताना हो गया है और लॉर्ड्स टेस्ट में भारत और मेजबान टीम के बीच चल रही



कड़ी प्रतिस्पर्धा खेल के लिए अच्छी है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच के दौरान दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच शाब्दिक जंग देखने को मिली लेकिन किसी तरह का तनाव पैदा नहीं हुआ और ट्रेस्कोथिक का मानना है कि यह खेल के लिए अच्छा है। ट्रेस्कोथिक ने कहा, 'प्रतिस्पर्धी बने रहने से निश्चित रूप से स्थिति में मदद मिलती है। इससे श्रृंखला का माहौल अच्छा बनता है। पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट थोड़ा ज़्यादा दोस्ताना हो गया है क्योंकि खिलाड़ी दुनिया भर में फ्रैंचाइजी टूर्नामेंटों में एक साथ खेलते हैं। कभी-कभी खेल में कुछ नया करना अच्छा होता है।' उन्होंने कहा, 'दोनों टीमें खेल को लेकर जुनूनी हैं और उनके बीच माहौल गर्म होना स्वाभाविक है।

### एमवाईएएस ने की 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' की घोषणा

**नई दिल्ली।** नशे की लत के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) 18 जुलाई से वाराणसी में तीन दिवसीय 'युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन' आयोजित करने जा रहा है, जहां 500 युवा प्रतिनिधि इस बुराई के खिलाफ 'विचार-विमर्श कर रणनीतियां बनाएंगे'। इस सम्मेलन का उद्देश्य 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय रणनीति तैयार करना है। इसके लिए पंजीकरण 18 जुलाई को शुरू होगा जबकि सम्मेलन की शुरुआत इसके अगले दिन होगी। सम्मेलन में चर्चा के आधार पर 'काशी घोषणापत्र' के नाम से कार्य योजना जारी की जायेगी।

## टेस्ट : जोफ्रा आर्चर ने इंग्लैंड के लिए की शानदार गेंदबाजी

# लॉर्ड्स में नहीं चले दोनों टीमों के बल्लेबाज दूसरी पारी में पिच ने दिया गेंदबाजों का साथ

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय बल्लेबाज लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे। क्रिस वोक्स (11 रन पर एक विकेट) ने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर नीतीश कुमार रेड्डी (13) को विकेटकीपर जेम्स स्मिथ के हाथों कैच कराया, जिससे 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर 8 विकेट पर 138 रन हो गया। लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में दोनों टीमों के बल्लेबाजों का बल्ला नहीं चला। लॉर्डस की पिच ने गेंदबाजों को साथ दिया।

भारत ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 58 रन से की। टीम को तेजी से टूटती और आसमान उछाल वाली पिच पर 135 रन की और जरूरत थी। भारत को 1932 के बाद से इस प्रतिष्ठित मैदान पर अपनी चौथी जीत के लिए बल्लेबाजों से आक्रामक प्रदर्शन की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पहले घंटे के अंदर ऋषभ पंत (12 गेंद पर 9 रन), लोकेश राहुल (58 गेंद पर 39 रन) और वाशिंगटन सुंदर (चार गेंद पर शून्य) के आउट हो गए। जडेजा और रेड्डी ने हालांकि आठवें विकेट के लिए 30 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन वोक्स ने लंच से पहले की अंतिम गेंद पर उन्हें विकेटकीपर जेम्स स्मिथ के हाथों कैच करा दिया। भारत को राहुल और पंत की जोड़ी से काफी उम्मीदें थी लेकिन ये दोनों 18 गेंद के भीतर आउट हो गए। पंत को पहले दिन विकेटकीपिंग करते हुए बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लगी थी और वह आर्चर की तूफानी गेंदबाजी के सामने असहज दिखे।



### मैदान में जडेजा और कार्स की बीच तीखी बहस



*भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच के आखिरी दिन रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स के बीच मैदान पर टक्कर हो गई। इसके बाद बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच बहस हो गई। बाद में इंग्लैंड कप्तान बेन स्टोक्स को बीच में आकर मामला शांत कराना पड़ा। ये घटना 35वें ओवर की आखिरी गेंद के बाद हुई। जडेजा ने एक शॉट खेला और रन लेने के लिए दौड़े। उसी समय कार्स भी गेंद की तरफ देख रहे थे और दोनों आपस में टकरा गए। कार्स को गुस्सा आ गया क्योंकि उनका संतुलन बिगड़ गया था। जडेजा को भी चोट लग सकती थी। दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद स्टोक्स ने बीच बचाव किया।*

### गिल ने द्रविड़ और कोहली को छोड़ा पीछे

शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 16 और 6 रन बनाए। इसी के साथ उनके एक सीरीज में 607 रन हो गए। इस मैच से पहले गिल ने चार पारियों में 585 रन बना लिए थे। अब वह इंग्लैंड में एक ही सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2002 में छह पारियों में 602 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। अब गिल ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है।

### आईसीसी ने सिराज पर ठोका जुर्माना



लंदन। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर लाडर्स में तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सोमवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया।

## विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर ने कहा

# अल्काराज पर जीत ने विंबलडन खिताब को खास बना दिया



एजेंसी ▶▶| लंदन

यनिक सिनर हर हाल में विंबलडन का खिताब जीतना चाहते थे फिर चाहे फाइनल में उनका प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, लेकिन अब उन्होंने स्वीकार किया है कि कार्लोस अल्काराज पर जीत ने इसे खास बना दिया है।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने रविवार को यहां फाइनल में पिछले दो बार के विजेता अल्काराज के खिलाफ 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीत हासिल करके पहली बार विंबलडन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, 'यह निश्चित तौर पर काफी मायने रखता है क्योंकि जब आप किसी के खिलाफ कई बार हार जाते हैं, तो यह आसान नहीं होता है।' सिनर इससे पहले अल्काराज के खिलाफ लगातार पांच मैच हार चुके थे और उनके लिए पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेले गए मैच से ज़्यादा निराशाजनक कुछ नहीं था। सिनर ने उस मैच में दो सेट की बढ़त हासिल की, फिर तीन चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए लेकिन आखिर में पांच घंटे 29 मिनट तक चले मैच में पांच सेटों में हार गए। सिनर ने कहा, 'मैं कार्लोस को हमेशा अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि आज भी मुझे लगा कि वह कुछ चीज़ें मुझसे बेहतर कर रहा है।

### आरोन बने सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज कोच



**हैदराबाद।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है। आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे।

## जापान ओपन सुपर बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सात्विक-चिराग की निगाह खिताब सिंधू-लक्ष्य की फॉर्म में वापसी पर



एजेंसी ▶▶| टोकिया

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही। उन्होंने पूरी तरह से फिट होने के बाद अच्छी वापसी की तथा सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। जापान ओपन में यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू के खिलाफ करेगी।

### लक्ष्य सेन का पहला मुकाबला वांग झेंग जिंग से

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू 950,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। लक्ष्य इस सत्र में कई बार पहले दौर में ही बाहर हो गए हैं। वर्तमान सत्र में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन ऑल इंग्लैंड में क्वार्टर फाइनल में पहुंचना रहा। सिंगापुर ओपन में लिन चुन-यी के खिलाफ पीठ की चोट के कारण रिटायर होने के बाद उन्होंने इंडोनेशिया में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी शी यू की के खिलाफ हार के दौरान वापसी की झलक दिखाई। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी अपने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग का सामना करेगा।

### सिंधू का इंडिया ओपन में रहा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

विश्व में 16वीं रैंकिंग वाली सिंधू के लिए जनवरी में इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना 2025 में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पूर्व विश्व चैंपियन इस साल चार बार पहले दौर और तीन बार दूसरे दौर से बाहर हो चुकी हैं। वह कोरिया की सिम यू जिन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। भारत के अन्य खिलाड़ियों में इस वर्ष की शुरुआत में ताइपे ओपन सेमीफाइनलिस्ट रहीं उन्नति हुड्डा का सामना पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से, जबकि अनुपमा उपाध्याय का सामना हमवतन भारतीय रक्षिता रामराज से होगा।

# महिला विश्व कप : दिव्या हम्पी अंतिम-16 में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने यहां विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी, जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर



ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी. हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी।

# एमएलसी ट्रॉफी : एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को हराया, खिताब किया अपने नाम

एजेंसी ▶▶| डलास (अमेरिका)

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के शानदार अर्धशतक की मदद से एमआई न्यूयॉर्क ने ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में वाशिंगटन फ्रीडम को पांच रन से हराकर तीन साल में अपनी दूसरी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) ट्रॉफी जीती।

डी कॉक की 46 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई 77 रन की पारी की बदौलत आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के स्वामित्व वाली एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र के तेज तर्रार 70 रन (41 गेंद)




और उनके हमवतन ग्लेन फिलिप्स के नाबाद 48 रन के बावजूद वाशिंगटन फ्रीडम की टीम चार विकेट पर 175 रन ही बना सकी। यह मुंबई इंडियंस का विश्व स्तर पर 13वां और 2025 में तीसरा खिताब है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में एमआई केपटाउन की टीम एसए20 और मुंबई इंडियंस की महिला टीम महिला प्रीमियर लीग में चैंपियन बनी थी।

## वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने 181 रन की बढ़त हासिल की

# वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाए कंगारू

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

कैमरन ग्रीन की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज की आक्रामक तेज गेंदबाजी के सामने 99 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद कुल 181 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन 42 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ दूसरे छोर पर कप्तान पैट कमिंस पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। तीनों सत्र में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों के 15 विकेट गिरे।

### खराब रही ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों ने रात्रि टेस्ट मैच में इससे पहले वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 रन पर आउट करके अपनी टीम को 82 रन की बढ़त दिला दी थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उन्हें तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (19 रन देकर तीन विकेट) और शमर जोसेफ (26 रन देकर दो विकेट) की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शमर जोसेफ ने दूसरे ओवर में सैम कोंस्टास (00) आउट कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का पतन शुरू हो गया।



### कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक

19 वर्षीय कोंस्टास का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने छह पारियों में 50 रन बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा (14) और स्टीव स्मिथ (05) दोनों नहीं चल पाए और बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने 21वें ओवर में ब्यू वेबस्टर (13) और एलेक्स कैरी (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 69 रन कर दिया।

### नहीं चल पाए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज

इससे पहले वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी नहीं चल पाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 34 रन देकर तीन जबकि जोश हेज़लवुड तथा पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज़ अपनी पहली पारी में सिर्फ़ 52 ओवर में ही आउट हो गया। वेस्टइंडीज की तरफ से जॉन कैम्पबेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए जबकि शाई होप (23) 20 रन की संख्या पार करने वाले दूसरे बल्लेबाज रहे।

▶ **हाईकोर्ट ने कहा :** 20 साल की सजा निरस्त, आरोपों को किया बरी, दो पूर्व सरपंचों के बीच रंजिश के चलते दर्ज करवाया गया था नाबालिग से रेप का झूठा प्रकरण, दमोह जिले का मामला

# राजनीतिक रंजिश के चलते लगवाया था दुष्कर्म का झूठा आरोप

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने राजनीतिक रंजिश के चलते पूर्व सरपंच पर लगाये गए दुष्कर्म के आरोप को खारिज कर दिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल वो जस्टिस अवनींद्र कुमार सिंह की खंडपीठ ने कहा कि डॉक्टर की रिपोर्ट से भी दुष्कर्म का आरोप सिद्ध नहीं होता। कोर्ट ने अपीलकर्ता को बरी करते हुए कहा कि गवाहों से साबित होता है कि राजनीतिक रंजिश के चलते एक अन्य पूर्व सरपंच ने नाबालिग वो उसकी मां के जरिए ये झूठा आरोप लगाया। इस मत के साथ कोर्ट ने दमोह जिला अदालत द्वारा अपीलकर्ता को सुनाई गई 22 साल की सजा निरस्त कर दी।



### यह है मामला

अभियोजन के प्रकरण के अनुसार, नाबालिग पीड़िता ने दमोह जिले के बकैनी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बब्बू उर्फ बाबू सिंह लोधी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पथरिया थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, 8 दिसंबर 2022 को सुबह पीड़िता स्कूल जा रही थी। राह में पूर्व सरपंच बब्बू की दुकान में वह चिप्स खरीदने गई। तभी बब्बू उसे चक्की के अंदर ले गया। वहां उसने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। दहशत के चलते वह किसी को कुछ नहीं बता पाई। लेकिन, मां ने जोर देकर पूछा तो 10 दिसंबर 2022 को उसने उन्हें सारा वाकया बताया। इसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। 12 सितम्बर 2024 को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दमोह की अदालत ने आरोपी बब्बू को दोषी करार देकर कुल 22 वर्ष की सजा सुनाई। इसी के खिलाफ बब्बू ने यह अपील दायर की।

### यह कहा कोर्ट ने

सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि सभी गवाहों के बयानों से यह साफ होता है कि पूर्व सरपंच राजेंद्र सिंह की अपीलकर्ता से राजनीतिक रंजिश थी। पीड़िता व उसकी मां से राजेंद्र सिंह की पहचान थी। उसके सिखाए अनुसार, पीड़िता व उसकी मां ने पुलिस के समक्ष अपीलकर्ता के खिलाफ बयान दिए। वहीं, मेडिकल रिपोर्ट में भी स्पष्ट है कि पीड़िता को आंतरिक या बाह्य अंगों पर कोई चोट या जबरदस्ती के निशान नहीं थे। इन आधारों पर कोर्ट ने दमोह जिला अदालत का फैसला निरस्त कर दिया।

### गोली मारकर डंपर चालक की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की अदालत ने बेलखेड़ा थाना क्षेत्र ग्राम पावला में डंपर चालक की गोली मारकर हत्या करने के मामलें में आरोपी देवी सिंह लोधी का दोष सिद्ध पाते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुना दी, साथ ही 6 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रेत परिवहन के काम में लगे डंपर चालक धनीराम को 14 दिसंबर 2020 को गोली मार दी गई थी, जिसे इलाज के लिए मेट्रो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामलें में आरोपी के विरुद्ध धारा 307 भारतीय दण्ड संहिता पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत धारा 302 का इजाफा किया गया। विवेचना के दौरान हमलावर ग्राम सांकल, थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर निवासी देवी सिंह लोधी को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में चलान पेश किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पैरवी की और 15 गवाहों के बयान कोर्ट के समक्ष कराए। गवाहों और बयानों के मद्देनजर न्यायालय ने आरोपी का दोष सिद्ध पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## सेशन कोर्ट का फैसला : हत्यारे को आजीवन कारावास व जुर्माना

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश रजक की अदालत ने हत्या के आरोपित नरसिंहपुर निवासी देवी सिंह लोधी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ उसे आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ग्राम सांकल, थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर निवासी आरोपित ने चार दिसंबर, 2020 को वाहन चालक धनीराम को गोली मार दी थी। जिसे गंभारावस्था में अस्पताल ले जाया गया। काफी प्रयास के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। लिहाजा, पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। आरोपिते हाइवा में रेत परिवहन का कार्य करता था। एक हाइवा का चालक धनीराम था। विवाद के चलते आरोपित ने उसे गोली मार दी। अदालत ने गवाहों के बयानों व साक्ष्यों के आधार पर दोष साबित पाकर सजा सुना दी।

पासपोर्ट बनवाना हुआ आसान, ऑनलाइन आवेदन और फीस करें जमा

# 7 से 15 दिन में बनवा सकते हैं पासपोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

यदि आप नौकरी, पढ़ाई, घूमने या किसी जरूरी काम से विदेश जाना चाहते हैं, तो सबसे पहला और जरूरी दस्तावेज है पासपोर्ट। मप्र सहित देशभर में अब पासपोर्ट बनवाना पहले की तुलना में आसान हो गया है, लेकिन इसके लिए सही जानकारी और दस्तावेजों का होना जरूरी है। पासपोर्ट बनवाने के लिए आपको ऑनलाइन आवेदन से लेकर अपाइंटमेंट बुकिंग, दस्तावेज सत्यापन और पुलिस वेरिफिकेशन तक की प्रक्रिया को पूरा करना होता है। अब तय नियमों और जरूरी शर्तों का पूरा कर बगैर एजेंट के भी खुद ही पासपोर्ट बनवा सकते हैं। 15 से 30 दिन में पासपोर्ट जारी हो जाता है। यदि आपको जल्दी पासपोर्ट चाहिए, तो तत्काल सेवा का विकल्प भी मौजूद है, जिसमे कुछ अतिरिक्त शुल्क देकर पासपोर्ट तीन से सात दिन में आपके पते पर पहुंच जाता है।



पासपोर्ट बनवाने की पूरी प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेज, फीस और पुलिस वेरिफिकेशन से लेकर अपाइटमेंट प्रक्रिया की जानकारी होने पर आप घर बैठे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर करना होगा। लॉगिन के बाद आप फ्रेस फासपोर्ट या री-इश्यू के लिए ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। इसके बाद आपको अपने नजदीकी पासपोर्ट सेवा केंद्र को चुनकर अपॉइंटमेंट बुक करना होगा। अपाइंटमेंट वाले दिन और समय पर आपको पासपोर्ट कार्यालय पहुंचकर दस्तावेज वेरिफिकेशन और फोटो करवाना होगा। इसके बाद पुलिस वेरिफिकेशन होगा। इस पूरी प्रक्रिया के संपन्न होने के बाद आपके दिए गए पते पर पासपोर्ट डाक से पहुंच जाएगा।

### इस तरह चलती है प्रक्रिया

एक बार में एक ही अपाइंटमेंट लिया जा सकता है। यदि आप निर्धारित तारीख पर नहीं पहुंचते हैं, तो अपाइंटमेंट निरस्त माना जाता है। इसके बाद आपको दोबारा स्लाट बुक कर अपाइंटमेंट बुक करना होता है। एक बार जमा की गई फीस में आप तीन बार अपाइंटमेंट बुक कर सकते हैं। इसके बाद फिर से पूरी प्रक्रिया और फीस जमा करना होगी। पासपोर्ट आवेदन के बाद अपाइटमेंट लेकर दस्तावेज वेरिफिकेशन होता है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया होती है। आवेदक के स्थानीय थाने से पुलिसकर्मी आपके पते पर आते हैं और सत्यापन करते हैं कि आप वहां वास्तव में रहते हैं या नहीं। इस दौरान पुलिसकर्मी आपके मूल दस्तावेज और उनकी कापी भी देखेंगे। सत्यापन रिपोर्ट पुलिस द्वारा ऑनलाइन भेजी जाती है, जो पासपोर्ट कार्यालय को जाती है।

### तत्काल पासपोर्ट की प्रक्रिया

आवेदक यदि जल्दी पासपोर्ट चाहता है, तो वह तत्काल योजना के तहत आवेदन कर सकता है। इसमें ऑनलाइन आवेदन के दौरान ही तत्काल सेवा को चुनना होता है और निर्धारित 1500 रुपये ही फीस ऑनलाइन जमा की जाती है। तत्काल सेवा की शेष राशि अपाइंटमेंट के समय दस्तावेज वेरिफिकेशन के समय जमा करना होगी है। यह राशि ऑनलाइन और नकद दोनों तरह से जमा की जा सकती है। इसमें पुलिस वेरिफिकशन पासपोर्ट जारी होने के पहले और बाद में किसी भी समय हो सकता है।

## हाईवा में फंसकर 500 मीटर घिसटा डिलेवरी ब्वॉय, मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत महात्मा गांधी ग्रामीण विकास संस्थान कंचनपुर रोड अधारताल में एक हाईवा ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिससे बाईक में सवार फूड डिलेवरी ब्वॉय हाईवा में फंसकर 500 मीटर घिसटते हुए चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचनपुर निवासी स्विगी फूड डिलेवरी लकी विश्वकर्मा रोजाना की तरह गत दिवस अपना काम खत्म कर अपनी बाईक क्रमांक एमपी 20 एम यू 2567 से अपने घर लौट रहा था, जैसे ही रात लगभग 11.50 बजे महात्मा गांधी ग्रामीण विकास संस्थान के बगल में कंचनपुर रोड अधारताल पहुंचा, तभी पीछे से आ रहा हाईवा क्रमांक एमपी 49 जेडडी 9088 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये लकी विश्वकर्मा की बाईक टक्कर मार दी, जिससे लकी विश्वकर्मा हाईवा में फंसकर लगभग 500 मीटर घिसटते हुये चला गया तथा उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 106(1) बीएनएस तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हाई कोर्ट ने हत्या की सजा से दंडित करने को माना उचित

## घर से बाहर बुलाकर किया था चाकू से हमला

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने अपने आदेश में साफ किया कि प्रकरण गैर इरादतन नहीं बल्कि इरादतन हत्या का साबित हुआ था। लिहाजा, सेशन कोर्ट द्वारा हत्या के अपराध में सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा उचित थी। जिसे अपील के जरिए दी गई चुनौती स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। अपीलकर्ता ने प्रापर्टी डीलर के घर से बाहर आते ही चाकू से हमला कर दिया था। इससे साफ है कि उसकी हत्या करने की ही नीयत थी। ऐसे में गैर इरादतन हत्या निरूपित कर कठोर सजा से बचने की कोशिश बेमानी है। छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्ना थानांतर्गत निवासी बाबूलाल की तरफ से दायर अपील में कहा गया था कि उसके घर के समीप जितेन्द्र नामक युवक रहता था, जो प्रापर्टी डीलर का काम करता था। दोनों के परिवार एक-दूसरे से परिचित थे। अभियोजन के अनुसार अपीलकर्ता 24 मई, 2015 की शाम को जितेन्द्र के घर गया और घंटी बजाई थी। घंटी बजाकर आवाज सुनकर जितेन्द्र ने दरवाजा खोला तो देखा कोई नही था। वह आंगन में आया तो आरोपित ने उसके सीने पर चाकू से प्रहार करने के बाद भाग गया। जितेन्द्र ने उसके पीछे भाग और कुछ दूर जाने के बाद गिर गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया और उसकी मृत्यु हो गई थी। अपील में कहा गया था कि सेशन कोर्ट ने वर्ष 2017 में हत्या के अपराध में उसे आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। उसका उद्देश्य जितेन्द्र की हत्या करना नहीं था और चाकू के सिर्फ एक प्रहान से उसकी मौत हो गई। अपील में राहत चाही गई थी कि अपराध को गैर इरादतन हत्या का प्रकरण माना जाए।

## पटना में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या वाईस चेयरमेन सैनी ने की घोर निंदा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन आर. के सिंह सैनी ने बताया कि दिनांक 13.07.2025 को दोपहर 3 बजे जब पटना के वकील जितेन्द्र कुमार महतो घर से कुछ दूरी पर चाय की दुकान पर चाय पीकर लौट रहे थे तभी 3 अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। जैसे ही अधिवक्ता भाग कर अशोक राजपथ स्थित ट्रेनिंग कॉलेज के पास इंडियन बैंक के पास पहुँचे उन्हें बदमाशों ने घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान गोली लगने के बाद बचने के लिये बैंक के सटे चबूतरे पर चढ़ गये, लेकिन गोली से चख्मी होने के कारण वह चबूतरे से गिर गये, इसी बीच बदमाशों ने दो और गोलियाँ उन्हें मार दी जिससे जख्मी होने के कारण वह वहीं पर गिर गये और उनकी मौत हो गई।

श्री सैनी ने इस घटना की घोर निंदा की है एवं उनके द्वारा डी.जी. पी बिहार को पत्र लिखा गया एवं भारत के विधि मंत्री को भी पत्र लिखा गया और माँग की गई कि जल्द से जल्द देश में एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट पूरे देश में लाया जावे जिससे अधिवक्ता अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

## मद्रास हाई कोर्ट के जस्टिस विवेक कुमार सिंह मप्र हाई कोर्ट ट्रांसफर

हरिभूमि, जबलपुर।



मद्रास हाई कोर्ट के पदस्थ न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इस संबंध में भारत शासन, विधि व न्याय मंत्रालय, न्याय विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिसके अनुसार भारत के संविधान में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रपति ने नवीन पदस्थापना आदेश जारी कर दिया है। न्यायमूर्ति सिंह ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से अपनी वकालत शुरू की थी। वे दीवानी और फौजदारी मामलों में वकालत करते थे। उन्हें 22 सितंबर, 2017 को इलाहाबाद हाई कोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। छह सितंबर, 2019 को वहीं स्थायी न्यायाधीश बने। 23 नवंबर, 2023 को उनका मद्रास हाई कोर्ट स्थानांतरण हुआ था। अब वे मप्र हाई कोर्ट आ रहे हैं।

# नागपुर हाईवे पर 10 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया आरोपी

हरिभूमि जबलपुर।

क्राईम ब्रांच और तिलवारा पुलिस की संयुक्त टीम ने नागपुर जबलपुर हाईवे स्थित लम्हेटा घाट बायपास के समीप मादक पदार्थ गांजे की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 किलो 304 गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 2 लाख 6 हजार रुपए बताई गई है।

तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान गत रात क्राईम ब्रांच और तिलवारा पुलिस की टीम ने नागपुर-जबलपुर हाईवे स्थित लम्हेटा घाट वायपास के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़े नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी 28 वर्षीय विवेक उर्फ आलोक साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 पैकेट में रखे 10 किलो 304 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी विवेक उर्फ आलोक साहू के विरूद्ध धारा 8, 20 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



## देश के आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए 12वीं के न्यूनतम 50 प्रतिशत पीसीबी मार्क्स की बाध्यता अब समाप्त

- अब केवल फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी या बायोटेक्नोलॉजी होना आवश्यक
- सभी श्रेणियों के लिए न्यूनतम अंक प्रतिशत पात्रता मानदंड वापस ले लिया गया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिए बारहवीं के न्यूनतम 50 प्रतिशत पीसीबी मार्क्स की बाध्यता भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने समाप्त कर दी है। एनसीआईएसएम के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद ने जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि आयुर्वेद स्नातक शिक्षण के न्यूनतम मानक विनियम 2022-5 (1)/ ए के सभी श्रेणियों के लिए न्यूनतम अंक प्रतिशत पात्रता मानदण्ड वापस ले लिया गया है।



आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने बताया कि इसके पूर्व 12वीं में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान में सामान्य ओपन श्रेणी में न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग की श्रेणियों के लिए 40 प्रतिशत मार्क्स अनिवार्य थे। तभी छात्र आयुर्वेद बीएएमएस में नीट के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकता था। अब केवल बारहवीं कक्षा फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी या बायोटेक्नोलॉजी विषय के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है।




लो-प्रेशर हुआ प्रभावी : संभाग में भारी वर्षा की चेतावनी

# सावन की रिमझिम के बीच हो रही झमाझम बारिश भी

हरिभूमि जबलपुर।

आषाढ़ में जमकर मेहरबान हुए बादल, सावन में भी झूमकर बरस रहे है। उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश में हवा के कम दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इससे बारिश का दौर जारी है। कभी तेज तो कभी रिमझिम पानी की फुहारे चल रही हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई 8.8 इंच बारिश के बाद कुल वर्षा का आंकड़ा 22.5 इंच पर पहुंच गया है। बारिश की वजह से लोगों को तेज उमस और गर्मी से राहत मिली। वातावरण में ठंडक घुल गयी। तापमान में भी गिरावट आई है। शहर में हो रही बारिश से जलप्लावन और गंदगी की समस्या ने पैर पसार लिए हैं। बारिश होने की बजह से सफाई व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है।



### बारिश से जनजीवन प्रभावित

लगातार गर्मी और उमस झेल रही जनजीवन को बारिश ने बहुत हद तक राहत पहुंचाई। बोनी कर चुके किसानों के चेहरे खिल उठे। हालांकि उमस ने अभी तक पीछा नहीं छोड़ा। बारिश की वजह से सड़कों पर हुए जलप्लावन और नालों से निकलकर आई गंदगी ने जनजीवन को प्रभावित किया। समूचा शहर जल प्लावन की समस्या से जूझ रहा है। पानी की निकासी के माकूल इंतजाम नहीं होने से यह समस्या विकराल रुप धारण कर रही है।

### सब्जी महंगी हुई

बारिश की मार से रोज उत्पादित होने वाली सब्जियां प्रभावित हो रही हैं। जिससे मंडी में उनकी आवक कम हो गई है। मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ने से सब्जियों के दाम बढ़ गये हैं। टमाटर, हरी धनिया और मिर्ची 40 रुपये से ऊपर बिक रही है। जबकि आलू, परमल, भटा के दाम भी आसमान छू रहे हैं। बारिश का असर सब्जियों के दामों पर पड़ा है।

### अब तक 22 इंच बारिश

मौसम कार्यालय के मुताबिक उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश के जिलों में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। जिसकी वजह से आसमान पर बादलों का डेरा है। बारिश का क्रम जारी हैं। लगातार वर्षा के कारण हवा में नमीं बढ़ी हुई है। और तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम न्यूनतम तापमान 24.1 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 86 प्रतिशत और सायंकाल 90 प्रतिशत आंकी गई। वर्षा 8.8 मिमी दर्ज की गयी। 1 जून से अब तक हुई कुल वर्षा 573.2 मिमी (22.5 इंच) दर्ज की जा चुकी है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.24 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.59 मिनिट पर हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## कम्प्यूटर ऑपरेटरों की गलती, एफआईआर राईस मिलरों पर....

# क्या इस बार कलेक्टर कर गए जल्दबाजी...!

## जबलपुर राईस मिलर्स एसोसिएशन ने लगाए प्रशासन पर गंभीर आरोप

हरिभूमि, जबलपुर।

मप्र के सबसे बड़े धान घोटाला में हुई एक और एफआईआर से हड़कंप मचा हुआ है। इसी बीच धान घोटाला में फंसे राइस मिलों के संचालक ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मिलरों ने कहा कि जो अपराध उन्होंने किया ही नहीं उसके खिलाफ कलेक्टर के निर्देश पर एफआईआर दर्ज कराई है, जबकि दो माह पूर्व ही एमडी नागरिक आपूर्ति निगम व मप्र वेयरहाउसिंग द्वारा हम लोगों को क्लीन चिट दी जा चुकी है। राइस मिल संचालकों द्वारा पत्रकार वार्ता में दिए गए दस्तावेज कहानी ही दूसरी बयां कर रहे हैं। वहीं कहा जाने लगा है कि इस बार कहीं कलेक्टर जल्दबाजी तो नहीं कर गए।

**अगर यही हालात रहे तो बंद कर देंगे चावल की मिलिंग**



उल्लेखनीय है कि गत दिनों जिला प्रशासन ने जबलपुर लोकल के 15 मिलरों के खिलाफ लगभग 43 करोड़ रुपये की धान का गबन का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं 27 मिलरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं। जिन 15 राइस मिलरों के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, वह आज पत्रकारों के सामने आए एवं अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे द्वारा किसी प्रकार का कोई गबन नहीं किया गया। हमें जब इस बात का नोटिस मिला तो हमने प्रशासन के सामने समस्त दस्तावेज रखे, परंतु प्रशासन का कहना था कि पोर्टल में जिस नंबर की गाड़ियां दर्ज है, चल ही नहीं रही हैं। इतना ही नहीं, प्रशासन का कहना है कि पोर्टल से नंबर मिलान होने के बाद यह प्रक्रिया अपनाई गई है।

### कम्प्यूटर ऑपरेटरों पर लगाया आरोप

राइस मिल संचालकों का कहना है, जब डीओ कटते हैं तो उसमें कोई भी नंबर डालकर डीओ प्रदान किया जाता है। वहीं जब हम लॉट उठाते हैं तो वहां जो भी गाड़ी जाती है, उसका गेट पास और कांटा होता है, तथा उस गाड़ी का नंबर हमने नागरिक आपूर्ति निगम के ऑपरेटरों को दिया अब यह विभागीय प्रक्रिया होती है कि वह सही नंबर को पोर्टल में दर्ज करे, लेकिन उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया। जबकि हमारे पास पूरे दस्तावेज मौजूद हैं। हमें नहीं मालूम होता है कि डीओ काटते समय किस वाहन का नंबर चढ़ाया गया है। इससे ये भी साबित नहीं होता है कि हमने कोई गबन किया है। क्योंकि जितने लॉट का डीओ काटा गया है उतना हमारे द्वारा डिपॉजिट भी किया गया है। इसमें गबन कहां से हो गया।

### बंद करना पड़ेगा व्यापार

राइस मिल संचालकों ने कहा कि जिस प्रकार से खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है, और हमारी बात को यहां तक कि हमारे दस्तावेजों को भी नहीं देखा जा रहा है, उससे तो एक बात स्पष्ट है कि अब व्यापार करना कठिन हो गया है। क्योंकि जो राइस मिल हमारे द्वारा संचालित हो रही हैं, वह हमारी बहन, माँ, या पत्नी के नाम पर हैं, कलेक्टर साहब से जो एफआईआर दर्ज कराई है, उससे हमारे घर वाले भी परेशान हैं। क्या हम अपने परिवार की महिलाओं को जेल भेज दें। वो भी उस कार्य के लिए जो हमने किया ही नहीं।

### जब गबन नहीं तो एफआईआर क्यों

जिला प्रशासन पूरी तरह हम लोगों को बर्बाद करना चाहता है, उसकी मंशा क्या है हमें भी नहीं पता। हमने जब गबन किया ही नहीं तो एफआईआर क्यों... उनका कहना था कि जितनी धान का डीओ काटा गया उतना चावल हम डिपॉजिट कर चुके हैं। 43 करोड़ का गैर तथ्यात्मक गबन दिखाया गया, जो कि सरासर गलत है।

### ये है मामला-

गौरतलब है कि जबलपुर में धान का बड़ा घोटाला जिला प्रशासन द्वारा उजागर किया था, जब अधिकारी, कर्मचारियों सहित बाहर के मिलरों सहित 74 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उसके बाद से लगातार धान घोटाला सुर्खियों में बना हुआ था। इसके बाद एक साथ 43 लोकल मिलरों में से 16 मिलरों के खिलाफ हुई एफआईआर ने एक बार फिर घोटाले का जिन्न बाहर निकलकर आ गया है। वहीं 27 के खिलाफ विभागीय कार्यवाही होने की गई है। हालांकि इस पूरे मामले में जिला प्रशासन द्वारा फिलहाल किसी प्रकार का खंडन नहीं किया गया है।

# शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया योग्यता आधारित व पारदर्शी हो

## हाई कोर्ट बार के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने महाधिवक्ता को पत्र लिखकर उठाई मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता कार्यालय में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया अपेक्षाकृत अधिक पारदर्शी बनाए जाने की आवश्यकता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक शासकीय अधिवक्ता का चयन योग्यता आधारित होना चाहिए।

उक्त मांग हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को पत्र के जरिए उठाई है। पत्र की प्रतियां विधि एवं विधायी कार्य विभाग, मध्य प्रदेश शासन, हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, एमपी स्टेट बार के चेयरमैन व सचिव, हाई कोर्ट, हाई कोर्ट एडवोकेट्स व सीनियर बार जबलपुर, इंदौर व ग्वालियर के अध्यक्ष व सचिव को भेजी गई हैं।



पत्र में आवेदन आमंत्रित करने के कदम की सराहना की गई है। साथ ही यह भी अपेक्षा जताई गई है कि प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों में से मैरिट के आधार पर सर्वथा योग्य अधिवक्ताओं को ही शासकीय अधिवक्ता नियुक्त किया जाए। चयन प्रक्रिया की अस्पष्टता से असंतोष व्याप्त होता है। देखने में आया है कि चयनित उम्मीदवारों की अंतिम सूची अक्सर चयन पद्धति, पात्रता मानदंडों या मूल्यांकन मानदंडों के किसी भी आधिकारिक प्रकटीकरण के बिना जारी कर दी जाती है। पारदर्शिता का यह अभाव निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न उठाता है और दुर्भाग्यवश, पक्षपात या राजनीतिक रूप से प्रभावित चयनों की धारणाओं को जन्म देता है, जिससे कई वास्तविक रूप से योग्य अधिवक्ताओं का मनोबल गिरता है। अतीत में, ऐसी नियुक्तियों में पारदर्शिता के अभाव के कारण अधिवक्ताओं में निराशा और अविश्वास की भावना पैदा हुई है। यह सुनिश्चित करना हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि किसी भी योग्य और सक्षम वकील को सत्ता से जुड़ाव या निकटता के अभाव के कारण अनदेखा या दरकिनार न किया जाए। विश्वास है क यह नियुक्ति प्रक्रिया संस्थागत निष्ठा, निष्पक्षता और व्यावसायिकता का एक उदाहरण स्थापित करेगी। एक सच्ची पारदर्शी और योग्यता-आधारित प्रणाली न केवल आपके पद की गरिमा को बढ़ाएगी, बल्कि विधिक समुदाय का विश्वास भी बहाल करेगी।

# अब 8 घंटे पहले तैयार हो रहा पहला चार्ट

## रेलवे आरक्षण चार्टिंग प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन

**जबलपुर।** यात्री सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए रेलवे बोर्ड द्वारा आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया में बड़े बदलाव लागू किए गए हैं। जबलपुर मंडल में यह नई व्यवस्था दिनांक आज रात 12 बजे से लागू होगी, जिसके तहत ट्रेनों का प्रथम आरक्षण चार्ट अब उनके प्रस्थान समय से 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि पूर्व में यह चार्टिंग प्रक्रिया ट्रेन प्रस्थान से 04 घंटे पूर्व तैयार की जाती थी जो कि अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा जिससे प्रतीक्षा सूची और आरएसी यात्रियों को अपनी बर्थ की स्थिति 08 घंटे पहले मालूम चल सकेगी।

चार्टिंग की नई समय-सारणी के अनुसार जिन ट्रेनों का प्रस्थान सुबह 05:00 बजे से दोपहर 14:00 बजे के बीच है, उनका



पहला चार्ट पूर्ववर्ती दिन रात्रि 21:00 बजे तक तैयार किया जाएगा। जिन ट्रेनों का प्रस्थान दोपहर 14:00 बजे से रात्रि 23:59 बजे के बीच या मध्यरात्रि 00:00 बजे से सुबह 05:00 बजे के बीच है, उनका पहला चार्ट अब 08 घंटे पूर्व तैयार किया जाएगा। दूसरे आरक्षण चार्ट तैयार करने के संबंध में मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं होगा। यह नई व्यवस्था रिमोट लोकेशन (दूरस्थ स्टेशनों) पर चार्टिंग प्रक्रिया के लिए भी अनिवार्य रूप से लागू होगी। डॉ. वर्मा ने आगे बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य यात्रा की योजना में सुधार लाना है ताकि यात्री टिकट कन्फर्मेशन की स्थिति समय रहते जान सकें। यह नवाचार यात्रियों की संतुष्टि में वृद्धि करेगा।

**मंदिर-मस्जिद विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है आदेश**

# रांझी एसडीएम हटाए गये, ऋषभ जैन को मिला दायित्व

**जबलपुर।** रांझी के मढई स्थित मस्जिद और गायत्री बाल मंदिर का विवाद सामने आने के बाद पूरे घटनाक्रम में हिन्दू संगठनों द्वारा इस मामले में आवाज उठाने के बाद उस वक्त नया मोड़ आ गया जब कलेक्टर ने अचानक प्रशासनिक कारण बताकर रांझी एसडीएम आर.एस. मरावी को हटाकर उनके स्थान पर ऋषभ जैन को रांझी का नया एसडीएम पदस्थ कर दिया. दरअसल कलेक्टर दीपक सक्सेना ने सोमवार की सुबह राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए दो अधिकारियों को नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।संशोधित आदेश के अनुसार, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन को "अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी, रांझी" के पद का प्रभार सौंपा गया है। वहीं, आर.एस. मरावी, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर को "कलेक्टर कार्यालय विविध प्रकोष्ठ" की जिम्मेदारी दी गई है।इस प्रशासनिक फेरबदल को मड़ई स्थित व्हीकल मार्ग मस्जिद विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि रविवार को को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जिला प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए पत्रकारवार्ता थी. वहीं सोमवार को मड़ई के व्हीकल मार्ग से सरस्वती स्कूल, बस स्टैंड तक अर्थी जुलूस निकाला था। इसके आज 15 जुलाई को जिले के सभी 41 प्रखंडों में प्रशासन के खिलाफ पुतला दहन करने की घोषणा की गई है।



# श्रावण सोमवार की संस्कार कांवड़ यात्रा को लेकर कलेक्टर व एसपी ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि, जबलपुर।

श्रावण मास के द्वितीय सोमवार 21 जुलाई को प्रस्तावित संस्कार कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। यात्रा की सुव्यवस्था और शांतिपूर्ण संपन्नता के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' तथा नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

**डीजे पूर्ण प्रतिबंधित, साउंड सिस्टम पर सख्त निर्देश, शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर प्रशासन सतर्क**

गौरतलब है कि कांवड़ यात्रा 21 जुलाई को प्रातः 7 बजे माँ नर्मदा तट ग्वारीघाट से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मटामर स्थित कैलाशधाम में समाप्त होगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता को देखते हुए प्रशासन ने यातायात, कानून-व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण और आपात व्यवस्था के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### बैठक में शामिल प्रमुख अधिकारीः

बैठक में एडीएम मीशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक, पीडब्ल्यूडी अधिकारी शिवेंद्र सिंह, एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात पल्लवी शुक्ला, एसडीएम ऋषभ जैन, एसडीएम अनुराग सिंह के साथ समस्त सीएसपी, डीएसपी, थाना प्रभारी एवं संस्कार कांवड़ यात्रा के लगभग 120 आयोजकगण उपस्थित रहे।

### निर्देश और प्रतिबंध-

कलेक्टर व कप्तान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केवल अधिकृत अनुमति प्राप्त साउंड सिस्टम ही लगाए जा सकेंगे। किसी वाहन या मंच पर दो से अधिक साउंड बॉक्स नहीं होंगे, उनका आकार 12 इंच से अधिक न हो और ध्वनि स्तर 50 डेसिबल से ज्यादा न रखा जाए। चोंगा (हॉर्न स्पीकर) पूरी तरह वर्जित रहेगा।

सख्ती से कराए पालन-संवेदनशीलता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर व कप्तान ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि यात्रा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

# डिक्की से 28 हजार रुपये उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचानः एक्टिवा, चाबियां और नकद 5,070 बरामद

**हरिभूमि, जबलपुर।** कैंट थाना क्षेत्र में एक्टिवा की डिक्की से 28 हजार रुपये चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने महज 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 37 वर्षीय प्रतीक सोनी निवासी लमती विजय नगर, हाल-ए-पता घमापुर, को घेराबंदी कर दबोचा गया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा, दो चाबी और चुराई गई राशि में से 5 हजार 70 नगद बरामद किए गए।



### यह था मामला-

12 जुलाई को रंजीत गोंड़ निवासी बल्दीकोरी की दफाई, जो हर्ष मार्केटिंग के लिए सेल्समेन का कार्य करता है, ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 1 जुलाई को सदर बाजार में ड्यूटी के दौरान उसने अपनी एक्टिवा एमपी 20 एसजी 6744 की डिक्की में कंपनी के 28 हजार रुपये और ग्राहक बिलों की फाइल रखी थी। कुछ समय बाद लौटने पर उसने एक व्यक्ति को डिक्की बंद करते देखा, जो तत्काल अपनी एक्टिवा सीजी 04 एमजी 3565 से भाग गया।

### पुलिस की सतर्कता से खुला राज

घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर टीआई पुष्पेंद्र पटले के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज और एक्टिवा नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे घमापुर में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

### अपराधी प्रवृत्ति का निकला आरोपी

पूछताछ में प्रतीक ने अपराध कबूल किया और बताया कि अधिकांश पैसे खर्च कर दिए हैं। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली, ओमती और रांझी थानों में पूर्व से 5 अपराध दर्ज हैं।

टीम में उपनिरीक्षक नरेश सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश शर्मा, जयंत नामदेव और आरक्षक संदीप की रही सराहनीय भूमिका।

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर एसपी ने चलवाया विशेष चेकिंग अभियानः स्कूली वाहनों की गहन जांच शुरु

**जबलपुर।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जबलपुर में स्कूली वाहनों की विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन एएसपी यातायात पल्लवी शुक्ला के निर्देशन में एवं डीएसपी यातायात संतोष शुक्ला व संगीता डामोर के मार्गदर्शन में किया गया। टीआई यातायात घमापुर इंद्रा ठाकुर और टीआई यातायात गढ़ा हरिकिशन आटनेरे द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग की गई। केंद्रीय विद्यालय-1 और विस्डम वैली स्कूल पर कार्रवाई-अभियान के तहत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 और विस्डम वैली स्कूल कटंगा में पहुंचकर स्कूली बसों की जांच की गई। जिन वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की कमी या नियमों का उल्लंघन पाया गया, उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई।स्कूलों को दी गई सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन की जानकारी-स्कूल प्रबंधन व वाहन मालिकों को माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। इसमें जीपीएस, सीसीटीवी, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र तथा बस के पीले रंग और उस पर स्कूल का नाम व संपर्क नंबर अंकित होना आवश्यक बताया गया।निरंतर जारी रहेगा अभियान-साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का प्रशिक्षण भी दिया गया। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन से स्कूल प्रबंधन को कराया गया अवगत**

## रज्जाक गैंग पर एक और बड़ा प्रहार, आज रिमांड खत्म पुनः कर सकते है डिमांड

# सुप्रा का पंजीयन निरस्त, अवैध कॉस्मेटिक क्लीनिक सील

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि, जबलपुर।

**कुख्यात बदमाश अब्दुल रज्जाक उर्फ पहलवान गैंग को पुलिस कार्रवाई के बाद एक और तगड़ा झटका लगा है। पुलिस की सख्ती के चलते अब न केवल गैंग के सदस्य गिरफ्त में हैं, बल्कि उनके अवैध कारोबारी नेटवर्क पर भी शिकंजा कसना शुरू हो गया है। गैंग के आर्थिक स्रोतों को ध्वस्त करने की रणनीति के तहत रज्जाक के भतीजे अजहर द्वारा संचालित सुप्रा डायग्नोस्टिक सेंटर का पंजीयन मंगलवार को पुलिस के प्रतिवेदन के बाद जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने निरस्त कर दिया गया है, वहीं उसके साथ लगे अवैध कॉस्मेटिक क्लीनिक को भी सील कर दिया गया है। मंगलवार को सभी आरोपियों की रिमांड खत्म होने जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस पुनः उनको रिमांड में लेने के लिए न्यायालय में डिमांड कर सकती है।**

### आकस्मिक निरीक्षण में उजागर हुई अनियमितताएं-

गौरतलब है कि 11 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा गठित संयुक्त टीम ने राइट टाउन स्थित सुप्रा डायग्नोस्टिक (ए यूनिट ऑफ सुप्रा एंटरप्राइजेज) और सेंटर के बगल में बिना किसी वैध अनुमति के संचालित कॉस्मेटिक हब क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में मध्यप्रदेश रुजोपचार गृह एवं रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम के तहत कई गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा ने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया कि उक्त संस्थाएं अब किसी भी प्रकार की चिकित्सा सेवा या उपचार प्रक्रिया नहीं कर सकेंगी।

### ये था मामला-

पिछले सप्ताह पुलिस ने जब सिवनी जिले के एक रिसॉर्ट में विवाह समारोह के दौरान छापा मारा था, तब गैंग के कई प्रमुख सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े। गिरफ्तार आरोपियों में रज्जाक का भाई मोहम्मद महमूद, बेटा मोहम्मद सरफराज, भतीजे अजहर और सज्जाद शामिल हैं। इन सभी को पुलिस ने 5 दिन की रिमांड पर लिया था, जो आज मंगलवार को समाप्त हो रही है।

### रिमांड में हुआ सुप्रा का जिक्र-

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि अजहर ने सुप्रा डायग्नोस्टिक सेंटर में निवेश किया था और उसी के संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। इसके अलावा पुलिस को यह भी पता चला कि सेंटर के बाजू में बिना पंजीयन के कॉस्मेटिक क्लीनिक भी संचालित किया जा रहा था, जिससे होने वाली आय का उपयोग गैंग गतिविधियों में किया जाता था।

### हथियारों का भी हुआ खुलासा-

पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपियों के ठिकानों पर सर्चिंग की, जिसमें अजहर और सज्जाद के कमरे से एक-एक पिस्टल और एक-एक कारतूस बरामद किए गए। यह पुष्टि करता है कि गैंग सिर्फ अवैध धंधों में ही नहीं, बल्कि हथियारों के अवैध भंडारण और उपयोग में भी लिप्त था।

**पनाहगारों के साथ पार्टी में शामिल लोगों की सूची तैयार, गैंग की जड़ें उखाड़ने में जुटी पुलिस**

### पनाहगारों पर भी कार्रवाई तय

एएसपी सिटी आनंद कलादगी ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों से मिली जानकारी से यह भी पता चला है कि फरारी के दौरान किन-किन लोगों ने इन अपराधियों को पनाह दी और उनकी मदद की। अब पुलिस उन पनाहगारों की भी तलाश कर रही है और जल्द ही उन पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गैंग की कमर तोड़ने की तैयारी

प्रशासन और पुलिस अब केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि गैंग के आर्थिक, सामाजिक और आपराधिक नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की रणनीति पर काम कर रही है। अवैध कमाई के सभी स्रोतों की तलाशी और वैधता की जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। रिमांड बढ़ाने का आवेदन भी प्रस्तुत कर सकते है, ताकि जांच को और गहराई से आगे बढ़ाया जा सके।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद के गंगा चरण मिश्रा एवं डॉ पर्व परमार हुए सम्मनित

# 'मिलिए प्रभु श्री राम से' अद्भुत मर्म स्पर्शी कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** सुप्रभातम संस्था, गुंजन कला सदन के तत्वाधान में मिलिए प्रभु श्री राम से कार्यक्रम स्थानीय शहीद स्मारक प्रेक्षाग्रह में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अजय विश्नोई, उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पाण्डेय, साध्वी ज्ञानेश्वरी देवी सहित विद्वानों द्वारा सुविचार रखे। कार्यक्रम में इस अवसर पर रामायण पर आधारित लघु नृत्य नाटिका आयोजित की। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवियों के साथ-साथ दो ऐसे वैवाहिक नवयुगल को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने समाज अपने परिवार को प्रमुखता देते हुए अपनी खुशियों की जगह अपने परिवार और अपने समाज को प्रमुखता से रखा। ऐसे नवयुगल को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किए गए जिसमें डॉक्टर पर्व परमार,श्री जैन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अजय बिश्नोई, पंडित विनोद गोटिया, डॉक्टर अभिलाष पांडे, मानस वेत्ता आलोक पाठक, डॉक्टर आनंद तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकान्त शर्मा,नलिन कांत वाजपेई, विलोक पाठक, राजेश पाठक, पंडित चंद्रशेखर शर्मा, अनुरोध पटेरिया, अभय जैन, सुरेखा परमार, उमेश शुक्ला, तरुण सोनाने, राजीव बेटियां, प्रशांत नगाइच, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सुप्रभातम संस्था के संयोजन में मनोहारी कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया अभिषेक

# शिवमंदिर बाबाताल में लगा भक्तों का तांता

हरिभूमि सिहोरा।


श्रावण मास के पहले सोमवार को सिहोरा खितौला के शिवालयों में जहां भक्तों ने भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया वहीं शिवमंदिर बाबाताल में सुबह से लेकर शाम तक हर हर महादेव ओम नमः शिवाय की गूंज होती रही तथा भक्तों का तांता लगा रहा। अनेक भक्तों ने उपवास रखकर घर घर में ही शिव शंकर का पूजन अर्चन किया। सिहोरा खितौला के आधा दर्जन से अधिक शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने जाकर दर्शन किए एंव अभिषेक किया।

### भक्तों ने बनाये पार्थिव शिवलिंग

अति प्राचीन शिवमंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में पहले सोमवार को सुबह 7 बजे से 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्ग के महिला,पुरुषों बच्चों,युवतियों आदि ने एकत्र होकर दर्जनों कोपरों में हजारो शिवलिंग का निर्माण कर पूर्ण विधी विधान से उनका अभिषेक पूजन अर्चन कर हिरन नदी मझंगवा घाट में विर्सजन किया। आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, जय प्रकाश दुबे, नंदकुमार परोहा, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, सुरेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, गोपाल पाठक, राजकिशोर तिवारी, संजू दुबे, प्रमोद बर्मन सहित अनेक भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।







### भूतनाथ धाम में लग रही है भक्तों की कतार

**बरेला।** श्रावण मास के पवित्र माह के अवसर पर नगर के वार्ड नंबर 3 स्थित भूतनाथ धाम में विराजित भगवान भोलेनाथ के दरबार में भक्तों की कतार लग रही है। बताया जाता है कि यहां पर सुबह से ही जल धारने भक्तों की लाइन लग जाती है। श्रावण मास होने के कारण यहां पर भगवान महाकाल के दर्शनों के लिए महिला पुरुषों की लंबी-लंबी लाइन लगी रहती है। यहां पर भूतनाथ धाम बाल सेवा समिति द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है यहां पर मंदिर में सुबह पूजन अर्चन एवं शाम को महा आरती का आयोजन किया जाता है। भूतनाथ समिति ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### पहाड़ी खेड़ा से ग्वारीघाट तक गए कांवड़िए



**बरेला।** पहाड़ी खेड़ा से कावड़ यात्रा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कावड़ यात्रा पहाड़ी खेड़ा से ग्वारीघाट तक ग्वारीघाट से नर्मदा जी का जल लेकर पुनः पहाड़ी खेड़ा के लिए लगभग लगभग डेढ़ सौ कावड़िया का प्रथम सोमवार के उपलक्ष पर ग्वारीघाट से पैदल चलते हुए शारदा नगर आगमन हुआ। वहां सरपंच आशीष शुक्ला के द्वारा समस्त कावड़ियों को चाय की व्यवस्था कर भगवान भोलेनाथ का पूजन किया। कावड़ यात्रा पर पहाड़ी खेड़ा से समस्त जन एवं सरपंच संतोष पटेल और ग्राम के लोग उपस्थित रही।

## भारी बारिश के चलते गिरा मकान, प्रशासन से लगाई मदद की गुहार



**पाटन।** चौधरी मोहल्ला में एक मकान भारी बारिश के चलते गिर गया। गनीमत यह रही कि इस दौरान मकान के अंदर कोई नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। चौधरी मोहल्ला के रहने वाले चंदन लोधी का मकान भारी बारिश के चलते गिर गया। चंदन ने अब प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। रविवार दोपहर 1 बजे चंदन लोधी ने बताया कि लगातार हो रही भारी बारिश के चलते उनका मकान गिर गया है जिससे उसमें रखा गृहस्थी का सामान भी खराब हो गया। लगभग एक से डेढ़ लाख रुपए तक का नुकसान हुआ है। मामले की शिकायत प्रशासन से भी की है लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई जांच करने के लिए नहीं आया। चंदन ने प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## भेड़ाघाट में पुल से रेलिंग हटाने से मूक पशुओं की गिरने से मौत



**भेड़ाघाट।** पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में धुआंधार गोपालपुर पहुंच मार्ग का पुल पर रेलिंग लगी थी लोक निर्माण विभाग द्वारा रेलिंग को हटाने से मूकपशुओं की गिरने से मौत हो रही हैं। यही सरस्वती घाट हरे कृष्णा आश्रम के पास बने पुल की भी रेलिंग निकालने से गाय पुल पर बैठी रहती हैं जिससे रेलिंग ना होने के कारण मूक पशु गिरकर अकाल मौत के काल में समा रहे हैं। इस तरह की घटनाएं आए दिन हो रही हैं फिर भी लोक निर्माण विभाग नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाने से घटनाओं में इजाफा हो रहा है। दोनों पुलों पर बिजली की व्यवस्था भी नहीं होने से किसी भी दिन भयानक दुर्घटना हो सकती है। पार्षद सजल तिवारी ने मांग करते हुए कहा है कि अति शीघ्र दोनों पुलों पर रेलिंग लगाई जाए जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो सके।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



**मझौली।** मझौली में खरीदी केंद्र 35 से 40 किलोमीटर दूरी पर खोला गया है न ही वहां जाने के लिए सुगम रास्ता है जिसके कारण किसानों को बहुत परेशानी का समना करना पड़ रहा है। किसानों की सुविधा को देखते हुए लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर मूंग उड़द के खरीदी केंद्र खोले जाएं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझौली के द्वारा तीन दिन के अन्दर समस्या का निदान न होने पर तहसील कार्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह, सुरेश मांझी, राजेश तिवारी, बबलू पंडा, बबलू, पार्षद परवेज, गणेश नेमा, देवेन्द्र झारीया, अभीषेक यादव, अनिल राय, रत्नेश, प्रहलाद, मोनु आदि उपस्थित थे।

## आज सदर बंद का आव्हान, धार्मिक आयोजनों पर शुल्क निर्धारण का विरोध

**जबलपुर।** केंट बोर्ड द्वारा शिवाजी ग्राउंड में धार्मिक आयोजनों के लिए शुल्क निर्धारण करने के विरोध में विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा ऐलान किया गया है कि यदि केंट बोर्ड के द्वारा यह शुल्क वापस नहीं लिया गया तो मंगलवार 15 जुलाई आज सदर बंद किया जायेगा और केंट बोर्ड के सीईओ के घर के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कहा जा रहा है कि वर्षों से इस मैदान में धार्मिक आयोजन होते आये हैं धनुषयज्ञ रामलीला समिति से शिवाजी मैदान में रामलीला मंचन पर आज तक शुल्क नहीं लिया गया तो अब क्यों शुल्क लगाया जा रहा है। आयोजन पर भारी भरकम शुल्क लगाकर हिन्दू समाज और रामभक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई हैं । इस तुगलकी आदेश के विरोध में आक्रोशित रामभक्तों एवं हिन्दू समाज का सामूहिक निर्णय लिया है कि मंगलवार 15 जुलाई को सदर बंद कर सीईओ के घर के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सुबह 10 बजे सदर रामलीला मैदान में एकत्रित होकर स्व गंगा प्रसाद तिवारी वाजपेई अखाड़ा के नेतृत्व में केंट बोर्ड सीईओ का घेराव किया जाएगा। विभिन्न संगठनों की मांग है कि आगामी दिनों में आयोजित होनेवाले दंगल एवं रामलीला आयोजन पर लगाया गया टैक्स वापस लिया जाए एवं शिवाजी मैदान निःशुल्क किया जाए रामभक्तों की सरकार में राम का नाम लेने पर भी अब हिन्दुओं की सरकार में टैक्स लगाया जा रहा है। आंदोलन को श्री धनुष यज्ञ रामलीला समिति के साथ विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी, अंतर्राष्ट्रीय बजरंग दल सदर बाजार की अनेक गणेश एवं दुर्गा उत्सव समिति, सामाजिक संगठन धार्मिक संगठनों ने समर्थन किया है।

## जबलपुर फार्मा मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** लगभग दो दशकों से जेपीएमए नाम से जबलपुर में संचालित और फिर बाद में 2017 से जेपीएमडब्ल्यूए जबलपुर फार्मा मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन के नाम से संचालित एक ऐसा एसोसिएशन जिसने कोरोना कॉल मे अपनी क्रिया शीलता और सेवा के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान बनाई। आज की तारीख मे यह संगठन प्रदेश और प्रदेश के बाहर भी अनेक राज्यों मे सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। एसोसिएशन के बैनर तले जबलपुर में सभी फार्मा मैनेजर की पारिवारिक जनों का एक सामूहिक कार्यक्रम गेट टू गेदर के रूप में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जहां फार्मा मैनेजर के परिवार के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया इसमें चित्रकला गीत गायन नृत्य वही वही इस संगठन के अनेक पदाधिकारी के वे बच्चे जिन्होंने अपनी अपनी बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित की ऐसे सभी बच्चों को इस कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत वाजपेई, कार्यक्रम की विशिष्ट आमंत्रित अतिथि श्रीमती कीर्ति अभिलाष पांडे, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव इंजीनियर तरुण सोनाने, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जबलपुर संभाग के अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा, जबलपुर फार्मा मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मिश्रा,संरक्षक आर.एन. श्रीवास्तव, महाकौशल कॉलेज ऑफ़ इंस्टीट्यूट समिति के सचिव प्रमोद पाठक ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



## ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलर्स डोमेस्टिक काउंसिल का सेमिनार 'लाभम' आज जबलपुर में

**जबलपुर।** ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलर्स डोमेस्टिक काउंसिल का सेमिनार 'लाभम' मंगलवार 15 जुलाई को पूर्वान्ह 11:30 बजे होटल कृष्णा, भंवरताल गार्डन गेट नंबर 2 के सामने, मप्र सराफा एसोसिएशन व सराफा एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से आयोजित किया गया है। इस सेमिनार में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश रोकड़े नागपुर, अविनाश गुप्ता हैदराबाद, भाविन मेहता मुंबई, वर्धमान अशीष कोठारी, मप्र सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष राजा सराफ, महासचिव देवीलाल सोनी आगर, उपाध्यक्ष निर्मल घुंघरू इन्दौर, के आतिथ्य में संपन्न होगा। इस सेमिनार में ज्वेलरी ट्रेड से जुड़ी हुई हर समस्याओं के बारे में चर्चा व उसका समाधान साथ में छोटे मध्यम और स्थानीय शोरूम के ज्वेलर्स कैसे ऑर्गेनाइज तरीके से अपना ज्वेलरी का व्यापार करें और अपने व्यापार को किस तरह बढ़ाएं कौन-कौन से सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल आपको करना है, कौन से ऐप का आपको इस्तेमाल करना है, ऑनलाइन प्रमोशन किस प्रकार करना है, ई वे बिल जीएसटी अधिनियम के नए नियम हॉलमार्क **HUID**, चाँदी मे हॉलमार्क कब से और 411, 412 से बचाव के सुझाव के बारे में बताया जाएगा।

## शिक्षक स्वाभिमान रैली में हजारों शिक्षक हुए शामिल



**जबलपुर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जबलपुर के नेतृत्व में आज शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाली गई, जिसमें हजारों शिक्षक शामिल हुए। रैली के बाद मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। प्रांताध्यक्ष भरत पटेल ने पीएसएम कॉलेज के सभागार में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए ई-अटेंडेंस प्रणाली में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को उठाया, जैसे नेटवर्क की समस्या, बारिश में विद्यालय पहुँचना, मोबाइल की तकनीकी बाधाएं आदि। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति अन्य विभागों की तरह ली जानी चाहिए, न कि ऑनलाइन फोटो के माध्यम से। जिला सचिव दीनानाथ चौधरी पटेल ने ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाली, प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता, लंबित पदोन्नति, जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षकों का समायोजन, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल क्लेम, ग्रेच्युटी भुगतान समेत कई मांगें शामिल कीं। रैली में प्रांतीय, संभागीय, जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों समेत गोविंद बिसेन, देवेंद्र सिंह राजपूत, शिवकुमार चौबे, निशा उपाध्याय, रश्मि विश्वकर्मा, राकेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, आशीष उपाध्याय, विवेक तिवारी सहित अनेक पदाधिकारी, हजारों शिक्षक उपस्थित रहे। मुख्य मांगें संक्षेप में- ई-अटेंडेंस प्रणाली में बदलाव, पुरानी पेंशन बहाली, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, लंबित पदोन्नति/क्रमोन्नति, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना, मेडिकल एवं ग्रेच्युटी सुविधा, शामिल हैं। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सरकार से मांग की है कि शिक्षकों की समस्याओं को समझते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि शिक्षक वर्ग सम्मानपूर्वक अपना कर्तव्य निभा सकें।




**श्रीमती कमला बाई सोनी-** गली नं. 6, सदर निवासी श्री मोती लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई सोनी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भागचंद रामरानी-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री भागचंद रामरानी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती स्नेहलता उपाध्याय-** कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री केके उपाध्याय की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता उपाध्याय (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रमोद सिंह तोमर-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रमोद सिंह तोमर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रियंका यादव-** विजयनगर जीवीएम रेसीडेंसी निवासी श्री राहुल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती प्रियंका यादव (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष कुमार-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सुभाष कुमार डुमार (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश कुमार कोल-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री रमेश कुमार कोल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई मेहतो-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री लीलाधर मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई मेहतो (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई डकहा-** कजरवारा नई बस्ती निवासी श्री गोविंद डकहा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई डकहा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा चौधरी-** बाबा टोला मदार छल्ला निवासी श्री शोखी लाल चौधरी के पुत्र श्री राजा चौधरी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ एसएफआरआई गेट के पास निवासी श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहित कुमार पैगवार-** टाइप टू सेक्टर टू व्हीकल निवासी श्री रोहित कुमार पैगवार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रभान पचौरी-** बजरंग नगर करमेता निवासी श्री चंद्रभान पचौरी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री काशी प्रसाद विश्वकर्मा-** नेपियर टाउन निवासी श्री काशी प्रसाद विश्वकर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुंदर लाल यादव-** गौरीघाट ललपुर रोड निवासी श्री कन्छेदी लाल यादव के पुत्र श्री सुंदर लाल यादव (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद कुमार-** महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री विनोद कुमार डुमार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई-** दीक्षितपुरा निवासी श्री चिरौंजी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीश कुमार झारिया-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री हरीश कुमार झारिया (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बेला डे-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री रवींद्र डे की धर्मपत्नी श्रीमती बेला डे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### टाटा टेक्नोलॉजीज का लाभ पांच प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (जून) का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 170.28 करोड़ रुपये रहा है। टीटीएल ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 162.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### एनएसई ने मासिक बिजली वायदा अनुबंध किया शुरू




**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने सोमवार को मासिक बिजली वायदा अनुबंध शुरू किए। बिजली खरीदारों, विक्रेताओं, खुदरा कारोबारियों को मूल्य जोखिमों का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। अनुबंधों में दोपहर दो बजे तक 4,000 से अधिक लॉट के लिए कारोबार हुआ था, जो 20 करोड़ यूनिट से अधिक बिजली के बराबर है।

### ट्रैवल फूड का शेयर दो फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1,100 रुपये से दो प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 2.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,126.20 रुपये सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर यह 2.27 प्रतिशत की चढ़कर 1,125 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 14,222.04 करोड़ रुपये रहा।

### बिट्स पिलानी नए परिसर विस्तार पर करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान बिट्स पिलानी आंध्र प्रदेश के अमरावती में एक 'एआई+ कैंपस'' सहित विस्तार योजनाओं पर 2,200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। बिट्स पिलानी के कुलाधिपति और उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला ने यह जानकारी दी। यह निवेश पांच साल में किया जाएगा।

### कोस्टा कॉफी की भारत में बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के कॉफ़ी श्रृंखला ब्रांड कोस्टा कॉफी की भारत में परिचालन आमदनी पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 30.76 प्रतिशत बढ़कर 198.5 करोड़ रुपये हो गई। इस दौरान उसका लाभ 28.4 प्रतिशत बढ़कर 149.7 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि स्टोर विस्तार के कारण हुई, पिछले वर्ष में उसके आउटलेट की संख्या 179 से बढ़कर 220 हो गई।

# चांदी 5,000 रुपए की छलांग लगा 1.15 लाख रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना 200 रुपए की मामूली बढ़त के साथ 99,570 रुपए प्रति दस ग्राम

अमेरिकी शुल्क धमकियों को लेकर अनिश्चितताओं के बीच डॉलर की कमजोरी के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 5,000 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को चांदी 4,500 रुपये बढ़कर 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची थी। संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200-200 रुपये बढ़कर क्रमशः 99,570 रुपये और 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया।

## अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख

### चांदी 14 साल के उच्चतम स्तर पर

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''चांदी की कीमतें बढ़कर घरेलू बाजार में नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी लगभग 14 साल के उच्चतम स्तर पर है। यह तेजी सोने के विकल्पों के प्रति निवेशकों की रुचि में बदलाव के कारण है।''

*चांदी वायदा में भी तेजी कायम : जिंस एक्सचेंज में चांदी वायदा 2,135 रुपये या 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,15,136 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगस्त डिलिवरी वाले सबसे अधिक कारोबार वाला सोने का अनुबंध 518 रुपये या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 98,336 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।*



### बैंकों के विविधीकरण की मांग से सोने में फिर तेजी

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में उपाध्यक्ष, ईबीजी (जिंस और मुद्रा) प्रणव मेर ने कहा, ''बढ़ती शुल्क संबंधी अनिश्चितता, रूस-यूक्रेन युद्ध के बढ़ने की संभावना और ईटीएफ निवेशकों व केंद्रीय बैंकों की विविधीकरण की बढ़ती मांग के कारण सोने में फिर से तेजी आई है और कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर की ओर बढ़ने के लिए तैयार हैं।''

### डॉलर के इंडेक्स में आई कमी

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''वैश्विक शुल्क को लेकर तनाव के नए सिरे से बढ़ने से सोने की कीमतों में सकारात्मक रुख देखा गया। अमेरिका द्वारा यूरोपीय संघ, कनाडा और मेक्सिको सहित व्यापारिक साझेदारों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने और डॉलर इंडेक्स में व्यापक कमजोरी के कारण सोना एक पसंदीदा सुरक्षित निवेश गंतव्य बन गया है।''

## खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा महंगाई हुई कम

# खुदरा महंगाई दर छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर, थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेहतर मानसून के साथ सब्जियों समेत अन्य खाने का सामान सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर रही है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से काफी नीचे है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82 प्रतिशत और जून, 2024 में 5.08 प्रतिशत थी। नवंबर, 2024 से महंगाई दर में लगातार गिरावट आ रही है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि इस साल जून में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत रही। इसमें कहा गया, ''इस साल मई की तुलना में जून की सकल मुद्रास्फीति में 0.72 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह जनवरी, 2019 के बाद महंगाई की सबसे कम दर है। इससे पहले जनवरी, 2019 में मुद्रास्फीति का निचला स्तर 1.97 प्रतिशत था।

### *सब्जियों की कीमतों में भी गिरावट आई*

*सब्जियों की कीमतों में भी भारी गिरावट आई है। एनएसओ के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जून, 2025 में खाद्य वस्तुओं की सालाना महंगाई दर शून्य से नीचे 1.06 प्रतिशत रही। मासिक आधार पर जून, 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति में 2.05 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। जून में खाद्य मुद्रास्फीति भी जनवरी, 2019 के बाद सबसे कम रही।*



### खाद्य पदार्थ, खनिज तेल व गैस की कीमतें घटी

उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''मुद्रास्फीति में जून महीने में गिरावट का कारण मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, मूल धातुओं के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस आदि की कीमतों में कमी है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, जून में खाद्य पदार्थों की महंगाई में 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मई में इसमें 1.56 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

- खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर पर
- महंगाई रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से काफी नीचे है
- नवंबर 2024 से महंगाई दर में लगातार गिरावट आ रही

### दालों, मांस, मछली, अनाज और चीनी के दाम घटे

एनएसओ ने कहा कि जून, 2025 में मुद्रास्फीति और खाद्य महंगाई में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल तुलनात्मक आधार और सब्जियों, दालों और उसके उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उसके उत्पादों तथा मसालों की कीमतों में गिरावट के कारण है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई कम रही

ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति राष्ट्रीय औसत से कम 1.72 प्रतिशत रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अधिक 2.56 प्रतिशत थी। सबसे कम मुद्रास्फीति तेलंगाना (-0.93 प्रतिशत) में और सबसे अधिक केरल (6.71 प्रतिशत) में रही। अखिल भारतीय स्तर पर, सब्जियों (-19 प्रतिशत), मांस और मछली (-1.62 प्रतिशत), 'दालें और उसके उत्पाद' (-11.76 प्रतिशत) और मसालों (-3.03 प्रतिशत) में सालाना महंगाई में गिरावट आई है।

### खाद्य और पेय पदार्थ खंड में आई नरमी

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने खुदरा मुद्रास्फीति के बारे में कहा कि नरमी का मुख्य कारण खाद्य और पेय पदार्थ खंड है। इसमें 75 महीनों के बाद 0.2 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि पिछले महीने इसमें महंगाई 1.5 प्रतिशत रही थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने उम्मीद से अधिक कम होकर जून, 2025 में 2.1 प्रतिशत पर आ गई।

# जून में भारत का कच्चे तेल का आयात 15.49 लाख टन पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कच्चे खाद्य तेलों के आयात में 25 फीसदी की वृद्धि
- कच्चे पाम, सोया व सूरजमुखी पर से बीसीडी कम की गई

भारत का वनस्पति तेल आयात जून में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 15.49 लाख टन पर स्थिर रहा है, जबकि कच्चे खाद्य तेलों की खेप में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने सोमवार को यह जानकारी दी।


कच्चे तेल के आयात में यह वृद्धि सरकार द्वारा कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल सहित कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) को 31 मई से 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने के बाद हुई है। जून, 2024 में खाद्य और अखाद्य दोनों प्रकार के वनस्पति तेलों का कुल आयात 15.50 लाख टन रहा था। खाद्य तेल श्रेणी में, कच्चे सूरजमुखी तेलों को छोड़कर, अन्य कच्चे खाद्य तेलों आयात जून, 2025 में 25.64 प्रतिशत बढ़कर 11.51 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले जून में 9.16 लाख टन था। हालांकि, कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात जून में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 53.58 प्रतिशत घटकर 2.61 लाख टन रह गया। एसईए के आंकड़ों के अनुसार, जून, 2025 में कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का आयात एक साल पहले के 6.37 लाख टन से 23.55 प्रतिशत बढ़कर 7.88 लाख टन हो गया।

### एजेंसियों के पास 14 लाख टन सोया व रैपसीड

एसईए ने कहा कि नैफेड, हाफेड और एनसीडीईएक्स सहित एजेंसियों के पास वर्तमान में लगभग 14 लाख टन सोयाबीन और इतनी ही मात्रा में रैपसीड है। एसईए ने कहा, ''खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार आगामी फसल से पहले, अगले तीन महीनों में स्टॉक को पर्याप्त मात्रा में बाजार में जारी करने पर विचार कर सकती है।

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स 247 अंक टूटा, निफ्टी 68 अंक के नुकसान में
- आईटी शेयरों में बिकवाली व विदेशी निवेशकों की पूंजी

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 247 अंक टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68 अंक के नुकसान में रहा।

आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 490.09 अंक टूटकर 82,010.38 अंक तक आ गया था। निफ्टी भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,082.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 5,104.22 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप और छोटी कंपनियों से जुड़े स्मॉलकैप सूचकांक में क्रमशः 0.71 प्रतिशत और 1.04 प्रतिशत तक की तेजी रही।

### टीसीएस में रही गिरावट

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 1.58 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी शामिल है।

## टीटागढ़ रेल ने विस्तार के लिए की जमीन अधिग्रहित



**कोलकाता।** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड ने पश्चिम बंगाल सरकार से 126 करोड़ रुपये में लगभग 40 एकड़ जमीन पट्टे पर ली है। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम से कंपनी को हुगली जिले में स्थित अपने उत्तरपाड़ा संयंत्र में वंदे भारत कोच और मेट्रो कोच का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोटरुंग और भद्रकाली मौजा में स्थित यह जमीन टीटागढ़ के उत्तरपाड़ा स्थित मौजूदा 34 एकड़ के संयंत्र से सटी हुई है। इससे यह कंपनी की विस्तार योजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त जगह बन गई है। उन्होंने बताया कि राज्य के साथ 12 जुलाई, 2025 को हस्ताक्षरित 99 साल के पट्टे समझौते के तहत यह जमीन 126.63 करोड़ रुपये में ली गई है।

# पीरामल परिवार वीआईपी में 32 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैग, सूटकेस, ट्रोली बैग, ब्रीफकेस आदि बनाने वाली वीआईपी इंडस्ट्रीज के प्रवर्तक दिलीप पीरामल और उनका परिवार कंपनी में अपनी 32 प्रतिशत तक हिस्सेदारी वैकल्पिक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी मल्टीपल्स को बेचेंगे। मल्टीपल्स कंसोर्टियम द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अधिग्रहण नियमों के अनुसार, इस कदम से खुले बाजार से 26 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए खुली पेशकश भी शुरू हो जाएगी। दोनों कंपनियों द्वारा जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दिलीप पीरामल और उनके परिवार ने कंपनी में 32 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए मल्टीपल्स कंसोर्टियम के साथ एक निर्णायक समझौता किया है।

### रुपया 22 पैसे टूटकर 86.02 प्रति डॉलर

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया सोमवार को 22 पैसे टूटकर 86.02 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निकासी तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में किसी भी प्रकार की सफलता में देरी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.96 प्रति डॉलर पर खुला।

# रूस देगा भारत के 10 लाख कुशल हुनरमंद को रोजगार

एजेंसी ▶▶| मॉस्को



रूस अपने औद्योगिक क्षेत्रों में हुनरमंदों की कमी को दूर करने के लिए इस साल के अंततक भारत से करीब 10 लाख कुशल कार्यबल को अपने यहां काम करने का मौका देगा। रूस के एक दिग्गज कारोबारी ने यह जानकारी दी है। रूसी उद्योग मंडल 'यूराल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के प्रमुख आंद्रेई बेसेदिन ने समाचार एजेंसी रॉसबिजनेसकंसल्टिंग (आरबीसी) के साथ बातचीत में भारत से कुशल कामगारों को मंगाने की योजना की जानकारी दी।

### येकातेरिनबर्ग में नया दूतावास खुल रहा

बेसेदिन ने कहा, ''जहां तक मुझे पता है, साल के अंततक भारत से 10 लाख विशेषज्ञ कामगार रूस आएंगे। इनमें रूस का स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र भी शामिल है। इससे संबंधित मामलों को देखने के लिए येकातेरिनबर्ग में एक नया महावाणिज्य दूतावास खुल रहा है।'

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**वडसा गढ़चिरौली में विद्युत आपूर्ति स्थापना के व्यापक कार्य के लिए ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक:** 10-CEE-C-SECR-2025 दिनांक: 07.07.2025
**कार्य का नाम:** द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल अंतर्गत वडसा-गढ़चिरौली नई लाइन सेक्शन में 2 x 25 KV, AC 50Hz OHE स्थापना प्रणाली पर 01 TSS, 02 SSP & 01SP से सम्बंधित बिजली आपूर्ति, स्थापना डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।
**निविदा मूल्य:** 48,98,88,218.50 (रु. अड़तालीस करोड़ अट्ठानवे लाख अट्ठासी हजार दो सौ अठारह व पचास पैसे मात्र)।
**बयाना राशि:** ₹ 25,99,500.00 (रु. पच्चीस लाख निन्यानवे हजार पांच सौ मात्र)।
**कार्य समापन तिथि:** LOA जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) महीने।
**निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक **31.07.2025** के **13.00** बजे तक।
**वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड स्थान:** ई-निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें/ डाउनलोड करें।

उपमुख्य विद्युत अभियंता-निर्माण, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
PC/14-67
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)**
Email-deo.mpedktn@mp.gov.in

निविदा सूचना क्र./आब/2025/947 **विज्ञप्ति** कटनी, दिनांक 11.07.2025

वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि माह अगस्त 2025 से लेकर मार्च 31.03.2026 तक के लिये आबकारी विभाग मे अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य हेतु मासिक किराये पर 06 वाहनो के अनुबंध हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो / संस्थाओं से मुहरबन्द निविदायें जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय ओल्ड कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर कटनी में दिनांक 23.07.2025 को समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र रुपए 500/- ( पांच सौ रुपए) का भुगतान ई चालान (शीर्ष 0039-00-800-0761 अन्य प्राप्तियां) के माध्यम से जमा कर निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 23.07.2025 दिनांक को समय 4.00 बजे खोली जावेगी। निविदादाता की अनुपस्थिति टेण्डर खोलने की प्रक्रिया को बाधित नहीं करेगी। अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य हेतु किराये पर लिये जाने वाले वाहन पंजीयन वर्ष 2022 के पूर्व का नहीं होना चाहिये। वाहन को मासिक किराये पर अनुबंधित किये जाने हेतु पंजीकृत फर्म / संस्था द्वारा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में वाहन टेक्सी कोटे में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित शर्तो एवं निबंधनों की जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(सुश्री विभा मरकाम)
जिला आबकारी अधिकारी जिला कटनी
G-15607/25

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.) Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048
CIN: U40109MP2002SGC015120

No. CGM/S&P/EZ/GM-1/11/877 **TENDER NOTICE** Jabalpur, dtd:- 07.07.2025
Online Tenders are invited for following item:-

| Sr. No. | T.S. No. DISCOM/ EZ/PUR | NAME OF ITEMS | APPROX. VALUE (Rs. in Lakhs) | TENDER FEE (in Rs) | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1593(E-Tender No. 2025_PKVVC_435443_1) | 33KV Current Transformers (CTs) | 88.41 | 2,360.00 | 30.07.2025 |

*For other details visit our website- www.mpez.co.in & mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू. 50,000 तक का इनाम ! C.G.M. (S&P)

**कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)**

क्र./1088/उद्यान शाखा/2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 08/07/2025

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आयटम रेट पर ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_436260_1 | नगर निगम कटनी में पौधारोपण हेतु विभिन्न प्रजाति के पौधे क्रय किये जाने बावत (वार्षिक दर आमंत्रण संलग्न सूची अनुसार) | 1-365 दिवस | 1- Rs. 5000/- 2-Rs. 35000/- | 11/08/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्त आयुक्त
नगर पालिक निगम कटनी

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार संजीव भसीन, आत्मज स्व. श्री अमरनाथ भसीन, के स्वयं की ओर से एवं बहैसियत डायरेक्टर अरीन मल्टीट्रेड प्रा.लि. एवं अमरकंटक इन्फास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड, अमरकंटक मर्सेन्टाईल कंपनी प्राईवेट लिमिटेड मुंबई हॉल मुकाम निवासी- 82 / ए, नर्मदा रोड, गुडलक अपार्टमेंट के पीछे जबलपुर के निदेर्शानुसार निम्न आशय की जाहिर सूचना प्रकाशित करती हूँ :- यह कि मेरे पक्षकार मुम्बई महाराष्ट्र में व्यवसायरत हैं एवं चूंकि श्री संजीव भसीन का पैतृक मकान उपरोक्त पते पर जबलपुर में भी स्थित है इस कारण अक्सर वे जबलपुर में भी निवासरत होते हुए अपने एवं उक्त कंपनियों के कागजात जबलपुर स्थित निवास में भी रखते आ रहे हैं, जिसमें मेरे पक्षकार के अलावा उनके भाई एवं माता भी निवासरत हैं एवं परिवार के सदस्यों को भी मेरे पक्षकार के कागजात, जिनमें चैकबुक, बैंक संबंधी अन्य दस्तावेज, संपत्ति संबंधी कागजात एवं अन्य दस्तावेजों की जानकारी है एवं सभी दस्तावेज परिवार के सभी सदस्यों की पहुँच में है।

विगत वर्षो में कोविड-19 की महामारी के दौरान मेरे पक्षकार संजीव भसीन काफी समय तक जबलपुर स्थित उक्त मकान में रहे एवं उस दौरान उपरोक्त दस्तावेजों के अलावा विशिष्ट रूप से :- 1. यह कि, ग्राम कजरवारा नं.बं.505, प.ह.नं. 10 नया खसरा- 23/29. पुराना खसरा 115 रकबा 1.283 से संबंधित असल विक्रय-पत्र दिनांक 18/10/2011 दस्तावेज क्र. 1801 का मूल विक्रय पत्र अमरकंटक इन्फास्ट्रक्चर प्रा.लि. के पक्ष में निष्पादित हुए दस्तावेज निम्नानुसार है :-2. यह कि, ग्राम महानदी नं.बं. 663-पी, प.ह.नं. 28/31/6, सर्वे नं. 32 / 35. प्लॉट नं.9/1, 3/3 8/3 6/2/1 एवं 6 / 2/8 कुल रकबा 5250 वर्गफुट मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक : 19/02/2015 दस्तावेज क्रं. 263 3. यह कि ग्राम हिनोतिया नं.बं. 764 प.ह.नं.50, रा.नि.म. खमरिया, विकास खंड, तहसील व जिला जबलपुर में स्थित ख.नं. 723/4 486/3. 7/7, 723/3, 725, 723/2, 486 / 2 कुल रकबा 13.54 हेक्टेयर, जो कि निष्पादित पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16/06/2010 को पंजीबद्ध होकर क्रं. 487 / 2 का मूल दस्तावेज है। 4. यह कि, ग्राम पहाड़ीखेड़ा, नं.बं. 202, प.ह.नं. 56, रा.नि.मं. खमरिया, तह. व जिला जबलपुर में स्थित ख.नं. 715 रकबा 0.650 हे. के संबंध में मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26/12/2008 पंजीयन क्र. 60/3 का मूल विक्रय पत्र है। 5. यह कि ग्राम पहाड़ीखेड़ा नं.बं. 262, प.ह.नं. 58 / 87, रा.नि.मं. खमरिया, तह. व जिला जबलपुर में स्थित ख.नं. 694 / 1, 694 / 2, 694/3, 694/4 का कुल रकबा 2.54 हेक्टेयर से संबंधित मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21/10/2010 पंजीयन क्रं.809 है। 6. यह कि, ग्राम पहाड़ीखेड़ा नं.बं. 202. प.ह.नं. 56, रा.नि.मं. खमरिया, तह. व जिला जबलपुर में स्थित ख.नं. 875 रकबा 0.530 है, जिसका मूल विक्रय पत्र दिनांक 09/09/2009, दस्तावेज क्रं. 340 पर पंजीबद्ध है। 7. यह कि, ग्राम - पहाड़ीखेड़ा नं.बं. 262, प.ह.नं. 56, रा.नि.मं. खमरिया,तह. व जिला जबलपुर में स्थित ख.नं. 717, रकबा 1.540 हेक्टेयर का मूल विक्रय-पत्र दिनांक 23/10/2008 दस्तावेज क्रं. 373 / 3 पर पंजीबद्ध है। 8. यह कि, ग्राम - पहाड़ीखेड़ा नं.बं. 262, प.ह.नं. 56, रा.नि.मं. खमरिया, तह व जिला - जबलपुर में स्थित ख.नं.734/1 रकबा 0.670 हे. के संबंध में क्रेता के पक्ष में मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19/07/2010 पंजीयन क्रं. 414 का मूल दस्तावेज है। 9. यह कि, ग्राम-पहाड़ीखेड़ा, नं.बं. 202, प.ह.नं. 56, रा.नि.मं. खमरिया, तह. व जिला - जबलपुर में स्थित ख.नं. 714 रकबा 1.07 हे. का मूल विक्रय-पत्र दिनांक : 08/06/2009 दस्तावेज क्रं. 110/3 पर पंजीबद्ध है। उक्त सभी मूल विक्रय पत्र एवं अरीन मल्टीट्रेड प्रा.लि. की मूल चैकबुक, जो कि आई.सी.आई.सी.आई. मुम्बई की है अमरकंटक मर्सेन्टाईल कंपनी प्राईवेट लिमिटेड मुंबई एवं साथ ही कुछ कोटे स्टाम्प पेपर और खाली हस्ताक्षरित चैक भी हैं, जो मिल नहीं रहे हैं, इसलिये मेरे पक्षकार को आशंका है कि यदि वे किसी व्यक्ति को मिल जाएं या मिल गए हों तो उसके द्वारा उनका दुरूपयोग कर उक्त संपत्तियों को खुर्द-बुर्द करने का प्रयास कर सकता है।

अत: इस आम सूचना के जरिए मैं सर्वसाधारण को सूचित एवं आगाह करना चाहता हूँ कि उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए उक्त वर्णित संपत्तियों अथवा उसके किसी भाग का हस्तांतरण अगर मेरे पक्षकार की सहमति के बिना किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्थान साझेदारी आदि के द्वारा किया जाता है, तो वह पूर्णत: अवैध एवं शून्य प्रभाव रखेगा। अत: उक्त संपत्तियों में किसी भी प्रकार का विक्रय हस्तांतरण मेरे पक्षकार की सहमति के बिना वैधानिक नहीं माना जाएगा और न ही किसी के द्वारा किया जा सकता है। यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्थान, साझेदारी आदि उक्त संपत्तियों या संपत्तियों के भाग का हस्तांतरण या संव्यवहार करता है या करने का प्रयास करता है तो उस व्यक्ति पर विधि अनुसार उपयुक्त कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा की जावेगी, जिसके लिए वह व्यक्ति, फर्म, संस्थान, साझेदारी आदि स्वयं जिम्मेदार होंगें।


स्थान: जबलपुर
दिनांक: 14/07/2025

भवदीय
वरदा निगम (अधिवक्ता)
2245/1, राईट टाउन, जबलपुर म.प्र.
मो. 9425188568, 9340888621

## चिंतन

# सोशल मीडिया पर नफरती बोल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं

राजनीति के बाद अब सोशल मीडिया पर नफरती बोल सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक नसीहत दी है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब कुछ भी बोलना नहीं है। नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी नहीं समझा जा सकता है। सभी नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंदू देवी-देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सोशल मीडिया पोस्ट में सांप्रदायिक टिप्पणी करना भी गलत है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि, 'वैसे तो कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे, लेकिन उल्लंघन की स्थिति में सरकार कदम उठा सकती है, सोशल मीडिया पर इन सभी विभाजनकारी प्रवृतियों पर रोक लगानी होगी।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि 'सरकार के एक्शन का मतलब सेंसरशिप नहीं है'। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। लोगों को हेट स्पीच कंटेंट को लाइक, शेयर नहीं करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है जब सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच पर कड़ा निर्देश दिया है। वर्ष 2022 और 2023 में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार, नेताओं और मीडिया को सख्त हिदायत दी थी कि हेट स्पीच कतई स्वीकार्य नहीं है। हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक ताना-बाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से भरे टॉक शो और रिपोर्ट टेलीकास्ट करने पर टीवी चैनलों को जमकर फटकार लगाई थी। केंद्र सरकार 5 साल के लंबे परामर्श के बाद सोशल मीडिया पर नफरत भरे कंटेंट रोकने के लिए एंटी हेटस्पीच कानून बनाने की तैयारी पिछले तीन साल से कर रही है, लेकिन अभी तक ऐसे कानून का ड्राफ्ट तक नहीं आया है। इस कानून से हेट स्पीच की परिभाषा स्पष्ट होगी, ताकि लोगों को भी यह पता रहे कि जो बात वे बोल या लिख रहे हैं, वह कानून के दायरे में आती है या नहीं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) के वर्ष 2023 के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत में बड़ी संख्या में सांसदों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। करीब 107 सांसदों और विधायकों के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। ऐसे निष्कर्ष सत्ता के पदों पर बैठे लोगों के बीच नैतिक आचरण की आवश्यकता को उजागर करते हैं। विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। हेट स्पीच के दोषियों के खिलाफ देश में पहले से ही कई कानून मौजूद हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 व नागरिक अधिकारों का संरक्षण अधिनियम, 1955 भी हैं। आज एआई के दौर में बहुत जरूरी है कि लोग सोच समझ कर बोलें, अपनी बातों से घृणा न फैलाएं। सोशल मीडिया नफरत फैलाने का मंच नहीं है।



विश्लेषण
राव इन्द्रजीत सिंह

# मानव संसाधन में निवेश की क्रांति

> मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधन : अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है।

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, प्रगति का सही मापदंड सिर्फ़ जीडीपी के आंकड़ों या बुनियादी ढांचे की उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि इस बात में है कि कोई राष्ट्र अपने लोगों का कितने अच्छे तरीके से पोषण करता है। मानव पूंजी अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता सिर्फ़ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधनः अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है।

एक ऐसे देश में जहां 65% से ज़्यादा आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, जनसांख्यिकी लाभांश एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर है। इस युवा आबादी का विशाल आकार बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी लेकर आता है। चुनौती युवा ऊर्जा को आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय विकास के लिए एक कारक में बदलने की है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति के लिए बल्कि कल की समृद्धि के लिए भी एक रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी इंजन और क्रियान्वयन भागीदार के रूप में उभरा है, जो डेटा, सहयोग और मानव-केंद्रित डिजाइन से समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति निर्माण को शीर्ष-स्तरीय अभ्यास से राज्यों, निजी भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और नागरिक समाज के साथ सह-निर्माण की एक गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत सिर्फ योजना बनाने में नहीं है, बल्कि सुनने में है और उन अंतर्दृष्टि को कार्रवाई में बदलने में है। शिक्षा, जो मानव पूंजी का आधार है, इसके मार्गदर्शन में पूरी तरह से पुनः कल्पना की साक्षी रही है। यह मानते हुए कि केवल अधिगम ही पर्याप्त नहीं है, नीति आयोग ने गुणवत्ता और समानता पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहां इसने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने एक नए युग की शुरुआत की, रटने की शिक्षा से आलोचनात्मक सोच, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण की ओर बदलाव। इसने प्रारंभिक बाल्य शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षा और विषयों के बीच निर्बाध पारगमन पर जोर दिया। अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से, इसने जवाबदेही और कल्पनाशक्ति अर्थात दोनों को सुनिश्चित किया। 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को शामिल किया जो अब पूरे देश भर में फैले हुए हैं। 21वीं सदी के लिए भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना इसके मिशन की एक और आधारशिला रही है। कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के केंद्र तक व्यावसायिक कार्यक्रमों को पहुंचाने तक, नीति आयोग ने क्लास रूम और आजीविका के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रौद्योगिकी, उद्योग संबंधों और मांग-संचालित पाठ्यक्रम को मिलाकर तैयार की गई पहलों के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यह केवल प्रशिक्षण के प्रयोजन से नहीं था बल्कि इसने क्षेत्रीय जरूरतों और डिज़ाइन किए गए कार्यक्रमों का मानचित्रण किया जिसने




भारत के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए समान रूप से वास्तविक आर्थिक अवसर खोले हैं। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार सरलीकृत संहिताओं - मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और व्यावसायिक सुरक्षा को तर्कसंगत बनाने का समर्थन किया। इन सुधारों ने श्रमिकों की सुरक्षा के साथ नियोक्ता अनुकूलन को संतुलित किया। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके, कार्यस्थल न केवल अधिक उत्पादक बल्कि अधिक मानवीय भी बन गया। स्वास्थ्य सेवा, जिसे प्रायः लागत के रूप में देखा जाता है, को पुनः निवेश के रूप में तैयार किया गया। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निगरानी की गई प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने जमीनी स्तर पर प्राथमिक देखभाल की। इन कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ और बाल स्वास्थ्य, मानसिक चिकित्सा और गैर-संचारी रोगों को न केवल उपचार करने के लिए, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखने के लिए लक्षित किया। नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए एक प्रकाश स्तंभ साबित हुआ है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल नवाचार मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए एक उर्वर ईकोसिस्टम का निर्माण किया। आज हजारों स्टार्ट-अप्स फिनटेक, एजटेक, एग्रीटेक, हेल्थ-टेक और स्वच्छ ऊर्जा में सफल हो रहे हैं क्योंकि उन्हें नीतिगत समर्थन, इंक्यूबेशन और महत्वपूर्ण चरणों पर मार्गदर्शन मिला। ये केवल व्यवसाय नहीं हैं; ये नौकरी पैदा करने वाले और समस्याओं को हल करने वाले हैं, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इस बात में निहित है कि इसने साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की परम्परा को संस्थागत बनाया है। बड़े डेटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रियल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढांचे का लाभ उठाकर, इसने सुनिश्चित किया कि नीतियां अनुकूलित, जवाबदेह और वास्तविकता के अनुसार हों। चाहे यह भारत का पहला एसडीजी इंडेक्स लॉन्च करना हो, राज्यों के प्रदर्शन मैट्रिक्स पर मार्गदर्शन करना हो, या नीतिगत डिजाइन के लिए व्यवहार संबंधी अंतर्दृष्टियों का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने शासन के केंद्र में वैज्ञानिक सोच स्थापित करने का काम किया है। मंत्रालयों और क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक सलाहकार निकाय से कहीं अधिक बना दिया है। न केवल लक्ष्य प्राप्त करने से कहीं अधिक, नीति आयोग ने ऐसी प्रणालियां बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार हों।

सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता हर पहल में स्पष्ट है - स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में लैंगिक समानता तक। ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं है। यह कार्य प्रगति पर है, जो लोगों को देश की सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में देखने वाली नीतियों द्वारा प्रेरित है। नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्ट्रियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। यह एक युवा, महत्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है, एक ऐसा भारत जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कार्य को सम्पूर्ण करता है। यह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप न केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था बनाते हैं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र भी बनाते हैं।

(लेखक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## डिजिटेक

सुनील कुमार महला




# अब बुलेट इंटरनेट से स्पीड क्रांति की तैयारी में जापान

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीपसमूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती हैं तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स (पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है। जापान की लेटेस्ट इंटरनेट नेटवर्क की स्पीड 1.02 पेटाबाइट पर सेकंड है। यह इंटरनेट स्पीड इतनी फास्ट है कि इसका इस्तेमाल करके कुछ ही सेकंड्स में फिल्म ही नहीं, बल्कि पूरी लाइब्रेरी तक डाउनलोड की जा सकती है। वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है। आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार इन स्पेशल केबल का इस्तेमाल कर शोधकर्ताओं की टीम ने बिना किसी स्पीड लॉस के 1800 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तक भारी मात्रा में डेटा भेजने में सक्षम रही है। उन्होंने ट्रांसमीटर, रिसीवर और लूपिंग सर्किट के सेटअप का उपयोग किया जिससे डेटा फुल पॉवर से फ्लो रखने में मदद मिली। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अर्थ है कि एक सेकंड में 10,000 से अधिक 4K फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं। मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। जैसे-जैसे एआई, 8K स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। बता दें कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। इस डिजिटल युग में, इंटरनेट लगभग सभी के लिए एक बुनियादी ज़रूरत बन गया है। उत्पादकता बढ़ाने के अलावा, हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार विकास को भी बढ़ावा देते हैं। हमें जरूरत इस बात की है कि हम वैश्विक सहयोग को मजबूत करें, ताकि हम भी जापान जैसी तकनीकी क्रांति का हिस्सा बन सकें और अपने देश को लगातार ऊंचाइयों व उन्नयन की ओर अग्रसर कर सकें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है?




संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

*-श्री श्री रविशंकर*

## संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश जरूर करें



संकलित
प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं। ऐसी मान्यता है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्रोध में की गई नासमझी महंगी पड़ती है

हम अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं तो बड़ी बात है। उसे ही शिक्षित कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेगों को नहीं रोक पाना नासमझी है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है। आत्मसंयम के अभाव में हजारों लोगों का जीवन नष्ट हो जाता है। उनकी अनेक उपलब्धियां इसलिए व्यर्थ हो गई कि उनमें अपने आपको वश में रखने की क्षमता नहीं थी।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### सुरक्षा के कदम



सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए रेलवे का बड़ा कदम। देशभर के 74000 कोच और 15000 इंजनों में हाई-टेक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। यह पहल अपराध पर निगरानी, महिला सुरक्षा के लिए कारगर सिद्ध होगी।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री**

### भारत का समर्थन




बीजिंग पहुँचने पर उपराष्ट्रपति हान झेंग से मिलकर मुझे खुशी हुई। चीन की एससीओ अध्यक्षता के लिए भारत का समर्थन व्यक्त किया। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर ध्यान दिया। विश्वास व्यक्त किया कि चर्चाएँ इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेंगी।
**-एस जयशंकर, विदेश मंत्री**

### किसानों की खुशहाली



प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए जो कदम बढ़ाए गए हैं, वह अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय हैं। आज उसी का परिणाम है कि डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ उत्तर प्रदेश ले रहा है।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**


### कांवड़ यात्रा की आस्था



कांवड़ यात्रा आस्था का वह पावन संगम है, जो दिल्ली की सड़कों को तीर्थ बना देता है। यह परंपरा हमारे जीवंत सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक है। इस यात्रा को सहज, सुलभ, सम्मानजनक और भव्य बनाने का अवसर हमें प्राप्त हो रहा है। यह हमारी संस्कृति की सेवा है और सेवा ही हमारा पुण्य है।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

# ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास



ऑस्ट्रेलिया में अब तक का सबसे बड़ा युद्ध अभ्यास 'टैलिसमैन सेबर' शुरू हो चुका है। इस सैन्य अभ्यास के दौरान चीनी जासूसी जहाजों द्वारा निगरानी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यास की शुरुआत 2005 में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक द्विवार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के रूप में हुई थी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग ने रविवार को बताया कि इस वर्ष यह अभ्यास पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा, जिसमें 19 देशों के 35,000 से अधिक सैन्यकर्मी भाग ले रहे हैं और यह अभ्यास तीन सप्ताह तक चलेगा। इन देशों में कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपीन, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, टोंगा और ब्रिटेन शामिल हैं। मलेशिया और वियतनाम भी इस अभ्यास में पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास ऑस्ट्रेलिया के निकटतम पड़ोसी देश पापुआ न्यू गिनी में भी आयोजित किया जाएगा। और यह पहली बार है जब 'टैलिसमैन सेबर' का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के बाहर होगा। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कॉनरॉय ने कहा कि पिछले चार 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यासों के दौरान चीनी निगरानी जहाजों ने ऑस्ट्रेलियाई तट के पास नौसैनिक अभ्यासों पर नजर रखी है।

## ऑफ बीट

# शराब से दूरी : केवल एक दिन के परहेज़ से भी होता है फायदा



शराब का हमारे स्वास्थ्य पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इनमें से कुछ दुष्प्रभाव तो हैरान कर देने वाले भी हो सकते हैं। इनमें सिरदर्द, चिंता जैसे तात्कालिक प्रभावों से लेकर कैंसर जैसी गंभीर दीर्घकालिक बीमारियां शामिल हैं। शरीर से शराब को पूरी तरह बाहर निकलने में लगभग 24 घंटे लगते हैं। इसके बाद से ही आपको कुछ सुधार महसूस होता है। शराब पीने से बार-बार पेशाब आता है और शरीर में पानी की कमी हो जाती है। लेकिन एक गिलास पानी तुरंत असर करता है, जिससे पाचन, मस्तिष्क कार्य और ऊर्जा स्तर बेहतर होने लगता है। शराब के कारण यकृत रक्त शर्करा को नियंत्रित नहीं कर पाता। जैसे ही शराब शरीर से बाहर निकलती है, ब्लड शुगर सामान्य होने लगता है। रोज शराब पीने वालों को शुरुआत में पसीना आना, मूड में बदलाव, नींद में गड़बड़ी या कंपकंपी जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो आमतौर पर एक सप्ताह में ठीक हो जाती हैं। शराब भले ही शुरुआत में नींद लाती है, लेकिन यह नींद को धीरे धीरे खत्म कर देती है। एक हफ्ते के अंदर आप सुबह ज्यादा तरोताजा महसूस कर सकते हैं। यकृत शराब को डिटॉक्स करने वाला मुख्य अंग है जो हल्की क्षति को जल्दी ठीक कर सकता है। शराब पीना बंद करने से केवल सात दिनों में यकृत की चर्बी कम हो सकती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दुबई में यामाहि ने प्रदेश को निवेश के लिए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया

# मप्र में औद्योगिक पार्क, फार्मास्यूटिकल्स-पर्यटन में निवेश के उत्कृष्ट अवसर, सीएम डॉ. यादव ने अरब संसद के अध्यक्ष यामाहि को दिया मध्यप्रदेश आने का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि को बताया कि मध्यप्रदेश भारत का हृदय है, इसकी जनसंख्या 8 करोड़ से अधिक है। मध्यप्रदेश अपने समृद्ध वन क्षेत्र के लिए जाना जाता है। यह वन क्षेत्र वन्यजीवों का आदर्श घर भी है। हमें गर्व है कि मध्यप्रदेश 'विश्व की टाइगर राजधानी' है और राज्य बाघों के संरक्षण में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमने टाइगर रिजर्व की संख्या में वृद्धि भी की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को दुबई में अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मप्र की उद्योग हितैषी, सरल एवं सुगम नीतियों और निवेश को प्रोत्साहन देने वाली सुविधाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने अल यामाहि को प्रदेश में आयोजित होने वाली एनर्जी समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया। संयुक्त अरब अमीरात के साथ बढ़ते रणनीतिक संबंधों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अरब के 22 खाड़ी देशों की लोकतांत्रिक संस्था का नेतृत्व करना बड़ी उपलब्धि है। नए अध्यक्ष के नेतृत्व में यह संस्था निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को छुएगी।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री की अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से मुलाकात
- द्विपक्षीय साझेदारियों में मप्र के महत्वपूर्ण भागीदार बनने की जताई आशा



### ऊर्जा, खनिज, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में सहयोग की मंशा दोहराई-

मुख्यमंत्री ने अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने ऊर्जा, खनिज, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण और हरित निवेश के क्षेत्र में सहयोग की मंशा दोहराई। मुख्यमंत्री ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों की सराहना करते हुए आशा जताई कि प्रदेश इन द्विपक्षीय साझेदारियों में सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदार बनेगा। मुख्यमंत्री ने अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अल यामाहि का अभिनंदन किया और हाल ही में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी।

### यामाहि ने मुख्यमंत्री को उम्म-ए-अली दिया आत्मीय संबोधन

यामाहि ने यूएई में बसे प्रवासी भारतीयों की ओर से देश के निर्माण में सहयोग के बारे में चर्चा की और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया। इस विशेष मुलाकात के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को आत्मीयता से उम्म-ए-अली कहकर संबोधित किया। मुख्यमंत्री आत्मीय संबोधन से अभिभूत हुए। उन्होंने डॉ. यादव और उनके परिवार को व्यक्तिगत रूप से अपने घर आमंत्रित भी किया। उन्होंने दोनों देशों के लोगों और उत्पादों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सहमति दी, जिससे मध्यप्रदेश और यूएई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को नई दिशा मिलेगी।

### हर संभव सहयोग के लिए तैयारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र को 'मोस्ट वेलकमिंग स्टेट' के रूप में जाना जाता है, जो हमारे आतिथ्य सत्कार को दर्शाता है। हमारे राज्य में खजुराहो, सांची और भीमबैठका जैसे तीन यूनेस्को विश्व विरासत स्थल हैं। ये हमारी समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों की हृदय से सराहना करते हैं। हमारी यह आकांक्षा है कि मप्र इन द्विपक्षीय साझेदारियों में एक सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदार बने। हम हर संभव सहयोग के लिए तत्पर हैं।

### खनिज संसाधनों की खान है मध्यप्रदेश

*मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात ने अभूतपूर्व प्रगति की है। हम आपके अनुभवों से सीखने और इन क्षेत्रों में संयुक्त पायलट प्रोजेक्ट्स में सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं। मप्र में सौर, पवन और जल ऊर्जा जैसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में बड़ी क्षमता है। प्रदेश को भारत का अन्न भंडार भी कहा जाता है। हम सोयाबीन, गेहूं और बाजरा सहित कई फसलों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। यहां खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में विशाल अवसर मौजूद हैं। हमारे पास प्रचुर मात्रा में खनिज संसाधन उपलब्ध हैं, जो विभिन्न उद्योगों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।*

### आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों का यज्ञ चल रहा है, जिसमें बड़े पैमाने पर निवेशकों से समर्थन मिल रहा है। प्रदेश सरकार आकर्षक औद्योगिक और निवेश नीतियों के माध्यम से निवेश आकर्षित करने का निरंतर प्रयास कर रही है। पिछले एक वर्ष में प्रदेश के संभागों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में रोड-शो आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को नई दिल्ली से दुबई रवाना होने से पहले अपने संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि फरवरी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ था। निवेश आकर्षित करने का यह सिलसिला लगातार जारी है। हाल ही में सूरत, लुधियाना और जोधपुर में भी सफल रोड-शो का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से 13 से 19 जुलाई के बीच दुबई और स्पेन की यात्रा की जा रही है।

#### प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने का उद्देश्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की समृद्धि बढ़ाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के पहले वे प्रदेशवासियों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि मप्र सरकार सभी वर्गों महिला, युवा, किसान और गरीब के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसी प्रकार से काम करती रहेगी।

#### मप्र के आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दुबई और स्पेन की यात्रा के माध्यम से विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश संभावनाओं और आकर्षक निवेश नीतियों से अवगत कराया जाएगा। इस यात्रा के दौरान दुबई और स्पेन के निवेशकों के बीच राज्य की औद्योगिक निवेश के संबंध में ब्रांडिंग की जाएगी, जिससे मध्यप्रदेश विदेशी निवेश में शीर्ष राज्य बने। प्रदेश में सभी प्रकार के उद्योग, भारी उद्योग, मध्यम, लघु और सूक्ष्म उद्यम, आईटी सहित पर्यटन, वन, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। साथ ही प्रदेश के विभिन्न अंचलों जैसे चंबल, महाकौशल, विंध्य, मालवा और बुंदेलखंड अंचल की विशेषताओं के आधार पर अनुकूल प्लानिंग के साथ विदेशी सरकारों के सौजन्य से विदेशी निवेशकों से चर्चा की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने बीएपीएस हिन्दू मंदिर में किए दर्शन




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को दुबई प्रवास के दौरान बीएपीएस हिन्दू मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के प्रमुख महंत पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और मंदिर की विशेषताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम भी उपस्थित रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी 2024 को बीएपीएस हिन्दू मंदिर का उद्घाटन किया था। बीएपीएस हिंदू मंदिर मिडिल ईस्ट का पहला पारंपरिक हिंदू मंदिर है। यह भारत और यूएई के बीच मित्रता का प्रमाण है, जो सांस्कृतिक समावेशिता, अंतर-धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक सहयोग की भावना को दर्शाता है। यह मंदिर अबू मुरेइखा क्षेत्र में 27 एकड़ भूमि पर स्थित है और पारंपरिक भारतीय वास्तुकला के अनुसार बिना लोहे या स्टील के निर्मित किया गया है। इसमें भारत और अन्य देशों से लाए गए पत्थरों और संगमरमर का उपयोग किया गया है। इस भव्य मंदिर की दीवारों पर वैदिक कथाओं, भारतीय देवी-देवताओं और वनस्पति-जीवों की अत्यंत सूक्ष्म और आकर्षक नक्काशी की गई है। जो हिन्दू धर्म के शांति, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को दर्शाती है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की दुबई में भारत के कॉन्सुल जनरल से मुलाकात



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दुबई प्रवास के दौरान रविवार को दुबई स्थित भारत सरकार के कॉन्सुल जनरल सतीश कुमार सिवन ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री की यह विदेश यात्रा प्रदेश को वैश्विक मंच पर एक निवेश-अनुकूल और उभरते हुए औद्योगिक केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है। सिवन ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ निवेशकों के साथ बैठक में भी भाग लिया।

### जिला अस्पताल चौकी पुलिस कर रही मामले की जांच

## दादी के साथ सो रही मासूम बच्ची को सांप ने डंसा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



हरदी बाजार थाना अंतर्गत भाटिकुड़ा निवासी 11 वर्षीय रीना कुमारी यादव की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, रीना अपने दादी के साथ सो रही थी अचानक से चिल्ला कर उठा और रोने लगी उसे लगा कि कोई बरसाती कीड़ा ने काटा होगा तुरंत कमरे की लाईट चालू कर बिस्तर को देखा तो करैत सांप बिस्तर के अंदर था। परिजन उसे पकड़ कर मारने ही वाले थे कि अचानक सांप भाग गया और एक मिट्टी की दीवार में घुस गया। जिसके थोड़ी देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रीना कक्षा 5वीं की छात्रा थी और उसके पिता का नाम कम्हन यादव है। मासूम के पिता ने कम्हन यादव ने बताया कि उसकी बेटी पढाई लिखाई में होशियार थी। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज का परिजनों का बयान दर्ज किया है और आगे जांच करवाई करने की बात कही है।

वहीं इस मामले में स्नैक कैचर अविनाश यादव ने बताया कि अक्सर ग्रामीण इलाके में सांप के डंसने के बाद सांप को पकड़ने और पीड़ित को अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़फूंक कराते हैं, जिसके कारण मौत हो जाती है। ऐसी घटना अक्सर सामने आती रहती है इसे लेकर जनजागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है और लोगों को समझाया जा रहा है कि झाड़फूंक के चक्कर में न रहें, सीधा अस्पताल लेकर आए और इलाज कर में ताकि समय रहते जान बचाई जा सके।

### लैलूंगा वन परिक्षेत्र के आमापाली बीट की घटना

## हाथी का हमला, ग्रामीण घायल अस्पताल में चल रहा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में बीती रात हाथी ने एक ग्रामीण पर हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। घायल को पहले सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, लैलूंगा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमापाली बीट में बीती रात हाथी ने एक ग्रामीण आनंद उरांव 50 साल पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि ग्रामीण का अचानक हाथी से सामना हो गया था, किसी तरह जान बचाकर ग्रामीण पास के घर में पहुंचा, जहां संजीवनी 108 की टीम को घटना से अवगत कराते बुलाया गया, जिसके बाद घायल को घरघोड़ा सिविल अस्पताल ले जाया गया। पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट को देखते हुए मौके पर मौजूद चिकित्सक ने तत्काल घायल ग्रामीण को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया।

### कलेक्टर ने दिए थे जांच के निर्देश, भ्रष्टाचार का मामला

## फॉल्स सीलिंग मामले में दो इंजीनियर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



हाल ही में लोकार्पित किए गए देवी अहिल्याबाई होलकर कन्वेंशन भवन की सीलिंग भरभराकर गिर गई है, जिससे लगभग 17 करोड़ की लागत से निर्मित इस भवन की गुणवत्ता और निर्माण कार्य में हुए कथित भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

यह घटना लोकार्पण के मात्र एक महीने के भीतर हुई है। इस मामले में कलेक्टर अजीत वसन्त ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल ने कोरबा में निर्मित 'पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर' कन्वेंशनल हॉल में फॉल्स सीलिंग गिरने के मामले में दो अभियंताओं को निलंबित कर दिया है। इस मामले में मण्डल के अपर आयुक्त ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसमें यह पाया गया कि भवन का निर्माण 23 अप्रैल 2024 को पूर्ण किया गया था और 8 जुलाई 2025 को अल्प समय में फाल्स सीलिंग का गिरना गंभीर तकनीकी खामी एवं गुणवत्ता में कमी को प्रमाणित करता है। इस मामले में सहायक अभियंता कांशी प्रकाश पैकरा और कार्यपालन अभियंता आर के दंदेलिया को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल मुख्यालय, संभाग- जगदलपुर निर्धारित किया गया है। डीएमएफ फंड से लगभग 17 करोड़ की लागत से बनाया गया है।

### अधिकारियों को समय सीमा में सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

### समिति प्रणाली की समीक्षा कर उसे सुदृढ़ बनाने पर होगा मंथन

## पीठासीन अधिकारियों की बैठक की तैयारियों का विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की विधानसभाओं में गठित होने वाली समितियों की प्रणाली की समीक्षा के लिए विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की एक समिति गठित की गई थी।

यह समिति राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले पीठासीन सम्मेलन में गठित की गई थी। इस समिति की प्रथम बैठक सोमवार मप्र विधानसभा सचिवालय भवन में सुबह 10.30 बजे से होगी। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में सभी आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### बैठक के मिनट्स लोकसभा में प्रस्तुत किए जाएंगे



गौरतलब है कि विधानसभा की समितियों की प्रणाली की समीक्षा के लिए यह पहली बैठक आयोजित की जा रही है। इसी को आधार बनाकर नई व्यवस्था देशभर के राज्यों में लागू करने के लिए बैठक के मिनट्स लोकसभा में प्रस्तुत किए जाएंगे। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि बैठक में मप्र के साथ ही उप्र, राजस्थान, हिमाचल, सिक्किम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष भाग लेंगे। बैठक में विधान मंडलों में समिति प्रणाली की समीक्षा की जाएगी एवं उन्हें सुदृढ़ बाने पर विचार मंथन होगा। इस मौके पर सचिव अरविन्द शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### राज्यपाल पटेल से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने की सौजन्य भेंट



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल का तोमर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

### मद्देड़ थाना क्षेत्र की घटना, घायलों का उपचार जारी

## आईईडी ब्लास्ट में चार ग्रामीण घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

नक्सलियों की नापाक करतूत एक बार फिर सामने आई है। मद्देड़ इलाके में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की जद में आने से चार ग्रामीण घायल हो गए है। उन्हें इलाज के लिए बीजापुर लाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मद्देड़ थाना क्षेत्र के ग्राम धनगोल व बंदेपारा के जंगलों में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की जद में आकर चार ग्रामीण घायल हो गए है। घायलों को बीजापुर लाया गया है।

## मदनमहल शारदा मंदिर में लगा श्रावण सोमवार का मेला

# शिवालयों में गूंजा ॐ नमः शिवाय

जबलपुर।

श्रावण महीनें की शुरुआत पार्थिव शिव पूजन शुक्रवार के साथ हुई। यह एक अद्भुत संयोग रहा। शिवालयों में बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, के मंत्रोच्चार के बीच पूजन, अर्चन अभिषेक हुए। श्रावण मास के पहले पावन सोमवार पर कल सुबह से ही वातावरण धार्मिक हो चला था। नगर के शिवालयों में जहां भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रही, वहीं मदनमहल की पहाड़ियों पर स्थित मां शारदा रानी के दरबार में श्रावण मास का मेला लगा। लाल ध्वज लेकर भक्तों की टोली बाजेगाजे के साथ पहुंचती रही। श्रावण की झमाझम बरसात के बीच श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव



के साथ शिवालयों में ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव का जप करते रहे, वहीं मदन महल की पहाड़ी में मां के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। सुबह से ही भगवान शिव का रूद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक, शिव चालीसा, शिवार्चन आदि अनुष्ठान प्रारंभ हो गये। अनुष्ठान के बाद नर्मदा दर्शन और पूजन के लिये भी नर्मदा तटों पर भीड़भाड़ रही। श्री गुप्तेश्वर महापीठ विजय नगर कचनार सिटी स्थित भगवान भोलेनाथ के भव्य मंदिर के अलावा श्री नर्मदेश्वर मंदिर, साकेतधाम, बड़े महावीर शिवालय सहित अनेक शिव पार्वती मंदिरों में धूमधाम से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। ऐसी मान्यता है कि प्रकृति में जल की कमी होने पर श्रावण मास में भोलेनाथ का शिवलिंग सम्पूर्ण जल या दूध में रखने पर अच्छी बारिश होती है। वैसे भी बारिश के लिये श्रावण मास में शिवपूजा का विशेष महत्व माना जाता है।



## गौरीघाट से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक निकली कावड़ यात्रा

मां नर्मदा रामायण मंडल परिवार कैलाशपुरी गुप्तेश्वर के तत्वावधान में एक दिवसीय पवित्र कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह धार्मिक यात्रा गौरीघाट से शुरू होकर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक नर्मदा जल लेकर निकाली गई। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल हुए। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुँचकर सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की और सुख-शांति की कामना की। मंडल के संयोजकों ने बताया कि कैलाशपुरी शिव मंदिर दादा के मंदिर से जाना जाता है जो कैलाशपुरी में भागवत प्रसाद झारिया दादा के नाम से है। यह कावड़ यात्रा हर वर्ष सावन माह में आयोजित की जाती है।

## खेरमाई भक्त परिवार की झंडा यात्रा निकली



सावन मास के प्रथम सोमवार में मां शारदा माता के लिए मां बड़ी खेरमाई मंदिर से झंडा यात्रा निकली गई, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए हनुमानताल मिलौनीगंज, बड़ा फुहारा, लार्डगंज से होते हुए मदन महल पहाड़ी में विराजी मां शारदा माता को अर्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा के विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया ,जय घनघोरिया, मुन्नू पांडा, धर्मेंद्र पटारिया, ऋतिक रजक, जतन सप्रे, सिद्धार्थ पटारिया, खेरमाई भक्त परिवार के सभी सदस्य एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे। ऋतिक रजक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत की द्विवर्षीय चुनाव प्रक्रिया शुरु, 18 तक भरे जाएंगें नामांकन प्रपत्र

जबलपुर।

श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत, जबलपुर की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार पंच पद, नारी मंडल व नवयुवक मंडल के लिए द्विवर्षीय चुनाव की प्रक्रिया सोमवार से प्रारंभ हो गई है। चुनाव कार्यक्रम के अंतर्गत 14 से 18 जुलाई 2025 तक नामांकन फार्म लेने व जमा करने आदि चरणों हेतु अधिसूचना पिछले हफ्ते ही जारी की गई थी। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. अरूण सरावगी के समग्र व्यवस्थापन में पंचपद चुनाव प्रक्रिया की निगरानी अतिरिक्त चुनाव अधिकारी इंजी. अरूण खर्द व सहा. चुनाव अधिकारी इंजी. कमलकान्त बहरे कर रहे हैं वहीं नारी मंडल के चुनावों की जिम्मेदारी डॉ. श्रीकृष्ण बिलैया, रविकांन्त बड़ौन्या तथा नवयुवक मंडल चुनाव का संयोजन इंजी. रामगोपाल ददरया, कृष्ण कुमार नौगरैया संभाल रहे है। गहोई समाज के निवृतमान अध्यक्ष श्यामबिहारी चौदहा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल नीखरा, बृज बिहारी नगरिया, सुनील कुरेले, विजय सरावगी, शंभूदयाल बड़ेरिया, विजय सुहाने, गोविंददास बरसैंया, एड. अशोक गुप्ता, कैलाश लहरिया, अशोक नौगरैया, डॉ कृष्ण कुमार हूंका, सुभाष चंन्द्र रावत, अजय रावत, रीतेश खरया, अभिषेक ब्रिचपुरिया, सचिन पहारिया, श्रीमती उर्मिला सिपौल्या, श्रीमती मेघा बड़ौन्या, राकेश सिजारिया, प्रभात कठल, संजय मोर, राजू बांगर, नवीन बड़ेरिया, आदि लोगों ने समाज के परिवारों से सहयोग करने एवं सफलता पूर्वक चुनाव पूर्ण कराने में उपस्थिति की अपील की है।

## माध्यमिक शाला में उपहार स्वरूप प्रदान की गई टाट पट्टी व कुर्सियां

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि साईं डीएड कॉलेज के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी कारियापाथर को आज शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन और समस्त स्टाफ की उपस्थिति में कुर्सी एवं टाट पट्टी उपहार स्वरूप दी गई। प्रतिवर्ष साईं डीएड कॉलेज के छात्र-छात्राएं टीचिंग के लिए माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में आते हैं और शाला के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा कॉलेज से डीएड और बीएड कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को पूर्ण सहयोग मिलने की वजह



से कॉलेज के प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा माध्यमिक शाला करियापाथर को कुर्सी और टाट पट्टी उपहार स्वरूप दी गयी। समस्त शालेय परिवार द्वारा साईं डीएड कॉलेज को आभार स्वरूप धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, मोनिका सोनी, रामशंकर श्रृंगी, पद्मा मालवीय, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, शबनम कुरेशी, अंजुलता सिंग, ममता श्रीवास्तव, सीमा तिवारी, वंदना विश्वकर्मा, रिक्ता हेमिल्टन, राधा सोनकर, फरजाना बानो, रश्मि गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## संत रविदास विचार मंच की सभा 20 को

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के सलाहकार मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 20 जुलाई को लाल कुंआ पोलीपाथर, गौरीघाट रोड स्थित संगठन मंत्री सिया चौधरी के निवास पर मंच की सभा आयोजित है। जिसमें संत रविदास की विचार धाराओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मंच के किरन अहिरवार, लीना चक्रवर्ती, द्रोपदीबाई चौधरी, सियाबाई चौधरी, चंदाबाई चौधरी, श्यामाबाई, रामकली चौधरी, दीपक चौधरी, कमल चौधरी, लखन खरे, मीना चौधरी आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

## नर्तकी व कीर्तन है विपरीतार्थी : पं. मनमोहन दुबे

जबलपुर।

"भगवत नाम संकीर्तन में भगवान का जो भक्तजन कीर्तन के साथ-साथ नृत्य करते हैं, उन्हें चौरासी लाख योनियों में भटकना नहीं पड़ता है, नर्तकी का विलोम है कीर्तन अतः भगवत प्रेमीजनों को संकीर्तन अवश्य करना चाहिए।" उक्ताशय के प्रेरक उद्गार संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे ने माँ बाला दुर्गा मंदिर में चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मण्डल के संयोजकत्व में आयोजित श्रावण मास संकीर्तन माला के चतुर्थ दिवस में व्यक्त किये। इस अवसर पं. शैलेंद्र तिवारी, पं.

## श्रावण मास के चतुर्थ दिवस मां बाला दुर्गा मंदिर में हुआ भव्य संकीर्तन



देवेंद्र त्रिपाठी, संयोजक देवेंद्र नेमा, पं. बालमुकुंद पौराणिक, पं. सत्येंद्र, सतीश, शिवम तिवारी, पं. प्रदीप दुबे, सत्यप्रकाश नामदेव, सुरेन्द्र गिरी, केएल दीक्षित, मनीषा राजपूत, वर्षा तिवारी, कांता भारद्वाज, विनीता शर्मा, उमा साहू, रमा पाटिल, सोनाली सुहाने, मीरा कोष्टा, सावित्री मालवीय, रूकमणी अग्रवाल, संध्या बर्मन, अमित विश्नोई, सुनील नामदेव, अवधेश खरे, डॉ. सुरेन्द्र नामदेव, सत्यनारायण दुबे, शिवम नामदेव, धीरज वंशकार आदि उपस्थित थे।

## आधारताल रेलवे पुल का नवनिर्माण कराया जाए

**जबलपुर।** मुस्लिम विकास परिषद ने डीआरएम पमरे जबलपुर को ज्ञापन सौंपकर टेलीग्राफ फैक्टरी से लगे हुए आधारताल रेलवे के 125 वर्ष पुराने जीर्ण-शीर्ण पुल को ध्वस्त कर नये पुल का निर्माण किए जाने की मांग की है। बताया गया कि टेलीग्राफ फैक्टरी आधारताल स्थित महाराजपुर करौंदा नाला व ऋषि नगर कालोनी में 125 वर्ष पूर्व निर्मित रेलवे की बड़ी लाइन का पुल अत्याधिक जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिस कारण कभी भी बड़ी रेल दुर्घटना की आशंका है। वर्षा के दिनों में पुल के नीचे पानी भरा होने के कारण रहवासी व औद्योगिक क्षेत्र रिछाई में काम करने वाले पुल के ऊपर से पटरियां पार कर जाते हैं, जिससे मानव व पशुओं की मौत होने का खतरा बना रहता है। अतः विषय को गंभीरता से लेते हुए उक्त जर्जर पुल को ध्वस्त कर नया रेल पुल जनहित में निर्मित किया जाए। ज्ञापन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी मुईन खान, टीकाराम कोष्टा, अशफाक आरिफ, इरफान कुरैशी, इस्लाम अली, जावेद राईन, महताब अली, शेख निजामी, फैजान कुरैशी, अहमद रजा, मुज्जफर कुरैशी, जावेद मिर्जा, गुलाम साबरी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, अशफाक कुरैशी, मामूर गुड्डू, हाशिम रजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## विधायक के प्रयासों से शिवाजी मैदान को धार्मिक आयोजन के लिए निःशुल्क कराया गया उपलब्ध

**जबलपुर।** विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा छावनी परिषद अंतर्गत शिवाजी मैदान को स्टेशन कमांडर से मिलकर धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निःशुल्क कराया गया। केंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा आज स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर दिनेश कुमार जांघू एवं सी.ई.ओ. अभिमन्यु सिंह के साथ भेंट कर पत्र के माध्यम से शिवाजी मैदान छावनी परिषद में होने वाले धार्मिक आयोजनों को निःशुल्क करने हेतु कहा गया, जिसको तत्काल प्रभाव से स्टेशन कमांडर द्वारा आगामी धार्मिक आयोजनों के लिए शिवाजी मैदान को निःशुल्क किया गया। अनेक संगठनों द्वारा विधायक रोहाणी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

**In The Court Of IV Civil Judge, Class-I District Court,Jabalpur**
**Presiding Officer: संध्या गर्ग**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000060/2025)
Process Id-/2025
पेशी दिनांक :- 21/08/2025

दिलीप करण..............................आवेदक
Vs
भारतीय स्टेट बैंक.....................अनावेदक

प्रेषिती-
(1)आम जनता पता- जिला जबलपुर मप्र।
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप करण पता ने मृतक स्व. श्रीमती रामकली बाई निवासी. एम. पी. ई. बी.कालोनी, रामपुर जबलपुर म.प्र. 482002 की भारतीय स्टेट बैंक खाता नं. 10526397562, 10526522346 दोनों खातों की राशि ब्याज सहित एवं बैंक ऑफ बडौदा खाता नं. 35388100000496 में जमा राशि ब्याज सहित दिलायी जावे । राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 21 August 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 21 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 08 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

मुद्रा
(सध्या गर्ग)
चतुर्थ न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जबलपुर (म.प्र.)

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



## कलेक्टर ने प्रकरणों की जवाबदारी से निराकरण करने के दिए निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सु मिशा सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे, समाधान भविष्यात्मक न रहें और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। शिकायतों के निराकरण की गति में तेजी लायें। कलेक्टर सक्सेना ने टीएल के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान विभागवार एक-एक प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रकरणों का निराकरण तत्परता से करें। बैठक में सीएम व सीएस मॉनिट के प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों के जवाबदावा के लिए इसी सप्ताह संबंधित अधिकारियों की बैठक करें। साथ ही शिविर आयोजित कर कोर्ट के आदेश पालन के संबंध में भी जानकारी दी जाये।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/39
दिनांक:- 11/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उमंग जैन पिता श्री चक्रेश जैन ने भवन क्र. 383 का भाग वार्ड जवाहरगंज भूतल 679 खाली भूखण्ड विक्रय पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 383 का भाग पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री मधुर गुप्ता/सत्यप्रकाश, सुषमा /ओमप्रकाश, आभा/अशोक, सीमा पिन नं. 1000391611/41401323 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 05**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/37
दिनांक:- 11/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तुलाराम चौकसे पिता स्व. श्री राम दयाल चौकसे ने भवन क्र. 300 वार्ड महात्मा गांधी क्षेत्रफल 435 वर्गफुट, भूतल 435 व्यावसायिक, प्रथम तल 435 आवासीय, द्वितीय तल 180 आवासीय हकत्याग माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 300 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री रामभरोसे तुलाराम पिता श्री रामदयाल पिन नं.41300403/ 1000367243 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 05**
**नगर निगम, जबलपुर**

## पहले सावन सोमवार को नगर के श्रद्धालुओं ने पवित्र अमरनाथ गुफा के किए दर्शन

जबलपुर।

ब्रह्मलीन महंत अमरपुरी महाराज सेवा मंडल (पंजी.) के तत्वावधान में, वर्ष 2004 से निरंतर आयोजित हो रही श्री अमरनाथ यात्रा के 21वें पवित्र जत्थे ने इस वर्ष भी श्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर जबलपुर का गौरव बढ़ाया। यह धार्मिक जत्था 8 जुलाई 2025, मंगलवार प्रातः 6:00 बजे जम्मूतवी मेल द्वारा जबलपुर से रवाना हुआ, जो 9 जुलाई को जम्मू, एवं 10 जुलाई को श्रीनगर स्थित आर्मी बेस कैंप में रात्रि विश्राम करते हुए, 11 जुलाई को प्रातः बालटाल बेस कैंप पहुँचा। जत्थे में कुल 125 श्रद्धालु (80 पुरुष एवं 45 महिलाएं) सम्मिलित थे। सभी श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा का पावन जल एवं त्रिशूल लेकर बालटाल मार्ग से लगभग 16 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा कर 11 जुलाई को सायं 4:00 बजे पवित्र गुफा में प्रवेश किया। जत्था में सुनील पटेल, आशीष चौबे, सुमित चौहान, सावित्री अहिरवार, नेहा दुबे, कमला पटेल, राजेश गुप्ता, बीएन प्रजापति (DSP), वीरेंद्र गुर्जर, श्वेता सोनी, चंद्रकला सोनी, सारिका गुप्ता, निशा पराशर, अनुज गोस्वामी, राहुल श्रीवास्तव सहित जबलपुर क्षेत्र के कुल 125 शिवभक्तों ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी

**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। शहर में जहॉ-जहॉ भी अतिक्रमण हुए हैं और यातायात बाधित हो रहा है इस बात को दृष्टिगत रखते हुए लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों एवं सभी दल प्रभारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गयी। इस संबंध में सहायक अतिक्रमण अधिकारी अखिलेश सिंह भदोरिया ने बताया कि गोल बाजार में आसपास, कछपुरा जोन ऑफ़िसि के सामने दीवार हटाई गई, एकता चौक से अहिंसा चौक, एस.बी.आई. चौक, दीनदयाल चौक होते हुए अधारताल, धनी की कुटिया, छोटी लाइन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई और सी.एम. हेल्पलाइन, जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निराकरण भी किया गया।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/41
दिनांक:- 11/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनुराग गुप्ता, श्री अभिषेक गुप्ता पिता श्री नर्मदा प्रसाद गुप्ता ने भवन क्र. 261 वार्ड कस्तूरबा गांधी वार्ड भूतल 150 व्यावसायिक+165 आ. प्रथमतल 315 आवासीय द्वितीय तल 315 आवासीय बटवारानामा माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 261 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री नर्मदा प्रसाद गुप्ता पिता श्री बाबूलाल गुप्ता भवन क्र. पिन नं. 41000461/1000609893 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 05**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/40
दिनांक:- 11/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री पंकज जैन पिता श्री पवन जैन (2) श्रीममि कल्पना जैन पति श्री पवन जैन ने भवन क्र. 383 का भाग वार्ड जवाहरगंज भूतल 650 खाली भूखण्ड विक्रय पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 383 का भाग पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री मधुर गुप्ता/सत्यप्रकाश, सुषमा /ओमप्रकाश, आभा/अशोक, सीमा पिन नं. 1000391611/41401323 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 05**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/38
दिनांक:- 11/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति ममता जैन पति श्री कमलेश जैन ने भवन क्र. 383 का भाग वार्ड जवाहरगंज क्षेत्रफल 360 वर्गफुट भूतल 630 खाली भूखण्ड विक्रय पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 383 का भाग पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री मधुर गुप्ता / सत्यप्रकाश, सुषमा / ओमप्रकाश, आभा/ अशोक, सीमा भवन क्र. पिन नं. 1000391611/41401323 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं. 05**
**नगर निगम, जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हरिशंकर पिता राजनारायण उम्र 50 वर्ष निवासी 25 नल के पास बम्हनी निरदापुर जबलपुर यह कि मेरी पुत्री के समस्त शासकीय अशासकीय दस्तावेजो में उसके आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम क्षमा तिवारी है जो कि सही नहीं है उसका वास्तविक नाम महक तिवारी जो कि समस्त शिक्षा संबंधी एवं अन्य दस्तावेज में दर्ज है अत: समस्त शिक्षा संबंधी शासकीय अशासकीय विभागीय एवं वित्तीय संस्थाओं में मेरी पुत्री का नाम (महक तिवारी) जो कि सही नाम है दर्ज किया जावे। उसे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

**गलत नाम- क्षमा तिवारी,**
**सही नाम- महक तिवारी**